(च) 2013-14 के दौरान आवश्यकता एवं किये गए परिचालन के अनुसार कोलनेट एप्लिकेशन का प्रयोग करके यूनिट कॉस्ट शीट, कारपोरेट कास्टशीट तथा संबंधित रिपोर्टों की तैयारी के लिए सुविधा का परीक्षण एवं बेहतर समायोजन पूरा कर लिया गया।

11. भूगर्भीय अनुसंधान तथा ड्रिलिंग:

11.1 अनुसंधान तथा ड्रिलिंग:

निम्नलिखित कोल ब्लॉकों में वर्ष 2013-14 के दौरान 39657.50 मी. ड्रिल किया जा चुका है:

क्र.सं.	ब्लॉक का नाम	एजेंसी	मिटरेज ड्रिल किया गया	टिप्पणी
1	कपुरिया	सीएमपीडीआइएल के माध्यम से एमईसीएल	10214.75	कार्य प्रगति पर है
2	सिंगरा	सीएमपीडीआइएल के माध्यम से एमईसीएल	19961.15	कार्य प्रगति पर है
3	वेस्ट महुदा	सीएमपीडीआइएल के माध्यम से एमईसीएल	9481.60	कार्य प्रगति पर है
		कुल	39657.50	

11.2 भूगर्भीय मूल्यांकन:

(क) बीसीसीएल नियंत्रित क्षेत्र के 27 पैचों का अध्ययन एचईएमएम (ओसीपैच) को किराये पर लेने के लिए किया गया जिसमें परिवर्तन प्रस्ताव शामिल है।

11.3 विभागीय ड्रिलिंग गतिविधियां:

क्रम सं.	ड्रिल का नाम	कार्य की प्रगति (मीटर में)		कार्य की प्रकृति	% वृद्धि / ह्रास	ड्रिलों की सं.	टिप्पणी
		2012-13	2013-14				
1	वोलम 160 एचटीआर	399.00	589.04	पानी निकालने के उद्देश्य से लोदना, धनसार कोलियरियों में ड्रिलिंग /रिमिंग	(+)47.62	02	पुरानी मशीनों का अक्सर खराब होना
2	बर्न साइड ड्रिलिंग मशीन	309.67	86.85	लोहापट्टी,बरारी में पानी निकालने तथा भौंरा (उत्तरी) भूमिगत कोलियरियों में फॉल्ट पता लगाने के लिए ननकोरिंग यूजी ड्रिलिंग	(-)66.8	03	कम आवश्यकता इसलिए प्रतिशत में कमी

कुल	102.75	भौंरा (उत्तरी) में फॉल्ट पता करने के लिए कोरिंग भूमिगत ड्रिलिंग	

12. अनुसंधान एवं विकास

12.1 वर्ष 2013-14 के दौरान बीसीसीएल के नियंत्रण वाले क्षेत्र में कोल इंडिया लि. के निम्नलिखित 12 (अनुसंधान एवं विकास) एस व टी परियोजनाओं/योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

बीसीसीएल के नियंत्रण वाले क्षेत्र के अंतर्गत एस व टी / आर व डी परियोजनाओं की स्थिति

(₹ लाख में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजन के आरंभ की तिथि	पूर्ण होने की नियत तिथि	कुल अनुमोदित लागत	स्थिति
1.	झरिया कोयला क्षेत्र में सीबीएम अन्वेषण के लिए स्वस्थाने स्ट्रेस का विश्लेषण। **परियोजना कोड**: सीआइएल/आर व डी/ 1/ 32/ 09 **कार्यान्वयन करने वाली एसजेंसीः** सीएमपीडीआइएल एवं आइएसएम, धनबाद।	मार्च, 2009	फरवरी.2013	168.597 सीएमपीडीआइ- 126.00 आइएसएम - 42.597	परियोजना पूरी हो गई है। 30 कूपों के घनत्व लॉग से झरिया कोलफील्ड के लिए उर्ध्व दबाव, वास्तविक दबाव, वास्तविक उर्ध्व दबाव तथा वास्तविक अनुप्रस्थ दबाव जैसे स्वस्थाने दबावके परिमाण का आकलन कर लिया गया है।
2	कोक बनाने वाले धमन भट्टी (बीएफ) के लिए निम्न श्रेणी एवं कम वाष्पशील उच्च श्रेणी के भारतीय कोकिंग कोल का प्रभावी उपयोग। **परियोजना कोड:** सीआइएल/ आर ऐंड डी/3/1/09 **कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी:** सीएमपीडीआइएल, रांची एवं आरडीसीआइएस(सेल), रांची।	सितम्बर, 2009	फरवरी.2013	265.00 सीएमपीडीआइ, 245.00 आरडीसीआइएस, 20.00	परियोजना पूरी कर ली गई। प्रयोगशाला के मापदंड के परिणामों के आधार पर प्राइम(PCC), मिडियम (MCC), आयातित कोकिंग कोयला और चयनित निम्न श्रेणी उच्च वाष्पशील कोयला तथा ब्लेंड में एल.पी. एच. आर. कोयला के साथ पायलट ओवन कार्बोनाइजेशन टेस्ट के लिए मुराइडीह ओसी (V,VI, VII कंम्बाइड सीम) तथा नार्थ उरीमारी (अरगड्डा सीम) से नमूनों का चयन किया गया। जांच परिणामों के विश्लेषण के आधार पर निम्नलिखित की अनुशंसा की गई है:- i. मुराइडीह और नार्थ उरीमारी के 10%, 15% और 17% राख स्तर वाले क्लीन कोयले के नमूनों में कोकिंग के अच्छे गुण हैं तथा इसका उपयोग कोक बनाने में किया जा सकता है। ii. गिदी-ए झांझरा और सोनपुर बाजारी के क्लीन कोयले में कोकिंग का गुण नहीं है। यह डस्ट इजेंक्शन एप्लिकेशन के लिए उपयुक्त है। iii. अरगड़ा सीम, नार्थ उरीमरी, साउथ करनपुरा कोल फील्ड से लिये गए 20% तक उच्च वाष्पशील निम्न श्रेणी के कोयले में राख की मात्रा लगभग .0% और 15% है। इसका उपयोग धमन भट्ठी में कोक बनानेके लिए किया जा सकता है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजन के आरंभ की तिथि	पूर्ण होने की नियत तिथि	कुल अनुमोदित लागत	स्थिति
					iv. 10% कम राख वाला मुराइडीह एवं नार्थ उरीमरी के कोयले को मिलाकर स्ष्टांप चार्जिंग प्रक्रिया के तहत प्रयोग करने पर बहुत अच्छे गुणवता वाला कोक तैयार होता है। v. 15% मुराइडीह कोयला के साथ 10 % नार्थ उरीमारी कोयला में राख की मात्रा 10% पर तैयार समिश्रण का प्रयोग स्टांप चार्जिंग पद्धति के जरिए करने से अच्छे गुणवत्ता वाला कोक प्राप्त किया जा सकता है। vi. यह भी पाया गया है कि 17% राख के स्तर वाला 10% तक उच्च वाष्पशील कोयला तथा 10% तक कम वाष्पशील कोयला का समिश्रण में प्रयोग करके कोक को इसकी गुणवत्ता कम किये वगैर प्राप्त किया जा सकता है।
3	कोयला खदानों के अंदर अंत: श्वसनीय वायु में मिली धूल में सिलिका (ए-क्वार्टज)की मात्रा के निर्धारण का अध्ययन और धूल तथा कोयले में मौजूद स्वतंत्र सिलिका एवं अन्य खनिजों के डाटा बैंक तैयार करना करना। **परियोजना कोड:** सीआइएल/आर व डी/1/39/10 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सीआइएमएफआर, धनबाद एवं एस ऐंड आर विभाग, सीआइएल, कोलकाता।	फरवरी. 2010	जनवरी.2015	336.02 सीआइएम एफआर 336.02 एस ऐंड आर (सीआइएल) – शून्य	विश्लेषण के लिए कोयले एवं निकटस्थ रॉक के नमूने एकत्र करने का काम जारी है। अबतक सीआइएम एफआर,धनबाद ने 417 कोयला सीमोंके नमूने तथा सीआइएल की 219 खदानों से 342 रॉक नमूने एकत्र करके विश्लेषण किया है। उपर्युक्तके आलावे, आजतक सीआइएमएफआर, धनबाद ने सीआइएल की विभिन्न अनुषंगियों से वायु में श्वसनीय धूल के 228 नमूने लेकर उनका विश्लेषण किया है। अल्फाक्वार्टज (ALPHAQUARTZ) डाटाबेस शॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। विश्लेषित डाटा को डाटाबैंक में प्रविष्ट किया जा रहा है। सीआइएल की अन्य खदानों से नमूने एकत्र करने का काम किया जा रहा है।
4	रेडियोमेट्रिक तकनीक का प्रयोग करके कोल ड्राइ परिष्करण प्रणाली का निदर्शन। **परियोजना कोड:** सीआइएल2आर व डी/2/05/10 **कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी:** सीएमपी डिवीजन, सीएमपीडीआइएल एवं आर्डी हाइ-टेक प्रा0लि0,विशाखापटनम ।	सितंबर, 2010	मार्च, 2015	2565.70 सीएमपी डीआइ 1814.40 आरडी हाई-टेक 751.30	कुछ उपकरण बीसीसीएल के मधुबन वाशरी में ले जाए जा रहे हैं। टर्न की आधार पर संयंत्र के डिजाइन एवं प्रतिष्ठान से संबंधी कुछ किया जाना है, जिसके लिए निविदा जारी कर दी गई। प्राप्त प्रस्ताव का मूल्यांकन किया गया है। निविदा समिति ने फिर से निविदा जारी करने की सिफारिश की क्योंकि निविदा अनुकूल नहीं पाये गए। तद्नुसार फिर से निविदा निकाली गई प्रस्ताव प्राप्त किये गए। तीन पार्टियों को इसके लिए योग्य पाया गया। तकनीकी भाग खोला गया। सभी पहलूओं पर विस्तार से विमर्श करने के बाद, निविदा समिति ने पाया कि सभी बिडरों के प्रस्ताव में निविदा से कुछ अंतर है। इसलिए बिडों को अनुकूल नहीं पाया गया। इसलिए निविदा समिति ने सभी निविदाओं को निरस्त करने की अनुशंसा की। विधिवत अनुमोदन के पश्चात फिर से निविदा निकाला गया। दो पार्टियों ने अपना

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजन के आरंभ की तिथि	पूर्ण होने की नियत तिथि	कुल अनुमोदित लागत	स्थिति
					प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। 15.5.2013 को दोनों बिडरों का भाग-1 खोला गया। भाग-I, भाग-II के मूल्यांकन के बाद 19.08.2013 को दोनों बिडरों के भाग-III को खोला गया। कार्य का आदेश-पत्र (LOA) निर्गत कर दिया गया है। करार की तैयारी की जा रही है।
5	'टायर रीट्रेडिंग कंपाउंड में सुधार करके तथा सड़क की अधिक रख-रखाव प्रणाली-भाग-।। के जरिए डम्प ट्रक टायरों के जीवन संवर्धन के लिए अनुसंधान **परियोजना कोड:** सीआइएल/आर व डी/1/45/10I **कार्यान्वयन एजेंसी:** आइआइटी खड़गपुर एवं बीसीसीएल, धनबाद।	मार्च, 2011	मार्च,2011	64.37	दोबारा ड्रील किये गए आठ डंप ट्रक के टायरों को बीसीसीएल के दो ओपेन कास्ट प्रोजेक्टों में फील्ड ट्रायल (दहीबाड़ी ओसीपी में चार टायर और न्यू केशलपुर ओसीपी ए के डब्ल्यू एम सी में चार) पूरा कर लिया गया है। डाटा के विश्लेषण करनेके बाद परियोजना संपूरण रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है।
6	गोडवाना घाटी में सीआइएल क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में स्लेटी पत्थर में गैस की संभावना। **परियोजना कोड-** सीआइएल/आर व डी/1/46/11 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सीबीएम(कोषांग), सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) रांची तथा एडवांस रीसोर्सेज इंटरनेशनल, वाशिंगटन-डीसी, यू एस ए।	अप्रैल, 2011	जुलाई,2014 मार्च, 2014 सितंबर, 2014	496.00 सीएमपी डीआइ के लिए 424.90 ए आर आई यूएसए के लिए 71.10	सीआइएल नियंत्रण वाले क्षेत्र के दामोदर नदी घाटी बेसीन में स्लेटी पत्थर के संस्तर के उपलब्ध भूगर्भीय निवेश के संग्रहण का काम पूरा कर लिया गया है। परियोजना के लिए संग्रहित स्रोत रॉक के नमूने का कुल ऑर्गेनिक कार्बन (TOC) का निर्धारण किया जा रहा है। अबतक जनित विशलेषणात्मक आँकड़ों को दुर्लभ खनिज भंडार संपदा विश्लेषण एवं खनिज भंडार अनुरूपण के लिए मेसर्स एआइइ, यूएसए को भेज दियागया है।
7	कोयला खदानों एवं कोल बेडों से ग्रीन हाऊस गैस निकालकर उसे ऊर्जा में बदलना (GHG2E)। **परियोजना कोड:** सीआइएल/आर व डी/1/49/2012 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सीबीएम(कोषांग), सीएमपीडीआइ (मुख्यालय), रांची तथा यूरोपियन यूनियन रिसर्च कमीशन, लंदन।	फरवरी, 2012	जुलाई, 2015	165.30 आर व डी 80.00 ईयू जारी 85.30	सीएमपीडीआइ ने भूगर्भीय डाटा की व्याख्या एवं विश्लेषण संबंधी सौंपे गए पैकेज-2 एवं 8 का कार्य पूरा कर लिया है। मुनीडीह खान, बीसीसीएल में आइआइटी, खड़गपुर द्वारा डाटा सृजन, इन-सीम ड्रिलिंग की व्यवस्था की गई है। ड्रिलिंग के दौरान लिये गए कोयला के नमूनों का डिजोर्प्सन (Desorption) अध्ययन के लिए सीएमपीडीआइ को शामिल किया गया है
8	भूमिगत कोयला खानों में डीपिलरिंग कार्यों के लिए	सितंबर, 2010	मार्च, 2014	197.75 जेबीइपीएल के लिए-	फाइनाइट एलिमेंट मॉडलिंग (एफइएम)का प्रयोग करके चार स्व-प्रगामी (चल) गोफ एज सपोर्ट का

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजन के आरंभ की तिथि	पूर्ण होने की नियत तिथि	कुल अनुमोदित लागत	स्थिति
	स्वप्रगामी (चल) गोफ एज सपोर्ट (एसएजीइएस) का विकास। **परियोजना कोड:** एमटी (ईओआइ)/159 **कार्यान्वयन एजेंसी:** आइएसएम, धनबाद एवं मे0 जय भारत इक्युपमेंट प्रा0लि0 (जेबीइपीएल), हैदराबाद।			135.65 आइएसएम के लिए- 62.10	डिजाइन एवं फेब्रिकेशनपूरा कर लिया गया है। एस ए जी ई एस-1 व 2 के फील्ड ट्रायल के परिणाम के आधार पर एसएजीईएस- 3 व 4 के डिजाइन और फेब्रिकेशन में संशोधन किया गया है। बस्ताकोला यूजी खदानों में विक्ट्री सेक्शन के फील्ड ट्रायल के लिए डेपिलरिंग पैनल में दोनों सपोर्टों (SAGES-3 व 4) को लगाया गया है। एसएजीइएस 3 व 4 के फील्ड ट्रायल के परिणामों के विश्लेषण के इनपुट के आधार पर प्रोजेक्ट प्रस्तावक द्वारा एसएजीईएस- 5 व 6 फेब्रिकेशन का काम शुरू किया जाएगा। डिजिटल डिस्प्ले यूनिट को भी बड़े डिजिटल डिस्प्ले के सहारे बदल दिया गया है तथा एसएजीईएस में डाटा लॉगिंग के लिए बैटरी बैक लगाया गया है। मेडियम ड्यूटी (2 x 200 टन) के स्व नोदित मोबाइल सफेर्ट को बंद कर दिया गया है तथा इसे 1.85 से 3.2 एम की उच्चसीमा तक बढ़ा दिया गया है जो 71.4 टन/वर्ग मीटर का सपोर्टप्रतिरोध दे सकता है।
9	भारत के दामोदर बेसिन के शेल (Shale) गैस क्षमता का मूल्यांकन-सीई(ईओआइ)/30 **कार्यान्वयन एजेंसी:** एनसीआरआइ, हैदराबाद, सीआइएमएफआर, धनबाद सीएमपीडीआइ, रांची	दिसंबर, 2012	नवंबर, 2015	1686.84 एनजीआर आइ के लिए - 462.59 सीआइएम एफआर के लिए - 169.95 सीएमपी डीआइ के लिए - 1054.30	राजगंज के धरमा ब्लॉक तथा झरिया कोल फील्ड के वेस्ट महुदा, सिंगरा, कपुरिया से 22 शेल (Shale) नमूने तथा बोकारो कोल फील्ड के 4 नमूने स्वीकृत किये गए। इन्हें पेट्रोग्राफिक, टीओसी तथा रॉक इवल पाइरोलाइसिस टेस्ट के लिए सीएमपीडीआइ एवं एन जी आर आइ, हैदराबाद भेजा गया। सीआइएमएफआर, धनबाद द्वारा 51 शेल (Shale) कोर नमूनों का आसन्न विश्लेषण तथा 20 शेल कोर नमूनों का अधिशोषण समतापीय परीक्षण किया गया। शैल नमूनों का मेगास्कोपिंक अनुसंधान किया गया एवं विभिन्न विश्लेषण के लिए संसाधित किया गया। एनजीआरआइ, हैदराबाद के अनर्गत रॉक इवल पाइरोलाइसिस परीक्षण के लिए शैल नमूनों का भू-रसायनिक विश्लेषण किया जा रहा है। उपकरणों की खरीद की प्रक्रियाधीन है।
10	कोयले की गुणवत्ता के आकलन हेतु औजार के रूप में स्पेक्ट्रोमेट्री की उपयुक्तता की छान-बीन। **परियोजना कोड-** सीयू/58 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सीआइएमएफआर, धनबाद।	जनवरी, 2010	दिसम्बर, 2013	147.61	परियोजना पूरी कर ली गई है इस परियोजना के तहत स्पेक्ट्रो- रेडियोमीटर एवं मल्टीपल स्पेक्ट्रो फोटोमीटर (एमएसपी-200) की खरीद कर ली गई है। इसीएल, बीसीसीएल तथा सीसीएल के विभिन्न सीमों के रेडियोमीटर डाटा (उत्सर्जक एवं विकिरण) एकत्रित किये गए हैं। कोयला स्लेटी पत्थर, स्लेटी कोयला और कार्बनी कोयला के साथ ग्रे शेल, बालुवाही पत्थर एवं अग्नेय अंतर्वैधन के विभिन्न नमूने लिये गए, तैयार किये गए तथ्था विश्लेषण किया गया। अधिशोषण एवं तापीय विकिरण का उत्सर्जन दर्शाने वाले विभिन्न नमूनों के उत्सर्जन ग्राफ

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजन के आरंभ की तिथि	पूर्ण होने की नियत तिथि	कुल अनुमोदित लागत	स्थिति
					के भिन्न-भिन्न तरंग-दैर्ध्य होते हैं। पेट्रोग्राफिक रसायनिक एवं सीसीवी अध्ययन करने के बाद कोयले की गुणवत्ताके आकलन के लिए रेडियोमेट्रिक तथा विश्लेषणात्मक परिणामों के बीच सहसंबंध का अध्ययन किया गया। स्पेक्ट्रो-रेडियोमीटर उपकरण द्वारा जनित उत्सर्जनता तथा परावर्ती डाटा का विश्लेषण किया गया।
11	खदान के आग वाले क्षेत्र में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का अनुमान लगाने के लिए विधि-तंत्र का विकास तथा उनका स्थलीय पृथक्करणके जरिए यूनीकरण। **परियोजना कोड-** ईई (ईओआइ)/ 39 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सीआइएमएफआर, धनबाद एवं बी एच यू, वाराणसी।	फरवरी, 2009	जून, 2013	354.491 सीआइएम एफ के लिए- 341.77 बीएचयू के लिए- 12.721	वायु विलय स्पेक्ट्रोमीटर तथा ऐथेलोमीटर का उपयोग करके लगभग 24000 डाटा सेट एकत्रित किये गए। सांख्यिकी औजार के माध्यम से एकत्रित किये गए डेटाका वैधिकरण पूरा कर लिया गया है। कैलफ शॉफ्टवेयर का प्रयोग करके ग्रीन हाउस गैस तथा अन्य किश्मों के लिए एरिया सोर्स डिस्पर्शन विश्लेषण किया गया। अन्य पर्यावरणीक घटकों पर डेटा उर्त्सजन की निर्भरता एवं परस्पर संबंध स्थापित करने के लिए परीक्षित कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को कार्यान्वित किया गया।
12	अत्यधिक राख वाला भारतीय कोकिंग कोयला के लाभकारी प्रयोग के लिए ट्रिबो-इलेक्ट्रोस्टेरिक सेपरेटर का विकास **परियोजना कोड-** सीपी/44 **कार्यान्वयन एजेंसी:** आइआइएमटी, भुवनेश्वर।	अगस्त. 2011	जनवरी. 2014	47.67	बेंच स्केल ट्रिबो-इलेक्ट्रोस्टीक सेपरेटर का निर्माण किया गया है तथा बैच स्केल परिचालन के लिए इलेक्ट्रो-स्टेटिक सेपरेटर का यंत्रीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। वाशरी फीड वाशरी स्लरी तथा दुग्धा II वाशरी के कुल 2 टन रिजेक्ट के तीन नमूने एकत्र किये गए। वाशरी फीड एवं वाशरी फाइनस की धुलाई क्षमता एवं विशेषता के पूर्ण ब्यौरा का अध्ययन पूरा कर लिया गया है। कॉपर ट्रिबो चार्जिंग सहित ट्रिबो चार्जिंग का आद्रता एवं समय के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए शुद्ध कार्बन एवं कावोलिनाइट खनिजके चार्ज का गुण-चित्रण कर लिया गया है। विभिन्न आद्रता एवं प्रयोग किया गया वोल्टेज सभी तीनों नमूनों का बैच ट्रिबों-इलेक्ट्रो-स्टेटिक सेपरेशनका अध्ययन कर लिया गया है।

12.2 अभिनव प्रयोग / प्रकिया अपनाई गई (संदर्भ एमओयू मद सं. 2.5):

क्र. सं.	परियोजना / नवीन प्रक्रिया	लक्ष्य (उत्कृष्ट	उपलब्धि
i	कार्यालय क्षेत्रीय इकाइयों में सीएफएल लगाकर उर्जा की बचत करना	1000	1026
ii	एचईएमएम के डिजल खपत की देख-रेख करने के लिए अध्ययन	2 इकाइयां/खदानें	2(तेतुलमारी एवं ब्लॉक-iv ओसीपी में)
iii	एचईएमएम की उपयोगिता में सुधार के लिए अध्ययन	2 इकाइयां/खदानें	2(तेतुलमारी एवं ब्लॉक-iv ओसीपी मे)
iv	ओपेन कास्ट खदानों पावडर फैक्टर में सुधार के लिए अध्ययन	2 इकाइयां/खदानें	2(ब्लॉक-ii एवं निचितपुर ओसीपी में)
v	सुरक्षा बढ़ाने के लिए एचइएमएम का मोनिटर एवं नियंत्रण के लिए अध्ययन	2 इकाइयां/खदानें	लोदना एवं ब्लॉक-ii क्षेत्र में अध्ययन किया गया

vi	ब्लास्टिंग के कारण होने वाले कंपनी का अध्ययन	2 इकाइयां/खदानें	जीनागोरा ओसीपी में सीएमपीडीआइ द्वारा तथा आइडीएल द्वारा हार्य किया गया चैपटोरिया ओसीपी तथा कुसुण्डा ओडी पैच में ब्लैक डायमंड एक्सप्लोसिव द्वारा तीन खदानों का अध्ययन किया गया।

13. आधुनिकीकरण

कंपनी का उद्देश्य साइड डिस्चार्ज लोडरों (एसडीएल) के प्रयोग के माध्यम से तथा जोखिम/ लाभ की साझेदारी के आधार टर्न की आधार पर बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रौद्योगिकी के अनुप्रेरण के साथ मध्यम स्तरीय प्रौद्योगिकी पर बल देना है।

13.1 एस डी एल शुरू करना

31.3.2013 को 161 एस डी एल की तुलना में 31.03.2014 को कुल 153 एसडीएल चालू था। 153 एसडीएल में से 145 एसडीएल को उत्पादन में लगाया गया है तथा 8 को ड्रिफ्ट को आगे बढ़ाने में लगाया गया है।

मशीन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अधिकतम परिचालन पर बल दिया जा रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2013-14 के दौरान उत्पादन में हुए ह्रास एवं एसडीएल की उत्पादकता में आई थोड़ी कमी को नीचे दिए गए आंकड़ोंमें दर्शाया गया हैं:

13.2 2013-14 की तुलना में 2013-14 के दौरान एसडीएल की उत्पादन एवं इसकी उत्पादकता इस प्रकार है:

विवरण	2013-14	2012-13	पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि (%)
उत्पादन (मि0टन)	2.53	2.96	(--)14.52
उत्पादकता (टन/एसडीएल/दिन)	54.85	59.87	(--)8.38

13.3 डिस्पैचके लिए इलेक्ट्रोनिक वजन घर (Weigh-bridge)

(क) तीन स्थानों पर इलेक्ट्रोनिक वजन-घर प्रतिष्ठापित किये जा चुके हैं शेष के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है। [संदर्भ एमओयू मद सं.- 23 .6 (iii)]

(ख) आकाशकिनारी, सिनीडीह, कुमारधुबी एवं कुसुण्डा में स्थित पुराने वजन-घरों के अद्यतन/रूपांतरण किया गया है। [संदर्भ एमओयू मद सं.- 23 .6 (iv)]

13.4 एसडीएल के द्वारा उत्पादन एवं इसकी उत्पादकता में कमी के कारण:

बीसीसीएल की खदानों में अनेक प्रकार की समस्याएं जैसे आग, वर्षा तथा डीजीएमएस की पाबंदियां, उत्पादन और उत्पादकता में कमी के कारण हो सकते हैं।

- वर्ष 2013-14 के मानसून के दौरान निम्नलिखित खदानें प्रभावित हुई जिससे उत्पादन में कमी आई:
  - होरिलाडीह
  - बोर्रागढ़

- न्यू आकाशकिनारी कोलियरी (आंशिक)
- साउथ बलिहारी (आंशिक)

- बागडीगी, लोदना क्षेत्र में आग / डीजीएमएस पाबंदियों के कारण निम्नलिखित खदानें प्रभावित हुईं जिससे उत्पादन कम हुआ:
  - लोदना
  - जयरामपुर

- बसंतीमाता कोलियरी, सीवी क्षेत्र की सुशील उइनकलाइन में छत गिरने से हुई प्राणघातक (Fatal) दुर्घटना के कारण डीजीएमएस के रोक लगाने पर खदान बंद कर दी गई जिससे उत्पादन कम हुआ।

- डीजीएमएस की अनुमतिनहीं मिलने के कारण 11.11.2013 से 10.02.2014 तक मुरलीडीह, 20/21 पिट, प0 झरिया क्षेत्र में उत्पादन रोक दिया गया।

13.5 एमडीओ अवधारणा के तहत परियोजनाओं की स्थिति:

क्रम सं.	खदान/परियोजना का नाम	क्षमता	वर्तमान स्थिति
1	ब्लॉक-II कंटिन्यूअस माइनर यूजी परियोजना (एमडीओ) दस वार्षिक योजना अवधि में (न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन 5.90 एमटी)	मि.ट. 0.45	• 03.01.2009 को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 262 वीं बोर्ड बैठक में बीसीसीएल बोर्ड द्वारा तथा उसके बाद 22.12.2009 को संपन्न सीआइएल बोर्ड की 253 वीं बैठक में सीआइएल बोर्ड द्वारा ब्लॉक-II क्षेत्र की I / II सीम से कोयला निकालने के लिए कंटिन्यूअस माइनर (0.45 एमटीवाइ)शुरू करने के लिए परियोजना प्रतिवेदन का अनुमोदन कर दिया गया है। परियोजना पर अनुमानित पूंजी लागत 113.37 करोड़ है। • कंटिन्यूअस माइनर प्रौद्योगिकी द्वारा I/II सीम से 0.45 एमटीवाई सुनिश्चित उत्पादन के लिए कोयला निकालने हेतु मेसर्स मिनोप इनोवेटिव टेक्नोलॉजिज (प्रा.) लिमिटेड को कार्य सौंपने का निर्णय दिनांक 18.05.2011 को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 278 वीं बैठक में लिया गया है। • 10 वर्षों की एपीपी में 5.90 एमटी न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन। • पत्रांक बीसीसीएल/जीएम(पी व पी) एफ-14/11/435 दिनांक 18.07.11 के जरिए सीआइएल को बीसीसीएल बोर्ड की 278 वीं एवं 279 वीं बैठक के प्रस्ताव के बारे में सूचना दे दी गई। • एफएसए के लिए मेसर्स एमपीएल के साथ 03.03.2012 के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिया गया है। • दिनांक 24.03.2012 को मेसर्स मिनोप इनोवेटिव टेक्नोलॉजिज (प्रा.) लिमिटेड के पक्ष

			में कार्रवाई-पत्र (LOA) निर्गत कर दिया गया। • मेसर्स मिनोप को कार्यस्थल सौंप दिया गया। • बीसीसीएल बोर्ड द्वारा दिनांक 03.02.2014 को संपन्न अपनी 304 वीं बैठक में एलसी के भुगतान शर्तों में संशोधन हेतु प्रस्ताव का अनुमोदनकर दिया गया। • करार/समझौता को अंतिम रूप देना अभी भी बाकी है।
2	मुराईडीह यूजी (बरोरा क्षेत्र) (एमओडी) (9 वार्षिक योजनावधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन -20.435	2.00 मि.ट.	• 339.875 करोड़की अनुमानित पूंजी लागत के लिए सीआइएल बोर्ड की दिनांक 14.02.2011 को संपन्न इसकी 265 वीं बैठक में परियोजना की अनुमोदित लागत में सेवा एवं माल की लागत शामिल है। वास्तविक आधार पर करों एवं शुल्कों की प्रतिपूर्ति की जाएगी। • 25.03.2011 को समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। • संशोधित समझौते पर 22.06.2012 को हस्ताक्षर किया गया। • 29.09.2012 को बोलकर्त्ता (बिडर) द्वारा डीपीआर प्रस्तुत किया गया। • 29.01.2013 को बीसीसीएल द्वारा डीपीआर स्वीकार किया गया। • एलसी के भुगतान शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन दिनांक 03.02.2014 को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 304 वीं बैठक में बीसीसीएल द्वारा किया गया। • कार्यों को प्रारंभ करने के लिए जनवरी, 2014 में एमओसीपी से 3.3 कि.वा. (K.V.) पर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। • इन्कलाइन ड्राइवेज के स्थान पर 3.48 हेक्ट. भूमि का अधिग्रहण किया गया है तथा जनवरी, 2014 में बीसीसीएल ने उसे अपने कब्जे में ले लिया है। • जनवरी, 2014 के प्रस्तावित स्थल पर इन्कलाइन सुरंग खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। खुदाई तथा समतल बनाने के उद्देश्य से जेवीएम मशीन लगाई गई है।
3	कपुरिया यूजी (कपुरिया क्षेत्र) (पीएसएलडब्ल्यू) (एमडीओ) (9 वार्षिक योजनावधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन - 20.024 मि.ट.)	2.00	• वाणिज्यिक उत्पादन अवधि 9 वर्ष के दौरान न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन 20.024 मि.टन करने के लिए 988.354 करोड़ रूपये की पूंजी लागत पर बीसीसीएल बोर्ड ने दिनांक 03.07.2011 को हुई अपनी 279 वीं बैठक में तथा सीआइएल बोर्ड ने 12.08.2011 को हुई

			अपनी 272 वीं बैठक में मेसर्स एएमआर-बीबीबी कन्सोर्शियम को कार्य सौंपने के लिए अनुमोदन दे दिया। • 10.09.2011 को कार्य सौंपने का पत्र निर्गत किया गया। • बीसीसीएल एवं मेसर्स एएमआर-बीबीबी कन्सोर्शियम के बीच समझौते पर दिनांक 18.04.2012 को हस्ताक्षर किया गया। • 26.12.2012 को टीओआर स्वीकृत हुआ। • बीसीसीएल द्वारा दिनांक 11.07.2013 को डीपीआर स्वीकार किया गया। • 20.12.2013 को लोक सुनवाई हुई। • 22.02.2014 को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पास अंतिम ईएमपी जमा किया गया है। • भारत सरकार के राजकीय गजट में धारा-4(i)सीबीए-1957 के तहत भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना प्रकाशित की गई है। • 25.01.2014 को धारा 7 (1) के तहत अधिसूचना के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। • बीसीसीएल बोर्ड द्वारा दिनांक 03.02.2014 को हुई इसकी 304 वीं बैठक में एलसी के भुगतान शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया।
4	मुनीडीह XV सीम यूजी (डब्ल्यू जे एरिया) (पीएसएलडब्ल्यू) (एमडीओ) (9 वार्षिक योजनावधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन - 22.5 मि.ट.)	1.50	• दिनांक 03.07.2011 को हुई बीसीसीएल बोर्ड की 279 वीं बैठक तथा दिनांक 12.06.2011 को हुई सीआइएल बोर्ड की 272 वीं बैठक में भी 9 वर्षों की वाणिज्यिक उत्पादन अवधि के दौरान बीमा तथा मालभाड़ा सहित 1230;274 करोड़ रूपये की पूंजी लागत पर कुल न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन 22.50 एमटी के लिए मेसर्स आइएनडीयू-एससीसीएल बुसाइरस (BUCYRUS) (कन्सोर्शियम) को कार्य सौंपने के लिए अनुमोदन दे दिया गया। • 07.09.2011 को कार्य सौंपनेका (LOA) जारी कर दिया गया। • बीसीसीएल तथा मेसर्स आइएनडीयू-एससीसीएल बुसाइरस (कन्सोशियम) के बीच दिनांक 18.04.2012 को समझौता को अंतिम रूप दे दिया गया। • 25.05.2013 को संवेदक ने डीपीआर प्रस्तुत किया जिसकी जांच सीएमपीडीआइ, रांची द्वारा की गई। जिसपर सहमति जताई गई। बीसीसीएल द्वारा इसे 28.12.2013 को स्वीकार कर लिया गया। • 26.08.2013 को ईसी मंजूर किया गया।

			• एससीसीएल द्वारा 10.01.2014 को समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। • समझौते पर अभी भी बुसाइरस (संकाय सदस्य) का हस्ताक्षर होना बाकी है। • भारत सरकार के राजकीय गजट में धारा 4(i) सीबीए 1957 के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। धारा 7(1) के तहत अधिसूचना के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है। बीसीसीएल द्वारा 03.02.2014 को हुई इसकी बैठक में एलसी के भुगतान शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया है।
5	मुनीडीह XVI टॉप सीम यूजी (प. झरिया क्षेत्र) (आपूर्ति, प्रतिष्ठान, चालू करने एवं परिचालन की अवधारणा) (5 की वार्षिक उत्पादन अवधि के दौरान न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन -3.5 मि.ट.)	0.70	• 10.12.2012 को मेसर्स आइएनडीयू-जेडएमजे, झींगाझाड-डिजाइन-जिंगफेंग (Xinfeng) कन्सोशियम के पत्र में कार्य सौंपने का पत्र निर्गत कर दिया गया है। • 10.12.2012 को समझौता पर हस्ताक्षर कर दिया गया है। • संवेदक को पी व एम मद में 5.63 करोड़ रूपये का अग्रिम भुगतान कर दिया गया। • खरीद की तुलना में उपकरणों की आपूर्ति प्रक्रियाधीन है। • 12 नवंबर, 2013 को डीजीएमएस से अनुमति प्राप्त कर ली गई है।
6	लोहापट्टी यूजी (प. झरिया) (एमडीओ) (9 वर्षों की वार्षिक उत्पादन अवधि के दौरान न्यनतम सुनिश्चित उत्पादन-3.15 मि.ट.)	0.35	• बीसीसीएल बोर्ड द्वारा दिनांक 24.03.2010 को संपन्न इसकी268 वीं बैठक में अनुमोदन दे दिया गया। • मेसर्स ए एम आर-बीबीबी को कार्य सौंपने की निविदा समिति (टीसी) की अनुशंसा 05.01.2013 को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 291 वीं बैठक में अनुमोदित कर दी गई। • बिडर द्वारा की वैधता 14.05.2014 तक बढ़ा दी गई है। • दिनांक 12.02.2014 को सीआइएल बोर्ड के समक्ष निवेश प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखा गया। बोर्ड ने सीएमपीडीआइ(मुख्यालय) को आउटसोर्सिंग आधार पर इसके परिचालन के संभावना की जांच-पड़ताल करने की सलाह दी और यदि उपयुक्त पाये जाने पर इसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की भी सलाह दी गई।
7	सुदामडीह शॉफ्ट (पू. झरिया) (एमडीओ)	0.50	• दिनांक 08.11.2010 को हुई बीसीसीएल बोर्ड की 273 वीं बैठक में अनुमोदन दिया गया। • 15.06.2013 को सीएमपीडीआइ आरआइ-II द्वारा ग्लोब बिड दस्तावेज (तकनीकी भाग) जमा किया गया।

			• आरआइ-II, सीएमपीडीआइ, धनबाद में निविदा जारी करने के लिए एनआइटी दस्तावेज तैयार किये जा रहे हैं।
8	भौंरा (एस) (पू. झरिया क्षेत्र)	0.50	• 9 वर्ष की अवधि के लिए टर्न की आधार पर वैश्विक निविदा जारी करने के लिए दिनांक 22.07.2010 को हुई बीसीसीएल बोर्ड की 271 वीं बैठक में अनुमोदन दे दिया गया। • सीएमपीडीआइ द्वारा ड्राफ्ट ग्लोबल बिड दस्तावेज (तकनीकी भाग) जमा किया गया। • क्षेत्र से प्राप्त टिप्पणियों को दिनांक 05.03.2013 को सीएमपीडीआइ के पास बिड दस्तावेज (तकनीकी भाग) को पूरा करने हेतु भेज दिया गया। • सीएमपीडीआइ में ग्लोबल बिड दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
9	पी.बी. परियोजना (पी. बी. क्षेत्र) (एमडीओ) (9 वर्ष उत्पादन अवधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन-9.0 मि.ट.)	1.00	• 29.01.2013 को निविदा आमंत्रण सूचना (एनआइटी) जारी कर दी गई। • नि.आ.सू.(एनआइटी) के अनुसार निविदा प्राप्ति: 24.06.2013 एवं निविदा खोलने की तिथि: 25.06.2013। • निविदा प्राप्ति एवं खुलने की बढ़ाई गति तिथि क्रमश: 28.04.2014 एवं 29.04.2014 है।
10	भौंरा (नार्थ)यूजी खदान (पू. झरिया क्षेत्र) (9 वर्ष उत्पादन अवधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन-4.5 मि.ट.)	0.50	• 9 वर्ष की अवधि के लिए टर्न की आधार पर 0.50 एमटी प्रतिवर्ष उत्पादन के लिए वैश्विक निविदा निकालने हेतु प्रस्ताव का बीसीसीएल बोर्ड द्वारा दिनांक 01.02.2013 को संपन्न इसकी 292 वीं बैठक में अनुमोदित कर दिया गया। • 20.06.2013 को निविदा निकाली गई। • निविदा प्राप्ति एवं निविदा खुलने की बढ़ाई गई तिथि क्रमश: 21.04.2014 एवं 22.04.2014 है।

13.6 सहमति ज्ञापन (एमओयू) के तहत परियोजना क्रियान्वयन का लक्ष्य:

1. कम लागत के सतत माइनर भूमिगत परियोजना लागू करने हेतु निविदा जारी करना:- 27.02.2014 को निविदा जारी कर दी गई [संदर्भ एमओयू मद सं. 2.3.3 (ii)]

13.7 सहमति ज्ञापन (एमओयू) के तहत क्षेत्र / उद्यम विशिष्ट पैरामीटर हेतु उपलब्धि:

1. भूमिगत खदानों के घाटा को कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकी लागू करने का औचित्य तथा इसके लिए निविदा जारी करना: दिनांक 20.06.2013 के निविदा आमंत्रण सूचना संदर्भ सं.- बीसीसीएल/सीजीएम (सीएमसी)/ग्लोबल/बीएन/2013/881 के जरिए भौंरा भूमिगत खदान के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआइटी) जारी की गई तथा

फुलारीटांड भूमिगत खदान के लिए निविदा आमंत्रण सूचना संदर्भ सं.-बीसीसीएल/जीएम(सीएमसी)/ग्लोबल/फुलारीटांड/ 2014/2008 दिनांक 27.02.2014 के जरिए निविदा आमंत्रण सूचना जारी (एनआइटी) की गई। [संदर्भ एमओयू मद सं. 3.1.5 (ii)]

13.8 बीसीसीएल की बंद भूमिगत खदानों के लिए जारी की गई निविदाएं (संशोधित) की स्थिति:

क्रम सं.	खदान का नाम	वर्तमान / वास्तविक स्थिति
1	कुस्तौर	निविदा सूचना सं.-बीसीसीएल/जीएम(सीएमसी)/ग्लोबल/अंबैंडड माइन/कुस्तौर/ 2013/1780 दिनांक 28.12.2013 को वैश्विक निविदा निकाली गई। निविदा प्राप्ति तिथि: 26.05.2014, निविदा खुलने की तिथि: 27.05.2014
2	धरमाबांध	निविदा सूचना सं.-बीसीसीएल/जीएम(सीएमसी)/ग्लोबल/अंबैंडड माइन/ धरमाबांध/ 2013/1781 निविदा प्राप्ति तिथि: 26.05.2014, निविदा खुलने की तिथि: 27.05.2014

13.9 बीसीसीएल में तेज लदान पद्धति की स्थिति:

i) महेशपुर (5 एमटीवाई), गोविंदपुर क्षेत्र में तेज लदान पद्धति(आरएलएस) ।

01.02.2011 को हुई सीआइएल बोर्ड की 264 वीं बैठक में 140.4696 करोड़ रूपये की लागत पर 5.00 मि.ट. प्रति वर्ष (एमटीवाई) की क्षमता के लिए महेशपुर परियोजन (5 एमटीवाई) में तेज लदान पद्धति (आरएलएस) को अनुमोदित किया गया। 03.01.2011 को संपन्न अपनी 73 वीं बैठक में सीआइएल बोर्ड के ईएससी ने 140.4696 करोड़ रूपये के संशोधित लागत प्राक्कलन का अनुमोदन किया। बीसीसीएल बोर्ड द्वारा दिनांक 24.01.2011 को हुई अपनी 275 वीं बैठकमें कार्य सौंपने के निर्णय का अनुमोदन किया गया।

उपकरणों की आपूर्ति तथा कार्य एवं सेवाओं के लिए मेसर्स एस.के. सामन्ता एण्ड कं. (प्र. लि.) के पक्ष में दिनांक 05.04.2011 को समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। कन्वेयर बेल्ट एवं एवं बंकर के स्थिति निर्धारण के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन 01.10.2011 को हुई बीसीसीएल बोर्ड की 281 वीं बैठक में कर दिया गया। निर्माण कार्य चालू है।

ii) तेतुलमारी (5 एमटीवाई), सिजुआ क्षेत्र में तेज लदान पद्धति (आरएलएस):

तेतुलमारी, सिजुआ क्षेत्र बीसीसीएल में टर्न की आधार पर 150.00 करोड़ (लगभग) रूपये की अनुमानित लागत पर सिलो (SILLO) लदान व्यवस्था (5 एमटीपीए) के साथ तेज लदान पत्द्धति (RLS) के निर्माण के लिए प्रस्ताव का प्रशासनिक तौर पर अनुमोदन बीसीसीएल बोर्ड द्वारा दिनांक 01.02.2013 को हुई इसकी 292 वीं बैठक में कर दिया गया है।

बीसीसीएल बोर्ड के निर्देशानुसार मई, 2013 में सीएमपीडीआइएल द्वारा 20406.78 लाख रूपये के पूंजी निवेश के लिए विस्तृत प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया है। सीएमपीडीआइएल द्वारा निविदा दस्तावेज तैयार किया गया है। शीघ्र ही संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना (एनआइटी) जारी करनी है।

13.10 स्वीकृत परियोजना (नई)

- नार्थ तिसरा / साउथ तिसरा विस्तार ओसीपी 6 एमटीवाई, (+30%)

बीसीसीएल बोर्ड द्वारा 07.06.2008 को हुई अपनी 259 वीं बैठक में विभागीय विकल्प के साथ नार्थ तिसरा / साउथ तिसरा विस्तार ओसीपी (6 एमटीवाई) को पहले ही अनुमोदित किया गया।

बीसीसीएल बोर्ड ने 01.09.2009 को संपन्न अपनी 265 वीं बैठक में नार्थ तिसरा / साउथ तिसरा ओसीपी विस्तार (किराये / पट्टे पर लिये गए उपकरणों से) केपीआर के अद्यतन लागत के वैरिऐंट-II के 281.94 करोड़ की अनुमानित पूंजी के लिए अनुमोदन दिया तथा इसे सीआइएल को आगे विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ भेजने की सिफारिश की।

पुन: अक्टूबर, 2011 में सीएमपीडीआइ आर आइ-II द्वारा परियोजना रिपोर्ट की लागत को अद्यतन किया गया तथा मेसर्स आइसीआरए मनैजमेंट कन्सल्टिंग सर्विसेज लिमिटेड, कोलकाता द्वारा इसका वित्तीय मूल्यांकन किया गया। बीसीसीएल बोर्ड द्वारा 03.03.2012 को संपन्न अपनी 284 वीं बैठकमें 85% उत्पादन स्तर पर 15.85% के आइआरआर सहित419.86 करोड़ रुपये की पूंजी लागत पर वैरिऐंट-II (किराये / पट्टे पर लिये गए उपकरणें का विकल्प) के लिए अद्यतन लागत प्राक्कलन का अनुमोदन कर दिया गया।

दिनांक 12.12.2012 को संपन्न सीआइएल बोर्ड की 292 वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संबंधित कंपनी बोर्ड / सीआइएल बोर्ड के प्रत्यायोजित शक्ति के अनुसार परियोजनाओं के लिए पूर्ण अनुमोदन दिया जाए। नार्थ तिसरा / साउथ / साउथ तिसरा विस्तार ओसीपी (6.0 एमटीवाई) परियोजना सीएमपीडीआइ द्वारा नया यूसीई तैयार करने के बाद बीसीसीएल बोर्ड द्वारा फिर से अनुमोदित किया जाना था तथा उसके बाद इसे अंतिम अनुमोदन के लिए सीआइएल बोर्ड के पास भेजा जाना था।

सीआइएल के निर्देशानुसार अगस्त, 2013 में सीएमपीडीआइ:आर आइ-II द्वारा नार्थ तिसरा /साउथ तिसरा विस्तार ओसीपी (6.0 एमटीवाई, + 30%) का अद्यतन लागत प्राक्कलन तैयार करके प्रस्तुत किया गया तथा दिसंबर, 2013 में मेसर्स आइसीआरए मनैजमेंट कन्सलिंग सर्विसेज लि0 द्वारा वित्तीय मूल्यांकन किया गया। बीसीसीएल बोर्ड ने 03.02.2014 को संपन्न अपनी 304 वीं बैठक में यूसीई के साथ वित्तीय मूल्यांकन प्रतिवेदन का अनुमोदन कर दिया गया। इसके बाद 12.02.2014 को संपन्न सीआइएल बोर्ड की 304 वीं बैठक में भी पूरी तरह से आउट सोर्सिंग के आधार पर किये जाने वाले कार्य का 18.59% के आइआरआर सहित कुल पूंजी लागत 555.52 करोड़ रुपये अनुमोदित कर दिया गया।

उपर्युक्त परियोजना- सीआइएल बोर्ड के अनुमोदन के बाद शुरू करने पर विचार करना है। किराये के एचईएमएम से विविध परियोजना कार्य शुरू किये गए हैं नार्थ तिसरा/साउथ तिसरा (NT/ST) के पट्टा वाले क्षेत्र में कोयला का उत्पादन, ओबी हटाने तथा इससे संबंधित खनन कार्य शुरू किये जा चुके हैं। [संदर्भ एमओयू मद सं. 2.3.3(iii)]

14. भू-संपदा:

1. परिचालन/खदानों के निर्बाध परिचालन के लिए भूमि को नियमत: अधिकार में ले लिया गया है जिसमें परियोजना के लिए 70.378 एकड़ यानी 28.493 हेक्ट.भूमि का अधिग्रहण सीधे खरीद कर किया गया है। [संदर्भ एमओयू मद सं. 2.3.4(iii)]
2. भूमि के निर्विध्न कब्जा, अधिग्रहण तथा इससे संबंधित स्टेकहोल्डरों के साथ समस्याओं के लिए वर्ष के दौरान 17 (सतरह) बैठकें की जा चुकी है। [संदर्भ एमओयू मद सं. 2.4.2(iii)]

15. विदेशी सहयोग:

वर्तमान में बीसीसीएलमें कार्यान्वयन के अंतर्गत विदेशी सहायता से कोई परियोजना नहीं है।

16. विपणनः

16.1 मांग तथा आपूर्तिः

2012-13 के तुलना में 2013-14 में क्षेत्रवार कोयले की वास्तविक मांग एवं आपूर्ति इस प्रकार है: -

(आंकड़े मि.टन में)

क्षेत्र	मांग *		वास्तविक **		मांग पर संतुष्टि का %	
	2013-14	2012-13	2013-14	2012-13	2013-14	2012-13
विद्युत (पावर)	24.46	23.03	27.07	25.34	108.93	110.01
इस्पात /एच.सी.	5.58	5.25	3.44	3.86	61.55	73.61
उर्वरक	1.05	1.05	1.12	1.12	105.60	106.25
अन्य	1.62	2.37	2.68	2.68	155.11	113.21
कोलियरी में खपत	0.10	0.10	0.08	0.08	74.21	76.00
योग	**33.20**	**31.80**	**33.04**	**33.07**	**103.01**	**104.00**
मिडलिंग/डब्ल्यूपीसी	2.08	1.14	1.43	1.11	62.14	97.11
परिष्करित/डब्ल्यूपीसी	-	0.25	-	0.32	-	127.80

टिप्पणीः पावरमें सीपीपी शामिल है।

स्टील/एच.सी. में कोयले का डिस्पैच यथा डी/एफ, अपना वाशरी, निजी कोकरी, एच/सी एम एफ जी।

* कोल इंडिया लि. के एएपी लक्ष्य ।

** सांख्यिकी विभाग की रिपोर्ट (एम-18) के अनुसार।

16.2 क. प्रतिभूतिकरण:

प्रतिभूतिकरण योजना के तहत यूपीएसईबी के उपर 30.9.2001 तक बकाया मूल राशि 138.56 करोड़ रुपये होने पर राज्य सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक, मुम्बई शाखा की प्रतिभूति सेवा शाखा के माध्यम से 8.5 प्रतिशत कर मुक्त आरबीआइ पावर बांड 2003-04 में जारी किया है। 2013-14 के दौरान मूलधन के 10% की दर से प्रति किस्त 6.93 करोड़ रुपये की दो बराबर किस्तों में कुल 13.86 करोड़ रुपये की निकासी प्राप्त हो चुकी है। @ 1.77 करोड़ रुपये तथा □1.47 करोड़ रुपये की दो अद्धवार्षिक ब्याज की कुल 3.24 करोड़ रुपये की रकम प्राप्त की गई तथा जो वर्ष 2013-14 के दौरान लाभ-हानि लेखा में विचारित है।

ख. पुराने बकाये का निपटानः

2013-14 में गुणवत्ता, कम मात्रा, एड ऑन प्राइस (डब्ल्यूआरसी) आदि के मद में पुराने बकाए के विवाद के निपटाने हेतु निम्नलिखित प्रमुख सेक्टरों के साथ द्विपक्षी समझौता बैठकें संपन्न हुई। 31.03.2014 को स्थिति इस प्रकार है:-

क्रम संख्या	उपभोक्ता का नाम	निपटाई गई कुल विवादास्पद धनराशि	बीसीसीएल द्वारा प्राप्त धनराशि	बीसीसीएल द्वारा स्वीकृत धनराशि
1.	डीवीसी (2010-11 तक)	70.20	54.68	15.52
2.	सेल (एसएआइएल)	77.15	17.50	59.65
3.	पीएसपीसीएल	6.34	1.51	4.83
	योग	**153.69**	**73.69**	**80.00**

ग. विक्रियों की वसूली

निम्नलिखित वर्षों की तुलना में विक्रियों की वसूली (पुराने बकाये सहित) के सापेक्ष टर्न-ओवर इस प्रकार है:-

क्रम संख्या	वर्ष	टर्न ओवर (₹करोड़ में)	वसूली (₹करोड़ में)	वसूली का %
1.	2013-14	10112.56	9807.11	96.98%
2.	2012-13	10177.00	9436.00	93.00%
3.	2011-12	8584.00	8274.00	96.39%
4.	2010-11	6952.00	6920.00	99.54%

दिनांक 28.05.2013 से प्रभावी पुनरीक्षित दर के कारण वर्ष 2013-14 के विक्रय मूल्य में ₹ 219.69 जोड़ा गया है।

घ. पिछले वर्ष की तुलना में प्राप्य में कमी: (संदर्भ एमओयू मद सं.- 3.5)

(₹ करोड़ में)

	मद	31.03.2014 की स्थिति	31.03.2013 की स्थिति	अंतर	% वृद्धि /ह्रास
क	विवादित	521.27	562.26	(-)40.99	(-)7.29
ख	अविवादित	1570.15	1372.05	198.10	14.44
ग	एफएसए (प्रोत्साहन)	668.85	604.79	64.06	10.59
घ	अविवादित नेट ऑफ (Net off) एफएसए (प्रोत्साहन) [क-ख]	901.30	767.26	134.04	17.47

ड. ई-विपणन

बीसीसीएल ,सी आइ एल में कोयला एवं कोयला उत्पादों के ई-विपणन में अग्रणी है,जिसने वर्ष के दौरान अधिसूचित मूल्य पर अतिरिक्त राजस्व प्राप्त करने में एक उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे कंपनी को मजबूती प्रदान हुई है।

वर्ष 2013-14 के दौरान 34.53 लाख टन की कुल मात्रा ई-ऑक्शन हेतु प्रस्तावित की गयी,जिसमें 25.97 लाख टन वास्तविक बिक्री की गई। बेचे गए परिमाण में कोयले का अधिसूचित विक्रय मूल्य (आधार कीमत का मूल्य) 514.34 करोड़ रुपये था जबकि बोली (बीड) मूल्य . 857.51 करोड़ था। अधिसूचित मूल्य पर 343.16 (करोड़) रु0 का लाभ मिला जो अधिसूचित मूल्य से लगभग 67% अधिक है।

यह कंपनी के कुल उत्पादन (32.611 मि.ट.) का 7.96% है।

17. विदेशी मुद्रा का उपार्जन एवं व्यय:

17.1 विदेशी मुद्रा का व्यय:

(₹ लाख में)

सीआइएफ गणना पर आधारित आयातित सामग्री का मूल्य	2013-14	2012-13
सामग्री एवं स्पेयर्स जिसमें पूंजीगत सामग्री शामिल हैं	11974.06	414.19

17.2 सामग्री सूचीः-[संदर्भ एमओयू मद सं. 3.6.1 एवं 3.6.2] (₹ करोड़ में)

मद	2013-14	2012-13	%
भंडार, अतिरिक्त सामग्री की सूची	63.68	74.02	(-)13.97
कबाड़ (स्क्रैप) के बदले में नकद वसूली	10.47	6.55	(+)59.84
महीने में खपत की सूची	1.35	1.78	(-)24.15

18. गुणवत्ता नियंत्रण:

18.1 (क) धुले कोयले की गुणवत्ताः

बीसीसीएल की विभिन्न वाशरियों द्वारा इस्पात संयत्रों में आपूर्तित धुले कोयले की औसत समग्र गुणवत्ता निम्नानुसार हैः-

वाशरी	राख का औसत % 2011-12	राख का औसत % 2012-13
दुग्दा	20.7	20.5
भोजूडीह	20.7	20.7
पाथरडीह	21.2	21.7
सुदामडीह	20.8	20.7
मुनीडीह	20.6	20.4
महुदा	20.8	21.3
मधुबन	20	20.2
औसत वजन	**20.7**	**20.6**

18.1 (ख) उपभोक्ताओं की शिकायतें:

इंधन आपूर्ति करार (एफएस) के तहत बीसीसीएल से 19 (उन्नीस) एवं 3(तीन) उर्वरक इकाईयां कोयला खरीदती हैं। 18 साइडिंगों से बिजली घरों एवं उर्वरक इकाईयों को कोयला डिस्पैच किया जाता है। समुचित आकार एवं गुणवत्ता वाला कोयला भेजने में पूरी सावधानी बरती जाती है। फिर भी, जब कभी कोई शिकायत मिलती है, तो उनपर ध्यान देकर उसे शीघ्र दूर की जाती है। 2013-14 एवं 2012-13 के दौरान प्राप्त शिकायतें एवं शिकायतें जिनका समाधान किया गया। इस प्रकार हे:-

विवरण	2013-14	2012-13
शिकायतों की संख्या	20	18
शिकायतों की संख्या जिनका समाधान किया गया	20	18

18.2 गुणवत्ता / उपभोक्ता की संतुष्टि [संदर्भ एमओयू मद सं. 2.2]

क्रम सं.	मद	2013-14	2012-13%
1	पावर सेक्टर को भेजा गया वांछित आकार का कोयला	100.00	100.00
2	सहमत (प्रतियापन) सेंपलिंग के तहत पूरा किया गया डिस्पैच	100.00	100.00
3	इलेक्ट्रोनिक वजन घर में वजन होनेके बाद डिस्पैच	98.24	-

18.3 फीडर ब्रेकर का प्रतिष्ठापन:

वर्ष 2013-14 के दौरान बीसीसीएल के बस्ताकोला, सिजुआ, कतरास एवं ब्लॉक-II क्षेत्र में चार फीडर ब्रेकर प्रतिष्ठापित किये गए। [संदर्भ एमओयू मद सं. 2.2(IV)]

18.4 प्रतिचयन (संयुक्त / तिसरैत (तिसरी पार्टी) प्रतिचयन की स्थिति):

30.09.2013 तक सभी उपभोक्ता लदान स्थल पर संयुक्त प्रतिचयन व्यवस्था के अंतर्गत थे। 01.10.2013 से मेसर्स के. सी. शर्मा एण्ड कं. एजेंसी द्वारा बिजली घर (PH) को प्रेषण के लिए तिसरैत (Third Party)प्रतिचयन शुरू किया गया। तिसरैत एजेंसी द्वारा प्रतिचयन एवं विश्लेषण का काम बीसीसीएल एवं पावर हाउस के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। संयुक्त / तिसरैत प्रतिचयन एवं विश्लेषण पर आधारित निर्धारित ग्रेड के अनुरूप 2012-13 के दौरान के समावेशित प्रतिशत 87.9% की तुलना में 2013-14 के दौरान 88.9% है।

18.5 गुणवत्ता व उपभोक्ता संतुष्टि में सुधार हेतु की गई कार्रवाई :-

क. खदानों में चालू आयतनों में ही गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए बताया जाता है एवं उसे व्यवहार में लाया जाता है।

ख. कोयला सीम / कोलियरियों में लगी आग से निपटने हेतु बेहतर ट्रीटमेंट किया जाता है।

ग. सीमों में आग एवं अन्य खनन समस्याओं के कारण समिश्रित कोयले का उचित तरीके से प्रबंध।

घ. कोयला ढुलाई एवं साइडिंग में वैगन भराई के पूर्व पत्थरों को ठीक से चूनने के लिए पर्याप्त श्रमशक्ति लगाना।

ड. फीडर ब्रेकर तथा यांत्रिक माध्यमों के जरिए कोयले के वांछित आकार बनाने में सुधार।

च. बिजलीघरों को कोयला आपूर्ति करने वाली बीसीसीएल की सभी बड़ी साइडिंगों में समुचित स्थान पर फीडर ब्रेकर प्रतिष्ठापित किया गया है। 100% वांछित आकार के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

छ. गुण-नियंत्रण विभाग,मुख्यालय अधिकारियों द्वारा साइडिगों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। वे डिस्पैच किये जाने वाले कोयलेकी गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कोलियरी के अधिकारियों से विचार-विमर्श करते हैं।

ज. पाथरडीह, भोजुडीह और दुग्दा ये तीन वाशरियों में बीसीसीएल द्वारा ऑन-लाइन एनलाइजर प्रतिष्ठापित किया गया है जो कच्चे कोयले और धुले हुए कोयले में राख के संबंध में पी सी एवं मॉनिटर पर संकेत देते हैं। इससे इन वाशरियों में कोयले की गुणवत्ता पर ध्यान रखने में मदद मिलती है।

झ. बीसीसीएल ने अपने वाशरियों में यांत्रिक तरीके से नमूने एकत्र करने के लिए ऑटो सैंप्लर प्रतिष्ठापित किया है जिसके द्वारा उपभोक्ताओं में विश्वास पैदा करने के लिए हाथ से नमूनों का एकत्रितकरण पूरी तरह से समाप्त हो गया है।

ञ. उपभोक्ताओं की संतुष्टि सुधारने के लिए गुण नियंत्रण के विभागाध्यक्ष और क्षेत्रीय महाप्रबंधक को उपभोक्ताओं के साथ आमने-सामने बात कर उनकी समास्याओं को जानने एवं उनके निराकरण का निर्देश दिया गया है।

ट. उपभोक्ताओं को साइडिंग में आकर कोयला देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। सबने लदान वाले कोयले की गुणवत्ता के लिए अपना संतोष व्यक्त किया है।

ठ. कोयले के जीसीवी के निर्धारण के लिए बस्ताकोला, सिजुआ, लोदना, सी वी क्षेत्र, बरोरा, गोविंदपुर, कुसुण्डा एवं कतरासक्षेत्र के प्रयोगशाला में कुल आठ बॉंब केलोरीमीटर लगाए गए हैं। एफएसए के अनुसार सभी प्रयोगशालाओं को कोयले की गुणवत्ता निर्धारण के लिए उपकरण से लैस किया जा रहा है।

ड. 18.04.2013 एवं 16.05.2013 को बैठक कर स्टेक होल्डरों के साथ परामर्श करके उपभोक्ता की संतुष्टि को बेहतर करने के लिए सलाह / विचार मांगे गए। [एमओयू संदर्भ सं. 2.2(IV)]

ढ. उपभोक्ता संतुष्टि पता करने के लिए उपभोक्ता के साथ संयुक्त रूप से पता करने का काम 27.12.2013 को पूरा किया गया। [एमओयू संदर्भ सं. 2.2(V)]

ण. 2013-14 के दौरान गुण नियंत्रण के लिए उपभोक्ताओं (स्टेक होल्डरों में से एक) के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें की गई । [एमओयू संदर्भ सं. 2.4.2(ग)]

18.6 पूंजीगत परियोजनाएं एवं योजनाएं:

1. वर्ष 2013-14 में अनुमोदित पूंजी एवं क्षमतावाली ₹ 20 करोड़ से अधिक लागत की पूरी की गई परियोजनाएं।

शून्य

2. 20 करोड़ रुपये से अधिक लागत की खनन परियोजनाएं, जिन्होंने वर्ष 2013-14 के दौरान स्वीकृत क्षमता एवं पूंजी के साथ उत्पादन शुरू कर दिया है।

शून्य

3. वर्ष 2013-14 में अनुमोदित पूंजी एवं क्षमतावाली ₹ 20 करोड़ से अधिक लागत की खनन परियोजनाएं जिन्हें मंजूरी मिली।

शून्य

4. वर्ष 2013-14 के दौरान अनुमोदित क्षमता एवं पूंजी वाली 20 करोड से अधिक लागत के गैर खनन परियोजनाएं को स्वीकृति मिली।

5. वर्ष 2013-14 के दौरान अनुमोदित क्षमता एवं पूंजी वाली ₹20 करोड़ से अधिक लागत की स्वीकृति प्राप्त आरपीआर/ आरसीइएस । **शून्य**

18.7 चालू परियोजनाएं :-

2012-13 के दौरान चालू परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:-

क्र.स.	परियोजनाएं	क्षमता (एमटी वाई)	पूंजीगत परिव्यय (₹ करोड़ में)	2013-14 के दौरान किया गया उत्पादन (एमटी)	टिप्पणी
1	ब्लॉक-II सतत खनिक (भूमिगत)	0.45	113.37	शून्य	• 10 वर्षों की वार्षिक उत्पादन अवधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन 5.90 एमटी। • 03.03.2012 को मेसर्स एमपीएल के साथ एफएसए के लिए समझौते पर हस्ताक्षर कियागया है। • मेसर्स मिनोप इनोवेटिव टक्नोलॉजी (प्रा.) लि. को 24.03.2012 को कार्य सौंपने संबंधी पत्र निर्गत किया गया है। • मेसर्स मिनोप को कार्यस्थल (साइट)सौंप दिया गया। • समझौते को अंतिम रूप देना अभी बाकी है।
2	मुराईडीह (भूमिगत)	2.00	339.88	शून्य	• 25.03.2011 को समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

					• संशोधित समझौते पर 22.06.2012 को हस्ताक्षर किया गया। • बिडर द्वारा 29.09.2012 को डीपीआर जमा किया गया। • बीसीसीएल द्वारा 29.01.2013 को डीपीआर स्वीकार किया गया। • कार्य शुरू करने के लिए जनवरी, 2014 में एमओसीपीसे 3.3 के वी विद्युत आपूर्ति का प्रबंध किया गया। • इन्कलाइन खुदाई के स्थान पर 3.48 हेक्ट. भूमि का अधिग्रहण करके जनवरी, 2014 में उसे बीसीसीएल द्वारा अपने अधिकार में ले लिया गया। • प्रस्तावित स्थल पर इन्कलाइन ड्राइवेज काम जनवरी, 2014 में शुरू कर दियागया है। खुदाई एवं समतल करने के लिए जेवीजी मशीन लगाई गई है।
3	कपुरिया (भूमिगत)	2.00	988.35	शून्य	• 10.09.2011 को एलओए निर्गत किया गया। • बीसीसीएल और मेसर्स एएमआर-बीबीबी कन्सोजियम के बीच समझौते पर 18.04.2012 को हस्ताक्षर किया। • 26.12.2012 को टीआरआर मंजूर किया गया। • 11.07.2013 को बीसीसीएल द्वारा डीपीआर स्वीकार किया गया। • 20.12.2013 को लोक सुनवाई हुई। • 22.02.2014 को अंतिम ईएमपी पर्यावरण व वन मंत्रालय के पास प्रस्तुत कर दिया गया।
4	मुनीडीह XV सीम (भूमिगत)	1.50	1230.27	शून्य	• 07.09.2011 को एलओए जारी किया गया। • बीसीसीएल और मेसर्स आइएनडीयू-एससीसीए-बीयूसीवाईआरयूएस (कन्सोर्जियम) के बीच 18.04.2012 को समझौते को अंतिम रूप दिया गया। • 25.05.2013 को संवेदक द्वारा डीपीआर जमा किया गया। सीएमपीडीआइ, रांची द्वारा मूल्यांकन किया गया। सहमति दी गई। • 26.08.2013 को ईसी मंजूर किया गया। • 10.01.2014 को एमसीसीएल द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किया। • समझौते पर बीयूसीवाइआरयूएस (संघ सदस्य) का हस्ताक्षर अभी करना बाकी है।
5	बागडीगी (एयूजी)	0.27	11.54		वर्तमान में उत्पादन रोक दिया गया है। क्षेत्र द्वारा फोर क्लोजर रिपोर्ट तैयार किया जाना है।

	आर पी आर भूमिगत				
6	बरारी IX/X सीम आर पी आर यू जी	0.24	7.88		वर्तमान में IX/X सीम से उत्पादन रोक दिया गया है। क्षेत्र द्वारा फोरक्लोजर रिपोर्ट तैयार किया जाना है।
7	गोलकडीह (एन सी) ओ सी पी	1.20	12.27		समापन प्रतिवेदन क्षेत्र द्वारा तैयार किया जाना है।
8	दामोदा बी जे सेक्शन	0.60	7.78		भूमि समस्या के कारण परियोजना अभी भी शुरू नहीं की जा सकी।
	कुल	**8.26**	**2711.34**		

18.8 परियोजना के कार्यान्वयन के तहत सहमति ज्ञापन (एमओयू) के मानदंडों का अनुपालन:

क्रम सं.	मानदंड	सहमति ज्ञापन	उपलब्धि
1	मुनीडीह XV सीम के डीपीआर की स्वीकृति	2.3.1(iii) (क) (i)	संवेदक द्वारा दिनांक 25.05.2013 को डीपीआर प्रस्तुत किया गया तथा सीएमपीडीआइ, रांची द्वारा मूल्यांकन करने/ सहमत होने के बाद बीसीसीएल द्वारा 28.12.2013 को स्वीकार किया गया।
2	मुनीडीह के लिए मूल प्ररूप (Prototype) हेतु एलडब्ल्यू उपकरण के लिए डीजीएमएस की अनुमति	2.3.1(iii) (ख) (i)	12.11.2013 को डीजीएमएस की अनुमति मिली।
3	मुराइडीह पिट / इन्कलाइन साइट पर स्थल की आधारभूत संरचना तथा विद्युत आपूर्ति	2.3.1(iii) (ख) (i)	जनवरी, 2014 में इन्कलाइन ड्राइवेज के लिए भूमि की व्यवस्था कर ली गई है। एमओसीपी से 3.3 के वी विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कार्य शुरू कर ली गई है।
4	मुराइडीह यूजी में इन्कलाइन ड्राइवेज (बोल्टर माइनर) के लिए उपकरण	2.3.1(iii) (ख) (ii)	प्रस्तावित स्थान पर इन्कलाइन ड्राइवेज जनवरी, 2014 में ही शुरू कर दिया गया है। खुदाई एवं समतल बनाने के उद्देश्यके लिए जेवीजी मशीन लगाई गई है। प्रस्तावित बोल्टर माइनर की जरूरत बाद में होगी।
5	100 करोड़ रूपये माइंस से ज्यादा लागत वाली अथवा 2 एमटीवाई (1 परियोजना) परियोजनाओं के लिए मास्टर कन्ट्रोल नेटवर्क (MCN) तैयार करना	2.3.1(iv) (क)	मुनीडीह xv सीम यूजी प्रोजेक्ट के लिए एमसीएन अक्टूबर,2013 में तैयार किया गया।
6	एमओएसपीआइ अनुवीक्षित परियोजनाओं की तिमाही अद्यतन रिपोर्ट की प्रस्तुति	2.3.1(iv) (ख)	पूरा कर लिया गया।
7	ड्राफ्ट पीआर (1 यूजी टर्न की परियोजना) का समझौता तथा मंजूरीको अंतिम रूप देना	2.3.3(i)	कपुरिया यूजी परियोजना का डीपीआर 11.07.2013 को स्वीकार किया गया।

8	एच/एचईएमएमओसी प्रोजेक्ट (0.50 एमटी) (1नं.) की शुरूआत	2.3.3(iii)	**1.** कतरास क्षेत्र की एकेडब्ल्यूएम कोलियरी की कुमारी जोड एच/एचईएमएमओसी पैच 29.07.2013 को प्रारंभ। परियोजना से 1.06 एमटी कोयला उत्पादन तथा स्वथान ओबीआर 1.247 एमसीक्यू मी.। **2.** सीआइएल बोर्ड द्वारा 12 फरवरी, 2014 को नार्थ तिसरा /साउथ तिसरा ओसी विस्तार (6 एमटीपीए) का अनुमोदन कर दिया गया। बीसीसीएल /सीआइएल बोर्ड के अनुमोदन नोट की कार्यसूची टिप्पणी में दी गई सूचना के अनुसार किराये का एचईएमएम लगाकर परियोजना के विविध कार्य प्रारंभ कर दिये गए हैं। परियोजना में 3.17 लाख टन कोयला का उत्पादन हुआ है तथा 9.87 लाख क्यू. मी. मलवा हटाया गया है।
9	दीर्धकालीन योजना के दस्तावेज को अद्यतन बनाना	3.1.1	28.12.2013 को सीआइएल के पास भेज दिया गया।

18.9 सीबीएम प्रोजेक्ट की शुरूआत:

यूएनडीपी / जीईएफ. जीओआइ कोलबेड मिथेन निकालना एवं वाणिज्यिक उपयोजन परियोजना,मुनीडीह।

i. अनुमोदन: कोयला मंत्रालय द्वारा पत्रांक 34012/15/96-सीआरसी दिनांक 15 सितंबर, 1999 के माध्यम से अनुमोदन दिया गया।

ii. उद्देश्य: मुनीडीह प्रोजेक्ट, प. झरिया, बीसीसीएल में कोयला निकालने के पहले, निकालने के दौरान एवं बाद में निकालने पर सीबीएम का अनुसंधान, दोहन एवं वाणिज्यिक उपयोग का प्रदर्शन करना।

iii. कार्य निष्पादन करने वाली एजेंसी: कोयला मंत्रालय

iv. कार्यान्वयन करने वाला एजेंसी: बीसीसीएल

v. वित्त पोषित: यूएनडीपी, जीईएफ एवं भारत सरकार (जीओआइ)

vi. गैस ब्लॉकः झरिया

vii. अनुमानित सीबीएम गैस उत्सर्जनः कुल 200000 क्यूविक मीटर/प्रतिदिन मुनीडीह में (3000 क्यूविक मीटर प्रति दिन प्रतिकूप की दर से)

viii. मुनीडीह में सीबीएम उपयोजन कार्यक्रमः गैस आधारित उत्पादन इकाई (आइसी) 4 की मदद से 1 (एक) मेगावाट का उत्पादन

ix. सीबीएम कुओं की गहराई हेतु सीबीएम उपयोजन कार्यक्रम
   a. सतही कूप- (800 से 1000)मीटर
   b. जीओबी कूप- 300 मीटर

x. सीबीएम गैस में अनुमानित मिथेन का प्रतिशत
   a. सतही कूप =95%
   b. जीओबी कूप=(70 से 80)%

xi. कैलोरिफिकवैल्यू में कोयले की समतुल्यता
   1 मिट्रिक टन कोयला =1066 क्यूविक मीटर सीबीएम

xii. परिचालन का अनुक्रम:

क. ड्रिलिंग

ख. जियोफिजिकल लॉगिंग

ग. केसिंग

घ. सिमेंटेशन

ङ. छिद्रण

च. हाइडोफ्रैकचरिंग

छ. पंपिंग/उत्पादन

xiii. सीम की ड्रिलिंगः सर्वोच्च (टॉपमोस्ट)सीम से X सीम तक

xiv. xv. अब तक गैस उत्पादन(मार्च,2014 तक) : 15,58,129 क्यूबिक मीटर

xvi. कुल श्रमशक्ति : 37 (01.04.14 तक)

xvii. अब तक पी एम ई किया गयाः 41 (मार्च, 2014)

xviii. अब तक वी टी सी किया गया : 35 (मार्च,14 तक)

19.0 उर्जा संरक्षण

पिछले वर्ष 30.29 के डब्लू एच/टी की तुलना में 2013-14 में विनिर्दिष्ट उर्जा खपत 29.45 के डब्लू एच/टी है।

19.1 बिजली एवं ईंधन खपत

	विवरण	2013-14	2012-13
क-	खरीदी गई इकाई(एमकेडब्लूएच)	960.32	945.45
	कुल राशि (करोड़ रु. में)	404.87	397.66
	औसत दर/इकाई(रु. प्रतिदिन)	4.23	4.21
ख-	डी जी सेटों द्वारा (एमकेडब्लूएच)	0.014	0.034
	एच एस डी की इकाई/लीटर	2.30	2.35
	औसत लागत/के डब्लू एच(रु./के डब्लू एच)	42.00	48.25

20. सुरक्षा

20.1 सुरक्षा संबंधी आंकड़े नीचे दर्शाए गए है :-

दुर्घटना विवरण	2013-14	2012-13	2011-12
प्राणघातक दुर्घटनाओं की संख्या	8	7	7
मृतकों की संख्या	11	7	7
गंभीर रूप से घायलों की संख्या	20	24	33

20.2 रॉक मास रेटिंग :

मार्च, 2013 तक किए गए कार्य में सभी विकसित क्षेत्र के रॉक मासरेटिंग को एस एस आर की समुचित फ्रेमिंग के लिए निर्धारित किया गया था और इस पर पर्याप्त सपोर्ट सुनिश्चित किया गया। इस उद्देश्य के लिए मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर अलग से संस्तर नियंत्रण कोषांग स्थापित किया गया है।

20.3 (क) स्टील सपोर्ट :

वर्ष 2013-14 एवं 2012-13 के दौरान रूफ सपोर्ट के लिए स्टील सामग्री की खपत निम्नलिखित हैः

क्रम संख्या	**मद**	**2013-14**	**2012-13**
(क)	20 एम एम टार स्टील	1249 टन	1433.46 टन
(ख)	4 इंच एम एस पाइप (पीइएन)	शून्य	शून्य
(ग)	स्टील चॉक्स	437 सेट	476 सेट
(घ)	1.6 मिमी. एम एस शीट	46.49 टन	50.283 टन
(ड.)	6 मिमी. एम एस फ्लैट	19.40 टन	50.050 टन
(च)	6 मिमी x 150 मिमी. एम एस शीट	249.30 टन	331.33 टन

20.4 सुरक्षा अंकेक्षण:

- 64 खानों में चौथे चक्र का सुरक्षा अंकेक्षण पांच बाहरी विशेषज्ञों द्वारा पूरा किया जा चुका है।
- बीसीसीएल की 55 खानों में पांचवे चक्र का सुरक्षा अंकेक्षण छः बाहरी विशेषज्ञों द्वारा पूरा कर लिया गया है।
- 41 खानों में छठे चक्र का सुरक्षा अंकेक्षण हमारे अपने अधिकारियों की टीम द्वारा पूरा किया जा चुका है।
- बीसीसीएल के सभी खदानों में सुरक्षा अंकेक्षण संबंधी लंबित कार्य बाहरी विशेषज्ञों द्वारा अंतर क्षेत्रीय सुरक्षा अंकेक्षण का कार्य हमारे अपने अधिकारियों की टीम द्वारा पूरा किया जा चुका है।

20.5 सहसंबंध सर्वेक्षण :

सरफेस के साथ भूमिगत खानों में सही समन्वय/संबंध की जांच एवं स्थापना के उद्देश्य से सीएमपीडीआइएल द्वारा गैरोथियोंडोलाइट जैसी आधुनिकतम प्रणाली का प्रयोग करते हुए सह संबंध सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया। 42 खानों की 71 सीमों/संस्तरों के 69 पिटों में अप्रैल, 06 में यह कार्य पूरा कर लिया गया है।

20.6 जाँच सर्वेक्षण:

69 खानों में जांच सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। नियमित जांच सर्वेक्षण प्रगति पर है। वर्तमान में मुदीडीह में जांच सर्वेक्षण पूरा हो गया है। पुटकी बलिहारी एवं बोर्रागढ़ में जांच सर्वेक्षण का काम प्रगति पर है जो मुख्यालय सर्वे टीम द्वारा किया जा रहा है। 70 खानों में से निम्नलिखित खानों में बाहरी एजेंसियों द्वारा जांच सर्वेक्षण किया गया है :

1.	बोर्रागढ़	आइ एस एम द्वारा
2.	कनकनी	सीएमपीडीआइएल द्वारा
3.	के बी 5/6	- वही -
4.	होरलाडीह	- वही -
5.	ईस्ट भगतडीह	- वही -
6.	भौरा (साउथ)	- वही -

20.7 खानों के सुरक्षा स्तर में सुधार हेतु किए गए अन्य सुरक्षा उपाय :-

1. फेस से 0.6 मीटर की दूरी तक उचित तरीके से एवं पर्याप्त मजबूती के साथ रूफ बोल्ट फिक्स करने से पहले फेस में कोई ड्रिलिंग न करना ।

2. बिना आडियो-विजुअल अलार्म के कोई भी ट्रासपोर्ट संबंधी मशीन न चलाना।
3. पब्लिक रोड से पृथक कोयला परिवहन के लिए हॉल रोड करें और छोटे वाहनों के लिए पृथक सड़कों की व्यवस्था ।
4. डंप एरिया में उचित निर्धारित स्थान पर सीमित व्यक्तियों को नियोजित करना सुनिश्चित किया जाना ।
5. प्रतिष्ठापित किए गए वाइंडिंग को चरणबद्ध तरीके से हटाना सुनिश्चित किया जाना।
6. प्रतिष्ठापित किए गए वाइंडिंग की जांच/परीक्षण कोलियरी इंजिनियर द्वारा दैनिक आधार पर, ए एम (ई एंड एम), ए एम (सेफ्टी), कोलियरी इंजिनियर से मिलकर बनी समिति द्वारा मासिक आधार पर और मुख्यालय की टीम द्वारा त्रैमासिक आधार पर किए जाने का सुनिश्चितीकरण ।
7. सक्षम प्राधिकारी की निगरानी में अनुभवी ऑपरेटरों का नियोजन करें और गर्म ओ बी/कोयला निकालने से पहले उसे पानी से बुझाने का सुनिश्चितीकरण ।
8. चार्जिंग से पहले ब्लास्ट होज को उचित तरह से 80 डिग्री से. से नीचे के तापमान तक ठंडा करना और इसे पाइरोमीटर/डिजिटल थर्मामीटर द्वारा सुनिश्चित करना ।
9. ऊँचाई एवं अन्य असुरक्षित स्थानों पर काम करते समय सुरक्षा बेल्ट एवं सुरक्षात्मक उपकरणों का प्रयोग ।
10. निर्माण कार्यों द्वारा चरणबद्ध तरीके से आने-जाने वाले रास्तों में नियमित रूप से स्टेप कटिंग एवं सुधार किया जाना ।
11. हॉलेज सड़कों में अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर कोई अन्य व्यक्ति न आए-जाए और टब राइडिंग को रोकने (टब पर सवारी) के लिए प्रबंधक/उप प्रबंधक/माइनिंग सुपरवाइजर द्वारा औचक पर्यवेक्षण को बढ़ाया जाना ।
12. सुरक्षा संबंधी विषयों पर नियमित रूप से चर्चा करना ।
13. श्रमिकों द्वारा खदान के अंदर प्रतिदीप्ति वाला फीता/जैकेट का प्रयोग सुनिश्चित करना ।
14. उपयुक्त आकार के पोर्टेबल विश्राम स्थल मुहैया किया गया एवं प्रत्येक बेंच में इसका रख-रखाव करना ।

जलप्लावन

ऐसी दुर्घटनाओं को कम करने के लिए बीसीसीएल में निम्नलिखित कार्रवाई की गई है :-

(क) मुख्यालय के वरीय अधिकारियों को समय-समय पर रात्रि पाली में निरीक्षण का निर्देश दिया गया है,ताकि रात्रि पाली में निरीक्षण की संख्या बढ़ाया जा सके ।

(ख) पांच बाह्य विशेषज्ञों ने 64 खानों में चौथे चक्र का सुरक्षा अंकेक्षण पूरा किया तथा बीसीसीएल की 55 खानों में पांचवे चक्र का सुरक्षा अंकेक्षण 6 बाह्य विशेषज्ञों द्वारा पूरा किया गया है। भूमिगत खदान के साथ-साथ खुली खदानों में छठे चक्र का सुरक्षा अंकेक्षण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

(ग) प्रत्येक मानसून के पहले प्रत्येक खान में सरफेस तथा भूमिगत दोनों स्रोतों से होने वाले जलप्लावन के खतरों की जांच की जाती है।

(घ) बीसीसीएल की सभी खानों में जोखिम आकलन का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रत्येक छः माह में इसकी समीक्षा की जाती है।

(ङ) बीसीसीएल की खानों में विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

(च) आपातकालीन उद्देश्य के लिए पंपों तथा अन्य संबंधित सामग्री को मध्य स्थल पर रखा गया है।

(छ) भूमिगत नक्शे में और भूमिगत चालू कार्य स्थलों पर बचकर निकलने के मार्गों को चिन्हित किया गया है।

(ज) मानसून आने के पूर्व पूर्वाभ्यास (मॉक) प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है।

(झ) जिन खदानों के दूसरे किनारों पर पहुंचना दुर्गम है, वहां अवरोध की मोटाई निश्चित करने हेतु भू-बेधक रडार की अद्यतन तकनीक का प्रयोग एन आइ आर एम के माध्यम से पुटकी ,फुलारीटांड़ तथा मधुवन की तीन खानों में 2004 में किया गया।

छत गिरना (रूफ फॉल)

(क) चट्टानों के भू-यांत्रिकी तत्वों का अध्ययन किया जा रहा है तथा आलंबन प्रणाली को आर एम आर के आधार पर वैज्ञानिक तौर पर तैयार किया जा रहा है और उसे डी जी एम एस से बकायदा अनुमोदित कराया जा रहा है।

(ख) भूमिगत खदानों में विकासपरक कार्यों को सहारा देने के लिए शीघ्र जमने वाले सीमेंट ग्राउटेड रूफ बोल्ट की अत्याधिक प्रयोग।

(ग) काष्ठ आलंबन को हटाकर अब स्टील आलंबन से बदला जा रहा है। लांगवाल आयतनों में पावर आलंबन उपलब्ध कराया जा रहा है।

(घ) श्रमिकों के लिए ग्रीन रूफ संकटों में कमी लाने के लिए मैनुअल लोडिंग के स्थान पर एसडीएल/एल एच डी का प्रयोग और ई जे एरिया के 4 क्षेत्रों को छोड़कर सभी मैनुअल क्षेत्रों को एसडीएल/एल एच डी क्षेत्रों में तब्दील किया गया है।

(ङ) प्रत्येक खदानों के उत्पादन बनाम रूफ बोल्टिंग रिकार्ड को रजिस्टर में दर्ज किया जाता है।

(च) डिपिलरिंग पैनल कार्य में डी जी एम एस की अनुमति की शर्तों का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

(छ) संस्तर नियंत्रण पर विशेष सुरक्षा अभियान/सेमिनार का आयोजन हुआ।

20.8 अन्य कारण:

(i) खुली खदानों में दुर्घटनाओं को कम करने के कुछ निम्नलिखित उपाय किए गए है :-

- ओपेनकास्ट खानों में विभिन्न संकटकालीन कार्यों के लिए व्यवहार नियमावली बनाकर उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है।
- यातायात नियमों का कार्यान्वयन ,सड़कों की जांच, कंपनी के इंजीनियरों द्वारा ठेकेदारों के वाहनों / उपकरणों की जांच
- एचइएमएम चालकों तथा ठेका श्रमिकों का प्रशिक्षण
- पोस्टरों, प्रचार व प्रसार, सुरक्षा अभियान तथा सुरक्षा सप्ताह आदि के माध्यम से सुरक्षा जागरूकता में वृद्धि।

(ii) सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने हेतु ठेका श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों ,सुपरवाइजरों तथा अधिकारियों का प्रशिक्षण तथा प्रतिधारण पर जोर।

(iii) खदान की वातावरण की लगातार हस्तस्थ गैस डिटेक्टर, फ्लेम सुरक्षा लैम्प द्वारा की जाती है। बीसीसीएल के अत्याधिक गैसी खदानों में खदान के वातावरण की सतत मानिटरिंग के लिए 45 एल एम डी मुहैया कराया गया है जिसे संस्थापित कर दिया गया है।

(iv) निम्नलिखित प्रकार के निरीक्षण पर जोर दिया जा रहा है :-

क. कंपनी मुख्यालय के वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकों/महाप्रबंधकों तथा एजेंटों द्वारा जांच।

ख. रात्रिपाली निरीक्षण

ग. आइ एस ओ कर्मियों द्वारा निरीक्षण।

(v) दुर्घटनाओं तथा घटनाओं के समीक्षात्मक विश्लेषण हेतु कंपनी के विभिन्न स्तरों पर सुरक्षा से जुड़ी समन्वय बैठकों के साथ-साथ गहन विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया जा रहा है।

(vi) डी जी एम एस से अनुमति लेने के पूर्व आइ एस ओ, एच क्यू द्वारा योजना की वेटिंग की प्रणाली शुरू की गई है।

(vii) पिट सुरक्षा समिति के कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावशाली बनाया गया है।

(viii) क्षेत्रीय स्तर पर व्यावसायिक स्वास्थ्य विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन करना।

(ix) कंपनी के सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों द्वारा खानों का निरीक्षण।

(x) कंपनी में प्रशिक्षण संबंधी कार्य-निष्पादन-

क्र. सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रकार	2013-14	2012-13
1.	प्रबंधन प्रशिक्षण	2716	2901
2.	तकनीकी प्रशिक्षण	1919	2272
3.	आइ आइ सी एम	463	388
4.	विदेश में प्रशिक्षण	01	0
	कुल	**5099**	**5561**

(xi) प्रशिक्षण संबंधी कार्य निष्पादनः

क्रम सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रकार	2013-14	2012-13
1	बुनियादी	521	548
2	पुनश्चर्या	8718	8244
3	विशेष एवं अन्य	1594	1311
4	सुरक्षा सम्मेलन के अनुसार	5935	5081
	कुल	**16768**	**15184**

(xii) 2013-14 के दौरान कंपनी के क्षेत्रीय स्तर पर त्रिपक्षीय बैठकों का आयोजन विभिन्न तिथियों में हुआ।

20.9 एम ओ यू के अनुसार गतिविधियां एवं कार्य निष्पादन संबंधी सुरक्षा(संदर्भ एम ओ यू मद संख्या 3.3)

क्र.संख्या	कार्य निष्पादन एवं गतिविधियां	स्थिति (अंकों में)
1	सुरक्षा प्रबंधन योजना की तैयारी(एस एम पी)(खान)[3.3.1]	10
2	मशीनीकृत रूफ बोल्टिंग मशीनें [3.3.2]	5 नवम्बर, 2013 को कार्यादेश जारी किया गया तथा उपकरणों को प्रेषित किया गया
3	गैस क्रोमेटोग्राफ का अधिष्ठापन (एक) [3.3.3]	प्रापण के अधीन
4	सिम्युलेटर के माध्यम से प्रशिक्षण	76 डंपर ऑपरेटर

21 कार्मिक

21.1 श्रमशक्ति की स्थिति

31-3-2013 की तुलना में 31-3-2014 तक कंपनी की तुलनात्मक श्रमशक्ति निम्नलिखित हैः-

क्रम सं0	वर्ग	स्थिति		वृद्धि/ हास
		31-3-2013 को	31-3-2014	अप्रैल 13 से मार्च, 2014 तक
(1)	अधिकारी	2603	2543	-60
(2)	मंथली रेटेड	10702	9851	-851
(3)	डेली रेटेड	44643	43199	-1444
(4)	पीस रेटेड	3008	2527	-481
(5)	अन्य	742	840	98
(5)	कुल	61698	58960	-2738

21.2 बीसीसीएल के कर्मचारियों का सर्वे-

बीसीसीएल ने बाहरी एजेंसियों द्वारा आयोजित किए गए सर्वें में भाग लिया (नियोक्ता का चयन, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, काम करने के लिए सबसे उपयुक्त जगह इत्यादि) (संदर्भ- एम ओ यू परिशिष्ट XIV F.1)

क्रम	एच आर एम.प्रदर्शन संकेत	माप की इकाई	भार	वास्तविक कार्य	स्वमूल्यांकन

सं0				निष्पादन (इसे सी पी एस इ द्वारा कार्य मूल्यांकन के प्रस्तुतिकरण के समय भरा जाए)	स्कोर (सी पी एस ई द्वारा)
क	**योग्यता एवं नेतृत्व विकास**				
	क-1 अनिवार्य				
1.	प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष प्रशिक्षण योजना एवं प्रशिक्षण दिवसों का कार्यान्वयन %	प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष/दिवसों तथा पालन %	5	100.8 (259 में से 261 की प्राप्ति हुई)	5
2.	वृत्ति योजना एवं विकास की पद्धति के जरिये अग्रणी नेतृत्व विकसित करना	योजनाबद्ध नेतृत्व विकास कार्यक्रमों का पालन %	5	138 व्यक्ति	5
3.	कर्मचारी के लागत के % के रूप में प्रशिक्षण बजट	कर्मचारी लागत का %	5	0.190	5
4.	गैर अधिकारी वर्गों के बहुकौशल/कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण योजना का पालन %	%	5	एच आर डी में 2384 व्यक्ति तथा जी वी टी सी से 16768	5
	क-2 ऐच्छिक (निम्नलिखित पांच में से कम से कम एक एम ओ यू में लें)				
1	नयी/आधुनिक प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण इंटरवेंशन नये प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण योजना का पालन %	%	5	187 व्यक्ति	5
	कुल		25		25
ख	**कार्य निष्पादन प्रबंधन**				
1	पी एम एस रेटिंग में बेल कर्व दृष्टिकोण का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना	हाँ/नहीं	4	नहीं	
2	कार्य प्रबंधन प्रणाली सहित अधिकारियों के विकासात्मक योजना की सहलग्नता	हाँ/नहीं	3	हाँ	3
3	पी एम एस से जुड़ी पी आर पी का क्रियान्वयन	हाँ /नहीं, विवरण	3	हाँ, नीति के अनुसार	3
	कुल		10		6
ग	**भर्ती, प्रतिधारण एवं योग्यता प्रबंधन**				
1	श्रमशक्ति युक्तिकरण द्वारा				
	-पुनर्नियोजन	%	5	3.56%	5
2	कुल कर्मचारियों में कमी का %	%	5		
3	परामर्शदाता विकास कार्यक्रम परामर्शदाता एवं परामर्श प्राप्तकर्ता की संख्या	हाँ/नहीं, संख्या	5	हाँ, दो कार्यक्रम आयोजित (9-10 मई,13 तथा 11-12 फरवरी, 14)	5
4	जॉब रोटेशन सिस्टम, रिवार्ड सिस्टम, उच्च प्रबंधन कार्यक्रम के लिए वरीय अधिकारियों को प्रायोजित करना, ग्रोथ, विकास अवसरों इत्यादि के रूप में योग्यता प्रबंधन हेतु प्रतिपादन/कार्यान्वयन पद्धति	3	5	कार्यान्वयन के अंतर्गत 3 योजनाएं	5

	कुल		20		15
घ	रचनात्मक एवं नवाचार के योग्य बनाना				
1	राष्ट्रीय पुरस्कारों (पी एम शर्मा पुरस्कार, विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार) के लिए प्रस्तुत किए गए नामांकन/प्रविष्टियों की संख्या	राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए प्रस्तुत किए गए नामांकन /प्रविष्टियों की संख्या	5	उत्खनन विभाग से 1	4
2	प्रतिवर्ष प्रति कर्मचारी के लिए बनाये गए प्रस्तावों की संख्या	प्रति कर्मचारी की संख्या	5	शून्य	
3	वर्ष में लिए गए कुल क्वालिटी सर्किल प्रोजेक्ट्स का %	% पूर्ति	5	3 क्यू. सी. प्रोजेक्ट पूरे किए गए (लोदना-3.3 के वी Trlg केबल, कुसुन्डा-बर्न ऑयल तथा कोयला नगर 33 के वी सब स्टेशन	5
	कुल		**15**		**9**
ड.	**कर्मचारी संबंध एवं उनका कल्याण**				
1	शिकायत निवारण पद्धति की प्रभाविता- वर्ष के दौरान प्राप्ति की तुलना में निपटान किए गए शिकायतों का %	% निपटान	**4**	**33**	**0**
2	पेंशन,मेडिकेयर, तनाव को कम करने के लिए योग क्लास जिम इत्यादि जैसे वेलनेस सेंटर का स्थापन	योजना के कार्यान्वयन की तिथि/कार्यक्रमों की संख्या	**4**	तनाव प्रबंधन-4 लक्ष्य प्रबंधन-4 जीवन प्रबंधन-1 पेंशन रूल सीसीएस-1 सेवानिवृत्त होने वाले लोगों के लिए कार्यक्रम-10, नेत्र शिविर-15, परिवार कल्याण शिविर-17, स्वास्थ्य शिविर-203	**4**
3	कर्मचारी का तुष्टिकरण (सर्वे-इएसआइ)मेडिकल/अस्पताल का मापदण्ड % में	%	**4**	> 80%	**4**
4	सामाजिक सुरक्षा योजना का कार्यान्वयन और सूत्रीकरण	हॉ/नहीं	**4**	> हाँ (अध्याय-IX,NCWA-IX)	**4**
5	कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या	**4**	24 बैठक सम्पन्न	**4**
	कुल		**20**		**12**
च	**एच आर ब्रान्डिग एवं उत्कृष्टता पहल के लिए प्राप्त उपलब्धि का संकेत निम्नलिखित है।**				
1	बाहरी एजेंसियों (पसन्द का नियोजक, सर्वश्रेष्ट नियोजक, काम करने की सबसे	उपलब्धियों के साथ-साथ सूत्रपात से संबंधित विवरण दिए जाएं	**5**	सहभागिता बनी " ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट" द्वारा सर्वे का	**5**

	अच्छी जगह इत्यादि) द्वारा आयोजित सर्वे में सहभागिता			आयोजन हुआ	
2	बदलते व्यवसायिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए एच आर नीतियों का पुनरीक्षण/संशोधन/ पुनर्भियंत्रीकरण	हाँ/नहीं	5	हाँ	5
	कुल		10		10
	कुल योग		100		77

बीसीसीएल ने ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा आयोजित वर्ष 2013-14 के निमित्त बाहरी एजेंसी द्वारा नियत स्लॉट के अंतर्गत पूर्वोक्त सर्वे में भाग लिया। आयोजित किए गए कर्मचारी सर्वे का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:-

बाहरी एजेंसियों द्वारा नमूना के रूप में लिए गए कर्मचारियों की संख्या	सर्वेक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारियों की वास्तविक संख्या	प्रतिशतता
600	474	79%

21.3 सी आइ एल में कर्मचारी का सर्वेक्षण

वर्ष 2014 के निमित्त सी आइ एल ने ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्युट इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम " इंडियाज बेस्ट कंपनीज टू वर्क" का विश्लेषण करने हेतु भाग लिया।

सी आइ एल द्वारा आयोजित बीसीसीएल के कर्मचारी सर्वेक्षण का सारांश इस प्रकार है :-

सी आइ एल द्वारा सर्वेक्षण के लिए नमूना के रूप में उपलब्ध कराये गए कर्मचारियों की संख्या	सर्वेक्षण किए गए कर्मचारियों की वास्तविक संख्या	प्रतिशतता
112	90	80%

21.4 मानव संसाधन प्रबंधन (संदर्भ-एम ओ यू , मद सं.3.4)

मद	कार्यक्रम की तिथि		प्रतिभागियों की सं.	संस्था/संगठन का नाम, जहां प्रर्शिक्षण प्रदान किया गया
योजना प्रबंधन में प्रमाणित प्रशिक्षण [3.4.1]	प्रारंभ	अंत		
	09.09.2013	20.09.2013	30	आइ.एस.एम,धनबाद
	02.09.2013	14.09.2013	04	आइ आइ सी एम रांची
	09.12.2013	20.12.2013	30	आइ एस एम,धनबाद
	06.01.2014	18.10.2014	02	आइ आइ सी एम,रांची
कुल प्रतिभागी			66	

मद	कार्यक्रम की तिथि		प्रतिभागियों की सं.	संस्था/संगठन का नाम, जहां प्रशिक्षण दिया गया
	प्रारंभ	अंत		
संविदा प्रबंधन में प्रमाणित प्रशिक्षण	19.08.2013	31.08.2013	09	आइ आइ सी एम,रांची

मद	कार्यक्रम की तिथि		प्रतिभागियों की सं.	संस्था/संगठन का नाम, जहां प्रशिक्षण दिया गया
	प्रारंभ	अंत		
पर्यावरण प्रबंधन, वन,तथा भू-अधिग्रहण के लिए औपचारिक प्रशिक्षण [3.4.3]	06.02.2014	07.02.2014	39	एच आर डी, बीसीसीएल

मद	कार्यक्रम की तिथि		प्रतिभागियों की सं.	संस्था/संगठन का नाम, जहां प्रशिक्षण प्रदान किया गया
औपचारिक जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण (सीनियर लेवल) [3.4.4]	प्रारंभ	अंत		
	06.08.2013	07.08.2013	04	एच आर डी,बीसीसीएल
	03.09.2013	06.09.2013	05	एच आर डी,बीसीसीएल
	07.10.2013	10.10.2013	06	एच आर डी,बीसीसीएल
	07.01.2014	09.01.2014	05	एच आर डी,बीसीसीएल
	29.04.2013	10.05.2013	14	ए एससीआइ,हैदराबाद
कुल प्रतिभागी			34	

21.5 कर्मचारी एवं उच्चस्तरीय प्रबंधन के सम्मिलन हेतु कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सी एस आर) एवं सततता (संदर्भ-एम ओ यू) मद संख्या-2.4.1.1]

क) मानस पटल को संवेदनशील बनाने के लिए सेमिनार/कार्यशाला तथा प्रशिक्षण – वित्तीय वर्ष के दौरान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

ख) सेमिनार/कार्यशाला में उच्चस्तरीय प्रबंधन की उपस्थिति- वर्ष के दौरान संपन्न बैठकों में निदेशक(कार्मिक), निदेशक(तक.)परिचालन तथा निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना ने भाग लिया।

ग) उपर्युक्त कार्यक्रमों में शामिल किए गए कर्मचारियों की कुल संख्या– कंपनीके शीर्ष प्रबंधन द्वारा आयोजित उपर्युक्त कार्यक्रम में 202 कर्मचारियों ने भाग लिया।

21.6 सांविधिक पदों के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या

ब्यौरा	2013-14	2012-13	2011-12
माइन मैनेजरशिप	144	127	108
ओवरमैन	79	35	55
माइनिंग सरदार	198	283	294
सर्वेयर	77	92	119
वाइंडिंग इंजन ऑपरेटर	77	79	87
गैस परीक्षण	231	411	350
विद्युत पर्यवेक्षक	69	31	30
कुल	875	1058	1043

सांविधिक पदों केलिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या (सचित्र प्रदर्शन)



21.7 पिछले तीन वर्षों का घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रम

विवरण	2013-14	2012-13	2011-12
प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों की संख्या	6946	6417	6445

सांविधिक श्रमशक्ति हेतु कौशल विकास, सतर्कता जागरूकता प्रशिक्षु प्रबंधन का प्रेरण/पारस्परिक संबंध, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी , महिला विकास तथा कम्प्यूटर जागरूकता जैसे विवेचनात्मक विषयों पर विशेष बल दिया जा रहा है।



वर्ष 2013-14 के दौरान प्रशिक्षित किए गए महिला कर्मचारी

विवरण	2013-14	2012-13	2011-12
अधिकारी	193	178	175
पर्यवेक्षक	67	180	144
श्रमिक	389	355	604
कुल	649	713	923

टिप्पणी:- 2011-12 के दौरान बड़े पैमाने पर निरक्षर महिला कर्मचारियों के बीच चलाये गए साक्षरता कार्यक्रम में 2012-13 में क्रमश:उनकी निरक्षरता में कमी आयी । उपर्युक्त आंकड़े से स्पष्ट है कि 2011-12 के दौरान कुल 604 की तुलना में 2012-13 में कुल निरक्षर महिला कर्मियों की संख्या 355 रह गयी है।

21.8 वर्ष 2013-14 के दौरान एम ओ यू तथा गैर एम ओ यू के लिए संस्थानवार आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्था का नाम	2013-14	2012-13	2011-12
एम डी आइ	2981	2544	2642
एस डी आइ	1341	1324	1462
एम टी आइ	849	935	867
ई एम टी आर	1775	1614	1474
कुल	6946	6417	6445

2013-14	6946 (निर्धारित -5257 +गैर निर्धारित1689)
2012-13	6477 (निर्धारित-4893 + गैर निर्धारित-1524)
2011-12	6445 (निर्धारित-4253+ गैर निर्धारित-2192)



21.9 आइ आइ सी एम, रांची में प्रशिक्षण

2013-14	2012-13	2011-12
463	388	298

21.10-वी टी सी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

विवरण	2013-14	2012-13	2011-12
बुनियादी	521	548	724
पुनश्चर्या	8718	8244	8721
विशेष एवं अन्य	7529	6392	4265
कुल	16768	15184	13710

21.11-बाह्य प्रशिक्षण

2013-14	2012-13	2011-12
1070	536	752



21.12-अप्रेंटिस एक्ट के तहत पी डी पी टी प्रशिक्षण

2013-14	2012-13	2011-12
97	57	41

बी ओ पी टी (ई आर, कोलकाता) के उल्लेखानुसार पी डी पी टी की अधिकतम अनुमत संख्या किसी भी समय 100 व्यक्तियों से अधिक नहीं होना चाहिए।

21.13 एच आर डी द्वारा किया गया विशेष पहल

1. **उत्थान**- बीसीसीएल प्रबंधन ने अपने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी के बच्चों को भूमिगत प्रशिक्षण देने तथा डी जी एम एस द्वारा आयोजित सरदारशिप तथा सर्वेयरशिप परीक्षा के लिए उन्हें योग्य बनाने का निर्णय लिया है। इस योजना का नाम "उत्थान" है।

   प्राप्त,स्वीकृत तथा अस्वीकृत किए गए आवेदन का विवरण निम्नलिखित है:-

स्ट्रीम	प्राप्त आवेदन की सं.	स्वीकृत किए गए आवेदनों की संख्या	अस्वीकृत आवेदन की संख्या
सरदारशिप	1572	665	907
सर्वेयरशिप	293	114	179
कुल	1865	779	1086

   स्वीकृत किए गए कुल 779 आवेदन (सरदारशिप 665, सर्वेयरशिप 114) में 125 सरदारशिप तथा 25 सर्वेयरशिप के लिए चयनित किया गया है।
   प्रकार्य निदेशकों की बैठक में इस पर व्यापक रूप से चर्चा हुई थी तथा यह निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रभावित लोग, अग्नि प्रभावित लोग तथा आसपास के स्थानीय ग्रामीणों के लिए भी इस प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाएं।

2. **होम ग्रीन टिम्बर तथा सुपर-40 (सांविधिक श्रमशक्ति विकास)**

   कंपनी के लिए महत्वपूर्ण पदों जैसे माइनिंग सरदार, ओवरमेन,सर्वेयर,प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी खान प्रबंधकों में सांविधिक श्रमशक्ति का विकास करना एक विशेष कार्य रहा है। मानव संसाधन विकास विभाग के तहत माइनिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा होम ग्रोन टिम्बर एवं सुपर-40 योजना की सफलता में कंपनी के विकासशील सांविधिक श्रमशाक्ति में बेंचमार्क स्थापित किया गया ।

3. महत्वपूर्ण श्रेणी में श्रमशक्ति का विकास

कंपनी के आंतरिक संसाधनों से इलेक्ट्रिकल, सुपरवाइजर , एच इ एम एम ऑपरेटर (टी) वाइंडिंग इंजिन ऑपरेटर(टी) जैसे महत्वपूर्ण श्रमशक्ति को तैयार करने में एच आर डी के अंतर्गत एक्सवेशन एंड मेकेनाइजेशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट [EMTI] की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपर्युक्त के अलावा यह कार्मिक में दक्षतापूर्ण सुधार तथा विद्युत,यांत्रिक एवं एच इ एम एम उपकरण के रख-रखाव एवं परिचालन में भागीदारी में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	2013-14	2012-13	2011-12
1	एच टी परीक्षा हेतु इलेक्ट्रिकल पर्सनल का एस यू	25	38	31
2	एल टी परीक्षा हेतु इलेक्ट्रिकल पर्सनल का एस यू	22	35	37
3	एस डी एल के परिचालन एवं रख-रखाव में एस यू	149	192	147
4	एच इ एम एम ऑपरेटर का एस यू+ एचइएमएम में परिचालन एवं रख-रखाव में एस यू	1039	753	604
5	सिमुलेटर प्रशिक्षण	76	0	90

4. सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण

मार्च, 2014 तक कुल 414 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निम्नलिखित कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया जा चुका है:-

1. तनाव प्रबंधन
2. लक्ष्य प्रबंधन
3. सकारात्मक जीवन प्रबंधन
4. सी सी एस (पेंशन नियमावली) के तहत पेंशन नियम
5. योग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम

22.0 कल्याण एवं सामुदायिक विकास गतिविधियां

22.1 खेलकूद एवं मनोरंजन

सभी स्तर पर कर्मचारियों में शारीरिक फिटनेस विकसित करने के साथ-साथ मनोरंजन के रास्ते उपलब्ध कराने हेतु खेलकूद कंपनी का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। प्रारंभ से ही खनिकों केलाभ के लिए भूतपूर्व कोयला खान श्रमिक कल्याण संगठन द्वारा खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा था।

खेल कूद के उन्नयन के लिए, न सिर्फ कर्मचारियों एवं उनके बच्चों बल्कि स्थानीय जनसाधारण के साथ साथ खदान के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के फायदे के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए विभाग विभिन्न कोचिंग कैंप का आयोजन कर रहा है तथा खेल सामग्री /उपकरण तथा वित्तीय सहयोग भी मुहैया कराता है। बीसीसीएल में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बहुतेरे कर्मचारी है जिन्होंने कंपनी को ख्याति दिलायी है।

वर्तमान में सी आइ एल की ओर से प्रकाशित गतिविधियों के कैलेण्डर के आधार पर खेल कूद संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसके आधार पर बीसीसीएल में वर्ष 2013-14 के दौरान खेलकूद एवं सांस्कृतिक कैलेण्डर के अनुसार निम्नलिखित खेल का आयोजन किया गया:

क्र.सं.	खेल का नाम	क्षेत्र
1	शतरंज व ब्रिज	लोदना
2	टेबल टेनिस	नेहरू कम्प्लेक्स
3	बैडमिंटन	-वही-
4	कबड्डी	गोविंदपुर
5	वॉलीबॉल	पुटकी बलिहारी
6	फुटबॉल	सिजुआ फुटबॉल स्टेडियम
7	क्रिकेट	लोदना: जिएलगोरा स्टेडियम
8	जोनल स्पोर्ट्स	जोन-I से VI: पुटकी बलिहारी/ब्लॉक-2/लोदना/ वाशरी डिवीजन/ सिजुआ/चांच विक्टोरिया
9	हॉकी	कोयला नगर:डी ए वी ग्राउन्ड
10	सेंट्रल स्पोर्ट्स	लोदना: जिएलगोरा स्टेडियम
11	अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम	वाशरी डिविजन

कर्मचारियों को बड़ी संख्या में प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा उनमें से जो अर्हता प्राप्त करते हैं वे सी आइ एल मीट में बीसीसीएल सहित विभिन्न अनुषंगी कंपनियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में बीसीसीएल की तरफ से प्रतिनिधित्व करते हैं।

उसी प्रकार से समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं तथा अंतर अनुषंगी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी कर्मचारियों की सहभागिता होती है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से होता है जिसमें कर्मचारी एवं उनके बच्चे भागीदारी करते हैं। प्रत्येक वर्ष 1 नवम्बर को कोल इंडिया स्थापना दिवस भी मनाया जाता है जिसमें पुरस्कार वितरण समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यशाला, स्टॉल, प्रभातफेरी , सर्वधर्म प्रार्थना इत्यादि कार्यक्रमों में सभी क्षेत्रों की भागीदारी होती है।

22.2 बीसीसीएल कर्मचारियों के लिए हितकारी निधि समिति

इस्को चासनाला खदान दुर्घटना के तुरंत बाद बीसीसीएल कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को वित्तीय सहयोग देने के लिए बीसीसीएल में कर्मचारियों के लिए हितकारी निधि समिति की स्थापना वर्ष 1977 में किया गया।

शुरू में, इसे प्रति कर्मचारी प्रति माह 1/- रूपये का अंशदान देकर शुरू किया गया था, जिसे धीरे-धीरे कुछ-कुछ वर्षो में बढ़ाकर वर्तमान में 10/- प्रति महीना कर दिया गया है।

उद्देश्य:-

क) सदस्य कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके आश्रित को 20,000/- की वित्तीय सहायता ।

ख) एकेडमिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्तकर्ता मेधावी छात्रों (कर्मचारी के बच्चे) को छात्रवृत्ति देना ।

ग)लंबी बीमारी के मामले में सोसायटी के सदस्यों को वित्तीय सहायता मुहैया कराना ।

घ) सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को 1000/- रू. का मानदेय ।

शिक्षा:-

बीसीसीएल ने अपने कल्याण कार्यों के रूप में अपने कर्मचारियों/श्रमिकों के साथ-साथ स्थानीय जनसाधारण के बच्चों के लिए भी बेहतर शैक्षिक सुविधाएं मुहैया कराने पर विशेष बल दिया है।

बीसीसीएल के साथ एम ओ यू के तहत कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षिक संस्थान चल रहे हैं। ऐसे विद्यालय सीबीएसई से संबद्ध है जो दो वर्गों में है-

क. परियोजना विद्यालय

ख. अर्द्ध परियोजना विद्यालय

बीसीसीएल द्वारा 11 अनुबंधित /अर्द्ध अनुबंधित विद्यालयों को वित्तीय सहायता / आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।

पूर्वोक्त परियोजना/अर्द्ध परियोजना विद्यालयों के अलावे , 80 निजी समितियों द्वारा संचालित विद्यालयों सहित 04 समेकित विद्यालय बीसीसीएल के प्रभाव क्षेत्र में चल रहे हैं, जो शिक्षा के लिए कल्याण उप समिति की अनुशंसा पर वित्तीय सहयोग प्राप्त कर रहे हैं, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

क्रम संख्या	विद्यालय की स्थिति	विद्यालयों की संख्या
1	प्राथमिक विद्यालय	54
2	मध्य विद्यालय	17
3	उच्च विद्यालय	09
	कुल	80

भारत में सरकारी मान्यता प्राप्त टेक्नीकल तथा मेडिकल कॉलेज में अध्ययन करने वाले कर्मचारियों के आश्रित/बच्चों को ट्यूशन फीस तथा हॉस्टल चार्ज की प्रतिपूर्ति

कार्यालय ज्ञापन संख्या- सीआइएल/सी-5सी/56166/633 दिनांकित 5.1.2009, तद्नुसार सूचना संख्या-सीआइएल/सी-5सी/55166/663/ दिनांकित 5.1.2009, कार्यालय आदेश संख्या-सीआइएल/सी-5सी/55121/811 दिनांकित-4.6.2009, 837 दिनांकित 24.6.2009 तथा 921 दिनांकित 10.10.2009 के अनुसार बीसीसीएल ने कर्मचारियों के तकनीकी एवं चिकित्सा शिक्षा के मद में ट्यूशन शुल्क एवं छात्रावास शुल्क के खर्च के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किया है।

छात्रवृत्ति:

कर्मचारी अपने बच्चों के लिए प्रत्येक अकादमिक सत्र हेतु (क) योग्यता आधारित छात्रवृत्ति तथा (ख) सामान्य छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते है।

क) योग्यता (मेरिट) आधारित छात्रवृत्ति

1) वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने माध्यमिक/हाईस्कूल अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी बोर्ड परीक्षा में 1 से 20 वां स्थान प्राप्त किया है, को योग्यता(मेरिट) आधारित छात्रवृत्ति दी जाएगी।

2) आइ सी एस इ/सी बी एस इ/आइ एस सी (दसवीं अथवा बारहवी) के विद्यार्थी, जिन्होंने 95% या उससे अधिक अंक प्राप्त किया है, बशर्ते कि वहां अधिकतम साढ़े चार वर्ष अथवा अध्ययन पूरा होने तक जो भी कम हो, मेधासूची प्रकाशित नहीं हुई हो, उसे भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

ख) सामान्य छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति पांचवी तथा उससे ऊपर स्नातक/स्नातकोत्तर तककिसी भी शिक्षण में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए है। अनुसचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र अंकों के न्यूनतम प्रतिशत पर 10% छूट पाने के हकदार हैं।

बैंकिंग सुविधाए:

बीसीसीएल में सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान विभिन्न बैंकों में सीधे उनके खातों में कर दिया जाता है। विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों को खदान क्षेत्रों के आसपास शाखाएं खोलने के लिए सुविधाएं प्रदान की गई हैं। वर्तमान में बीसीसीएल के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों की 130 शाखाएं संचालित हो रही हैं।

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

सीएसआर/सामुदायिक विकास कार्य से संबंधित आंकड़े निम्नलिखित है :-

वर्ष	बजट	व्यय	पिछले वर्ष किए गए व्यय में वृद्धि का %
2008-09	252.00	215.78	16.13
2009-10	275.00	257.88	19.51
2010-11	1375.00	315.00	22.15
2011-12	1450.00	622.00	97.46
2012-13	1510.00	794.33	27.65
2013-14	3050.00	2780.15	350.00

वर्ष 2013-14 केदौरान सी एस आर कार्यों पर लगभग 2780.15 लाख रूपये खर्च किए गए जो पिछले वर्ष (2012-13 के पी ए टी का 1.85%) किए गए खर्च की तुलना में 350% ज्यादा है। वर्ष 2013-14 का बजट प्रावधान 3050.00 लाख रूपये का था। [एम ओ यू मद संख्या-2.4.5]

बीसीसीएल कोयला खनन एवं इससे संबद्ध गतिविधियों से जुड़ा एक लोक उपक्रम है। देश में कोकिंग कोल खनन के मामले में यह महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बीसीसीएल प्रारंभ से ही उम्दा के रूप में सी एस आर के तहत काम करता आ रहा है। यद्यपि सी एस आर की अवधारणा बाद में आई। समाज के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बीसीसीएल पहले से ही अपने दैनिक कार्यों के साथ कल्याण एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रमों को शामिल किए हुए है।

वर्तमान में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व की संकल्पना बहुत आगे निकल गई है तथा "परोपकार" से परिवर्तित होकर "स्टेकहोल्डरों की सहभागिता" में बदल गयी है और उनको समाज के सबसे निचले तबकों के प्रति जवाबदेह बनाया जा रहा है ताकि बीसीसीएल का अभियान अपने संबंधित समुदायों में अति सक्रिय एवं सहयोगात्मक रूप से चलाया जा सके।

कंपनी अपने स्टेक होल्डरों की भूमिका एवं महत्व को पहचानती है तथा आम जनता को आधारभूत सुविधाएं देने एवं सृजन करने के आलोक में समाज में समग्र विकास लाने के लिए सामाजिक भागीदार के रूप में अपनी भूमिका के प्रति वचनबद्ध है। सी एस आर परियोजनाओं के विषय में निर्णय क्षेत्रीय स्तर की आवश्यकताओं पर आधारित होता है। एन सी एस आर हब टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस, मुंबई तथा आंतरिक स्रोतों द्वारा तैयार किए आवश्यकता निर्धारण पर आधारित सी एस आर परियोजनाएं निश्चित की गई हैं।

संक्षेप में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बेहतर निगमित नागरिकता तथा सामान्य रूप से समाज में स्टेक होल्डरों एवं विशेष रूप से इसके आसपास के समुदायों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने एवं बनाए रखने के लिए सतत प्रयासों के निर्माण करने तथा अच्छी नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए बीसीसीएल ने अपने सी एस आर गतिविधियों के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, जीविका तथा सामुदायिक विकास की बीड़ा उठाया है। इससे संबंधित निम्नलिखित गतिविधियां चलाई जा रही हैं-

जलापूर्ति सुविधाएं

चूंकि बीसीसीएल में आरंभ से जल के महत्व को समझा गया है इसलिए खनन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक रूप से निकाले जाने वाले जल के प्रभावी व समुचित उपयोग हेतु प्रयत्न किया गया है।

ऐसे जल को उपयोग में लाने के लिए बीसीसीएल " निर्मल नीर" योजना के अंतर्गत इसे प्राकृतिक नालों में बहने से रोकर कर जलाशयों में खदान जल भंडारण किया है।

बरोरा/ब्लॉक-2 तथा गोविंदपुर क्षेत्रके परित्यक्त खदान जल का बहुद्देशीय प्रयोग

वर्ष 2013-14 के दौरान खदानों के परित्यक्त जल के लाभकर प्रयोग हेतु 11.70 करोड़ रूपये की लागत से करीब 45 कि.मी. लंबी पाइप लाइन बरोरा/ब्लॉक-2 तथा गोविंदपुर क्षेत्रों में बिछाई गई है। इस योजना की मदद से करीब 47 मिलियन गैलन अधिशेष जल, जिसे वर्तमान में बीसीसीएल के बरोरा,ब्लॉक-2 तथा गोविंदपुर से प्राकृतिक जलमार्ग में छोड़ा जा रहा है, का भंडारण धनबाद जिले के बाघमारा ब्लॉक के बेहराकुद तथा सोनापट्टी गांव में क्रमश: 16 मिलियन गैलन तथा 31 मिलियन गैलन तथा 4.0 हेक्टेयर एवं 4.5 हैक्टेयर क्षेत्र के दो जलकुंडों में किया जा रहा है। इस परियोजना से तकरीबन 1601 परिवारों के अलावा अन्य अस्थायी आबादी भी लाभान्वित हुए है।

बीसीसीएल की इस योजना के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को उनकी कृषि जरूरतों के अनुसार सभी मौसम में लाभ मिलेगा। अभी तक वे पूरी तरह से मानसून पर निर्भर हैं। इससे क्षेत्र की सामाजिक आर्थिक स्थिति में तथा रोजगार के दूसरे व तीसरे क्षेत्र में अवसरों की उपलब्धता में भी वृद्धि होगी।

इस जल को अपेक्षित उपचार के बाद पीने के काम में भी लाया जा सकता है। बीसीसीएल द्वारा स्थानीय लोगों को स्वयं सहायता समूहों द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण मुहैया कराने के बाद इन जलकुंडों में मत्स्य पालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पश्चिमी झरिया क्षेत्र में खदान के अधिशेष जल के घरेलू/सामूहिक उपयोग हेतु योजना :

बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों के प्राकृतिक जलमार्गों में बहने वाले खदान के पानी को रोक कर इसके बहाव का रूख परिधीय गांवों के तालाबों में करने का प्रस्ताव दिया जा चुका है।

इस योजना के तहत प्राकृतिक जल मार्ग में बहने वाली पश्चिमी झरिया क्षेत्र के खदान का लगभग 2.16 मिलियन गैलन पानी को पहले ही रोक कर रखा गया है तथा पाइप लाइन द्वारा परिधीय गांवों के निम्नलिखित तालाबों में बहाव का रूख कर दिया गया है जिससे प्रचंड गर्मी में भी जल भरा रहे।

1. छतरूटांड़ गांव में कुकुरडुबा तालाब
2. महुदा गांव का सूर्यबांध तालाब
3. कुमारडीह गांव प्रेमनगर तालाब
4. कुमारडीह गांव में तुरीटोला तालाब
5. भाटडीह गांव में बेलाकोंड़ा तालाब
6. भाटडीह गांव का हजारीटोला तालाब
7. कंदरा गांव में कंदरा तालाब(दक्षिण)
8. कंदरा गांव में कंदरा तालाब(उत्तर)
9. भुंगिया गांव का तालाब
10. तरघा गांव का तालाब

आगे भी बीसीसीएल के अन्य क्षेत्रों से संबंधित इस प्रकार की योजना विचाराधीन है।

बीसीसीएल द्वारा सामुदायिक जलापूर्ति हेतु धनबाद में झारखंड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (डी डब्लू एस डी) को खदान के जल की आपूर्ति:

बीसीसीएल झरिया कोलफिल्ड्स में सोनारडीह, छातावाद, बरोरा तथा खरखरी में बड़े पैमाने पर समुदायों को जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए डी डब्लू एस डी द्वारा चलाई गई 7 जलापूर्ति योजनाओं को कच्चा जल के रूप में खदान के पानी को भी मुहैया करा रहा है।

पुटकी बलिहारी क्षेत्र में खदान जल उपचार संयंत्र

डेमांसट्रेशन योजना के तहत सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च, धनबाद के सहयोग से बीसीसीएल कुल 219 लाख रूपये की लागत से पुटकी बलिहारी क्षेत्र में खदान के पानी को उपचार करने के बाद पीने योग्य बनाने हेतु एक ट्रीटमेंट प्लांट (उपचार संयंत्र) प्रतिष्ठापित किया है। इस जल संयंत्र का निर्माण 4000 गैलन प्रति घंटा की निर्धारित क्षमता के लिए किया गया है और यह कार्यरत है।

झरिया कोलफिल्ड में खदान के जल की उपलब्धता

बीसीसीएल में मौजूदा/परित्यक्त खदनों में उपलब्ध पिट वाटर की पहचान के लिए सी एम पी डी आइ, आर आइ-2, धनबाद द्वारा किये गए विश्लेषण के आधार पर लगभग 15262 मिलियन गैलन पानी भूमिगत गुफाओं , कंदराओं तथा परिवर्धन क्षेत्रों में उपलब्ध है जिसमें करीब 11873 मिलियन गैलन पानी को गैर औद्योगिक प्रयोग हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है।

बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में खदान जल की जलापूर्ति प्रबंधन (संदर्भ एम ओ यू मद संख्या [2.4.4 ख])

बीसीसीएल के अधिकारी क्षेत्र वाले निकटवर्ती गांवों में जल की आपूर्ति

बीसीसीएल द्वारा इसके 109 परिधीय गांवों में जलापूर्ति संबंधी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के सुदूरवर्ती गांवों में जलापूर्ति के लिए प्रत्येक 3000 लीटर क्षमता वाले 60 जल टैंकर कंपनी में उपलब्ध है।

बीसीसीएल द्वारा सामुदायिक विकास/कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत परिधीय गांवों में 1063 से अधिक चापानल लगाये गए है तथा 138 कुओं की खुदाई का निर्माण कार्य पहले ही कर दिया गया है।

शैक्षिक सुविधाओं के लिए परिधीय गांवों में आधारभूत विकास

बीसीसीएल कल्याण संबंधी गतिविधियों के अंतर्गत निकटवर्ती गांवों के विद्यालयों में भवन/कमरों, हॉल, शौचालय का निर्माण करने तथा डेस्क एवं बेंच , कम्प्यूटर आदि उपलब्ध कराने जैसे आधारभूत विकास पर जोर दे रही है।

कोयला नगर में सीवरेज प्लांट (मल-व्यवस्था) के लिए निविदा जारी की गई तथा 16.04.2013 को प्राप्त हुई (संदर्भ एम ओयू मद संख्या 2.4.1.2(ख)।

खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम

खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। निकटवर्ती गांवों में खेलकूद सामग्री एवं उपकरणों को भी मुहैया कराया गया है।

लाहबेड़ा गांव का अभिग्रहण (गोद लेना)

धनबाद में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुल गांव लाहबेड़ा के चहुंमुखी विकास के लिए इसका अभिग्रहण किया गया है तथा सामुदायिक केन्द्र/मसाला चक्की केंद्र/स्वास्थ्य उपकेंद्र/प्राथमिक विद्यालय/बहुद्देशीय हॉल/सार्वजनिक शौचालय/बाल उद्यान/पीसीसी सड़क तथा नाले/सोलर स्ट्रीट लाइट इत्यादि का प्रतिष्ठापन किया गया है।

एम ओ यू पैरामीटर के तहत गांव का अभिग्रहण (संदर्भ एम ओ यू, मद सं. 2.4.4(क)

लोदना क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति आबादी वाले, बलिचिरका गांव का अभिग्रहण किया गया है। दिनांक-30.10.2013 (मद संख्या-301.4 पी के अनुसार) को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 301 वीं बैठक में विधिवत अनुमोदित निर्धारित शर्त के अनुसार इस गांव में कुल 68,51,663.18 रूपये की आकलित लागत से पुलिया/पीसीसी सड़क/नालों/सामुदायिक केंद्र/प्राथमिक विद्यालय/बहुद्देशीय हॉल/सार्वजनिक शौचालय इत्यादि का निर्माण करना है।

कौशल विकास

लोदना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नुनुडीह गांव के लिए डकरी परियोजना

डकरी परियोजना की पहचान गरीब ग्रामीणों के जीविका के अवसर को सृजित करने के लिए जीविकोपार्जन के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में की गई है। डकरी से कम समय में, कम लागत पर अधिक लाभ मिलता है। डकरी से बेहतर निर्माण माध्यम से न्यूनतम जोखिम पर अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सकता है। डकरी परियोजना की स्थापना के लिए लोदना क्षेत्र के माध्यम से नुनुडीह के ग्रामीणों (वार्ड संख्या-48) को प्रस्ताव दिया गया है। यह एक स्वयं-सहायता समूह के माध्यम से चलाया जाएगा, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। माना जा रहा है कि इस परियोजना के लिए बड़ी संख्या में विशेषज्ञों के राय की सहायता नहीं पड़ेगी तथा सफल भी होगी। नुनुडीह गांव में जलस्रोत की अपार संभावना वाला एक तालाब अवस्थित है, जिसका प्रयोग इस परियोजना के लिए किया जाएगा। इस परियोजना के लिए बीसीसीएल ने सी एस आर समिति की अनुशंसा पर सी एस आर के तहत आवश्यक वित्तीय सहयोग मुहैया कराया है। इस परियोजना के लिए रामकृष्ण मिशन रांची द्वारा स्थानीय लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है।

महिला सशक्तीकरण के लिए गतिविधियां:-

बीसीसीएलमें सेंट्रल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्युट, देहरादून के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर दिनांक- 6.2.2012 से 8.2.2012 तक पारिस्थितिकी पुनरूद्धार पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 13 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें महिला स्वंयसेवी समूह का गठन कर त्रि-स्तरीय पारिस्थितक पुररूद्धार से संबंधित कौशल प्रशिक्षण दिया।

22.3 चिकित्सा

1. स्वास्थ्य रथ (चलंत चिकित्सा वाहन)

बीसीसीएल ने अपने अधिकार क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए वर्ष 2009 में दो चलंत वाहन "स्वास्थ्य रथ" की सेवाएं शुरू की। डॉक्टरों एवं पारा मेडिकल स्टाफ से युक्त 14 ऐसे चलंत चिकित्सा वाहन चलाये जा रहे हैं जो कार्य दिवस के दौरान खनन क्षेत्रों के आसपास स्थित भिन्न भिन्न 203 गांवों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014 के दौरान 3164 शिविरों में 98242 कुल व्यक्ति इसमें लाभान्वित हुए।

2. मुस्कान (वेलनेस क्लीनिक)

धनबाद केन्द्रीय चिकित्सालय के अलावे बीसीसीएल के सभी चिकित्सालयों/क्षेत्रीय चिकित्सालयों में 14 मुस्कान क्लीनिक खोले गए है जहां रोगियों को जीवन शैली सुधारने हेतु परामर्श दिया जाता है। यहां पर रोगियों को विभिन्न आहार के पोषण मूल्य, विभिन्न रोगों के लिए आहार सूची, खुशहाल जीवन के तरीके, सुबह टहलने की महत्ता, तनाव मुक्ति के उपाय, योग की महत्ता तथा विभिन्न प्रकार के व्यायामों इत्यादि के विषय में जानकारी दी जाती है। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या– 18772 थी।

3. सरोकार (सी एस आर क्लीनिक)

बीसीसीएल ने रोगियों को मुफ्त परामर्श उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय चिकितलय (पीएच सी कल्याण भवन) तथा इसके साथ-साथ 14 क्षेत्रीय चिकित्सालयों में दिनांक 01.04.2009 से मुफ्त सी एस आर क्लीनिक की शुरूआत की है, जो सभी के लिए उपलब्ध है। ये क्लीनिक सुबह में एक/दो घंटों के लिए चलते हैं तथा कोलियरी/क्षेत्र के आसपास के लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श दिया जाता है। अप्रैल, 2013 से मार्च,2014 में लाभुकों की संख्या-63261 थी।

4. बहुजन हिताय (स्वास्थ्य शिविर)

कंपनी के रेटिंग में एक्सीलेंस के लिए एम ओ यू के अंतर्गत आने वाला पैरामीटर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कंपनी द्वारा दिया जा रहा है। अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014 के दौरान 247 शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें से 18499 लोगों को इसका लाभ मिला।

5. मिशन मितवा:

यह कार्यक्रम बीसीसीएल के ब्लॉक-2 क्षेत्र में खासकर वैसे ट्रक ड्राइवरों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए किए जाते है जो एड्स की बुराईयों से अवगत नहीं है। डॉक्टरों तथा यूनियन नेताओं का दल पिट हेड पर पहुंचते है, जहां ट्रक ड्राइवर एकत्र होते है तथा यहां पर एड्स के विषय में जानकारी देते है। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक 35 कैम्पों का आयोजन किया गया जिसमें 1309 लोग लाभान्वित हुए।

6. ज्योति अभियान:

इस योजना के तहत बीसीसीएल के विभिन्न अस्पतालों में बीसीसीएल के बाहर के लोगों के लिए नेत्र संबंधी रोग के निदान हेतु नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । इन कैंपों में आधुनिक तकनीक के द्वारा मुफ्त आइ ओ एल का प्रत्यारोपण किया गया। अक्टूबर, 2013 से जनवरी, 2014 तक 7 कैंपों में 358 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

नेत्र शिविर	अक्टूबर 13 से मार्च,14	15	507

7. महामारी नियंत्रण

क) कतरास, गोविंदपुर तथा बाघमारा क्षेत्र के नजदीकी गांव/टोला में गैस्ट्रोइंट्राइटिस/कोलरा/पीलिया महामारी फैलने पर संबंधित क्षेत्र के डॉक्टरों के दल ने दौरा कर लोगों का इलाज किया तथा 200 से अधिक मरीजों को मुफ्त दवाइयां बांटी गई।

ख) चांच विक्टोरिया के आसपास लायकडीह, ब्रह्मा तथा चांच गांवों में डेंगू की महामारी फैलने पर चांच विक्टोरिया क्षेत्र के डॉक्टरों के दल ने कॉलोनियों, गांवों का दौरा कर 125 से अधिक लोगों का इलाज किया, जो अभी तक जारी है।

8. एक जागरुक -जीवन शैली

चिकित्सा विभाग के सहयोग से बीसीसीएल के कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीवन शैली प्रबंधन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तंबाकू, शराब, धूम्रपान तथा अन्य बुरी आदतों से छुटकारा पाने के परामर्श दिये जाते हैं । ऐसे कार्यक्रम घनी आबादी वाले मुहल्लों में आयोजित किए जाते है ताकि परिवार के सभी सदस्य उसमें भाग ले सके।

9. टेलिमेडिसिन

बीसीसीएल द्वारा धनबाद के केन्द्रीय चिकित्सालय में एक टेलिमेडिसिन केंद्र खोला गया है जो दूर-संचार पर आधारित नई चिकित्सा पद्धति के शुरूआत का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस विधि के अंतर्गत किसी खास रोग या रोगी की चिकित्सा करते समय केन्द्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर दूरस्थ सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के साथ रोग के बारे में विचार-विमर्श कर सर्वोत्तम संभव चिकित्सा प्रदान कर सकते हैं। शुरू में यह विभाग आर टी आइ आइ सी एस, कोलकाता तथा मिशन अस्पताल दुर्गापुर के साथ जोड़ा गया है। आने वाले माह में कुछ और प्रसिद्ध कॉरपोरेट सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल जोड़े जाएगे। इस इकाई का उद्घाटन 28 मार्च, 2010 को सी आइ एल के अध्यक्ष द्वारा किया गया।

10. बीसीसीएल में परिवार कल्याण कैंप

बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान 27 परिवार कल्याण कैंपों का आयोजन किया गया । 27 शिविरों में 17 शिविर अक्टूबर, 13 से मार्च, 2014 के बीच लगाए गए जिसमें 640 लोग लाभान्वित हुए।

बीसीसीएल में सी एस आर गतिविधियों की समेकित रिपोर्ट (अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014 तक)

[संदर्भ एम ओ यू मद संख्या-3.4.5 परिशिष्ट XIV]

ओपी डी (बाहरी रोगी) 10,12,463 (रोगी)

इनडोर (भरती हुआ रोगी) 21,091 (रोगी)

गतिविधियां	शिविरों की संख्या	लाभुकों की संख्या
मोबाइल मेडिकल वैन(स्वास्थ्य रथ)	2698	86163
स्वास्थ्य शिविर(बहुजन हिताय)	203	16161
सी एस आर क्लीनिक (सरोकार)		52922
वेलनेस क्लीनिक (मुस्कान)		15856
एड्स जारूकता (मिशन मितवा)	35	1309
नेत्र शिविर (ज्योति अभियान)	15	507
परिवार कल्याण शिविर (ममता)	17	640

22.4 औद्योगिक संबंध

परस्पर संवाद तथा उत्पादन एवं उत्पादकता, सुरक्षा, नियोजन तथा अन्य कार्मिक संबंधी मामलों के निराकरण के लिए प्रबंधन एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक द्विपक्षीय फोरम का गठन किया गया है। पूरे वर्ष में पहले ही केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ संरचानात्मक बैठकों के लिए एक कैलेंडर जारी किया गया है, तद्नुसार निर्धारित कार्यक्रम

के अनुसार इकाई, क्षेत्र एवं कॉरपोरेट स्तर पर बैठकें आयोजित की जाती है। वर्ष 2013-14 के दौरान मुख्यालय स्तर पर सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के साथ कुल 24 संरचनात्मक बैठकें हुई थी। विवादों एवं शिकायतों के निपटान एवं समाधान के लिए प्रबंधन की ओर से पूरी कोशिश के साथ सकारात्मक पहल की गयी है। बीसीसीएल में एक ऐसी व्यवस्था की गई है जिसके तहत कंपनी के दिन-प्रतिदिन के औद्योगिक संबंध के स्थितियों को जानने के लिए बीसीसीएलके सभी क्षेत्रों से औद्योगिक संबंध रिपोर्ट प्रतिदिन सुबह प्राप्त की जाती है ताकि स्थितियों के समाधान के लिए उपयुक्त कार्रवाई की जा सके,जिसमें दिन में होने वाला उत्पादन ठप न हो।

लाभकर नियोजन के उपाय के रूप में कार्मिक श्रेणियों में कमी को पूरा करने हेतु वर्तमान कर्मचारियों का विभिन्न सांविधिक तथा गैर सांविधिक पदों में चयन किया गया था, जिसका विवरण इस प्रकार है :-

पद	संख्या
ओवरमैन	28
माइनिंग सरदार	28
डंपर ऑपरेटर	194
डोजर ऑपरेटर	13
शॉवेल ऑपरेटर	95
ड्रिल ऑपरेटर	69

कुल 178 अवार्ड का क्रियान्वयन कर दिया गया, जो मैत्रीपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बनाये रखने के साथ-साथ एक जिम्मेवार निगम के रूप में समाज की सेवा करने का शुभसंकेत है। कंपनी ने एन सी डब्लू ए के अनुच्छेद 9.3.0/9.4.0 के तहत कार्य के दौरान मारे गए तथा पूर्ण निशक्तता के मामलों में कर्मचारियों के 386 आश्रितों को अनुशंसा के आधार पर नियोजन दिया गया है।

इस प्रकार वर्ष 2013-14 दौरान बीसीसीएल में प्रबंधन एवं श्रमिकों के बीच सौहार्द की भावना का सृजन करते हुए औद्योगिक संबंध का परिदृश्य मैत्रीपूर्ण, सदभावनापूर्ण तथा शांतिपूर्ण था।

22.5 वर्ष 2013-14 में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के क्षेत्र में कंपनी की उपलब्धियां :-

क) राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।

ख) वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कॉरपोरेट स्तर) की चार तिमाही बैठकें क्रमश: 20 जून 2013, 28 अगस्त, 2013, 17 दिसम्बर, 2013 एवं 28 मार्च, 2014 में हुई ।

ग) 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 के दौरान मानव संसाधन विकास विभाग तथा बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में 36 हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गई थी, जिसमें 968 कर्मचारियों ने भाग लिया।

घ) बीसीसीएल के केंद्रीय हिंदी पुस्तकालय में 4196 से अधिक स्तरीय हिंदी पुस्तकें हैं। हिंदी पुस्तकों की खरीद प्रतिवर्ष की जाती है। वर्ष के दौरान ₹ 61829.00 की कुल 156 पुस्तकें खरीदी गई।

ङ) बीसीसीएल की अर्धवार्षिक गृह पत्रिका "कोयला भारती" के 19वें एवं 20वें अंक का प्रकाशन क्रमश: 15 अगस्त, 2013 एवं 26 जनवरी, 2014 को किया गया ।

च) 14 सितम्बर, 2013 से 30 सितम्बर, 2014 तक राजभाषा पखवारा का आयोजन किया गया। राजभाषा पखवारा के दौरान टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी एवं हिंदीतर भाषा-भाषियों के लिए अलग-अलग) का

आयोजन किया गया। केवल महिला कर्मियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अधिकारियों/ कर्मचारियों के गृहणियों के लिए हिंदी सिनेमा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में हिंदी सिने क्विज, हिंदी सिने अंताक्षरी, स्वरचित कविता एवं हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नई पीढ़ी में हिंदी के प्रति अभिरूचि जगाने के लिए स्कूली बच्चों के बीच हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

हिंदी की प्रगति में अहम योगदान देने वाले महान हिंदी साहित्यकारों को श्रद्धांजली अर्पित करना तथा पुस्तक प्रदर्शनी हिंदी पखवारा का मुख्य आकर्षण रहा।

इन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों , उनकी गृहणियों एवं उनके बच्चों ने भाग लिया। तीन सर्वोत्तम प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देने के अलावा शेष सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। राजभाषा निरीक्षण समिति की अनुशंसा पर सर्वोत्तम तीन क्षेत्रों के साथ-साथ मुख्यालय के सर्वोत्तम तीन विभागों को भी, उनके राजभाषा में बेहतर कार्यान्वयन का प्रदर्शन करने के लिए वर्ष 2013 के **"स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह स्मृति पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानों, शील्डों एवं पुरस्कारों का वितरण 30 सितम्बर, 2013 को संपन्न राजभाषा पखवारा के समापन समारोह के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर हिंदी के प्रसिद्ध विद्वान और साहित्यकार **प्रो. वी पी कुंजुमेतर** तथा क्षेत्रीय भाषा के साहित्यकार **श्री उपेन्द्र पाल 'नाहन'** को साहितय जगत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए **"बीसीसीएल कोयला भारती राजभाषा सम्मान"** से सम्मानित किया गया।

छ) वर्ष 2012-13 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट हिंदी भाषा में प्रकाशित की गई।

ज) बीसीसीएल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), धनबाद का अध्यक्ष कार्यालय है। वर्ष के दौरान, बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में दो बैठके (क्रमश:) 27 जून, 13 तथा 20 दिसम्बर,2013 को संपन्न हुई। इन बैठकों में नराकास की पत्रिका **"राजभाषा संदेश"** के तृतीय एवं चतुर्थ अंकों का भी विमोचन किया गया।

झ) बीसीसीएल के अधिकृत वेबसाइट का हिंदी अनुवाद पूरा कर लिया गया है।

राजभाषा के क्षेत्र में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की विशेष उपलब्धियां

वर्ष 2013-14 के दौरान राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न संस्थाओं द्वारा राजभाषा कार्यान्वन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों तथा कंपनी की गृह पत्रिका **"कोयला भारती"** के बेहतर प्रस्तुतीकरण के लिए दिए गए सम्मानों का विवरण:-

क्र.सं.	संस्था का नाम/पुरस्कार का विवरण	स्थान	किस लिए दिया गया
1	राष्ट्रभाषा स्वाभिमान न्यास, गाजियाबाद द्वारा आयोजित भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल को दिनांक-27.04.2013 को **"राजभाषा गौरव"** सम्मान तथा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।	नई दिल्ली	राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में बेहतरह प्रदर्शन के लिए।
2	राजभाषा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा दिनांक-26.04.13 को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल को **"राजभाषा दर्पण"** सम्मान	सोलन हिमाचल प्रदेश	कोयला भारती में बेहतर सामग्री एवं विषय वस्तु के लिए

3	दिनांक-28.5.2013 को तिरूपति में प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल को "**राजभाषा विशिष्ट सम्मान"** और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।	तिरूपति (आंध्र प्रदेश)	राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए
4	भारतीय राजभाषा विकास संस्थान, देहरादून द्वारा दिनांक-18.10.2013 को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल को विभिन्न श्रेणियों में **"राजभाषा श्री"**, "**राजभाषा कीर्ति"**, "**विशेष राजभाषा कीर्ति",** "**राजभाषा शिल्पी"**, "**विशेष राजभाषा विशिष्ट सम्मान"** तथा **"राजभाषा दीप्ति"** से सम्मानित किया गया।	मदुरै (तमिलनाडु)	कोयला भारती के उत्कृष्ट प्रकाशन एवं राजभाषा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए
5	राष्ट्रभाषा स्वाभिमान न्यास, गाजियाबाद द्वारा दिनांक-28.10.13 को अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल को **"राजभाषा गौरव सम्मान"** तथा **"राजभाषा रत्न"** से सम्मानित किया गया।	गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)	राजभाषा नीति के क्रियान्वयन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु
6	प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र, बंगलोर द्वारा दिनांक 16.11.13 को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल को **"राजभाषा विशिष्ट सम्मान"**, "**राजभाषा विशिष्ट सम्मान"** से सम्मानित किया गया।	कन्याकुमारी (तमिलनाडु)	राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के प्रचार-प्रसार से संबंधित उल्लेखनीय कार्य एवं इसके कार्यान्वयन के लिए
7	राजभाषा अकादमी, नई दिल्ली द्वारा दिनांक-09.01.2014 को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बीसीसीएल की गृह पत्रिका "कोयला भारती" को "**उत्कृष्ट पत्रिका सम्मान"** से सम्मानित किया गया।	पुरी (ओडिशा)	कोयला भारती की उत्कृष्ट सामग्री एवं विषय- वस्तु के लिए

23. सतर्कता

बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा निरोधक, दण्डात्मक कार्रवाई, निगरानी अभिज्ञान संबंधी कार्रवाई तथा अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर संक्षिप्त टिप्पणी

सतर्कता विभाग प्रबंधन का एक ऐसा अभिन्न अंग है जो नैतिकता तथा सत्यनिष्ठा का उन्नयन करते हुए संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा जनता के बीच इसकी छवि निखारने में योगदान करता है। कंपनी के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से बीसीसीएल के सतर्कता विभाग ने केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देश में भ्रष्टाचार/अनियमिताओं को रोकने की लड़ाई मे निम्नलिखित तीन रणनीतियां अपनायी हैं :-

1. **निरोधात्मक-** इसके अंतर्गत चोर दरवाजों (लूपहोलों) को बंद करने हेतु आवश्यकतानुसार तंत्र में सुधार करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करना-संस्था के अधिकारियों को शिक्षित करना एवं उन्हें परामर्श देना शामिल है।
2. **दण्डात्मक-** इसके अंतर्गत उन अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की पहल करना है जो भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं और जो अनाचरण तथा/अथवा दलाली के लिए दोषी पाये जाते हैं।

3. **निगरानी-** यह भ्रष्टाचार के अवसर को कम करने में मदद करता है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान उपर्युक्त क्षेत्रों में बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा किये गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :-

1- निरोधात्मक सतर्कता

क. औचक जांच

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान सतर्कता विभाग ने 33 औचक जांच किया। इनमें से पांच मामलों में 7 अधिकारियों एवं 10 कर्मचारियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है। औचक निरीक्षण के प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित थे :-

1. सिविल निविदा/मरम्मति कार्यों में अनियमितताएं
2. वजन घर (वे-ब्रिज)
3. वित्त विभाग
4. सी एस आर गतिविधियां
5. उपकरण मरम्मत
6. सामग्रियों की खरीद
7. डीजल वितरण इकाई
8. वाशरी

ख. गहन जांच:-

कार्यों के सी टी ई प्रकार की सघन जांच का महत्व एक प्रभावकारी गहन सतर्कता उपायों में से एक है। बीसीसीएल के सतर्कता विभाग ने छ: (06) सी टी ई प्रकार के गहन जांच किए।

ग- <u>जागरूकता लाने के लिए सतर्कता सप्ताह का आयोजन:</u>

सीवीसी के आदेशानुसार बीसीसीएल में दिनांक- 28.10.2013 से 02.11.2013 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2013 मनाया गया। कोयला भवन में 28.10.13 को सतर्कता सप्ताह का शपथग्रहण समारोह शुरू हुआ। बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक द्वारा शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा तैयार की गई सी वी सी ,सी आइ एल तथा बीसीसीएल के परिपत्रों/दिशानिर्देशों वाली पुस्तिका तथा सतर्कता गतिविधियों से संबंधित समाचार पत्र "चेतना" का विमोचन किया। सप्ताह के दौरान कंपनी मुख्यालय के साथ-साथ बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में बैनर एवं पोस्टर लगाये गये। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सुभाष भवन, ब्लॉक-2 क्षेत्र एवं ऑफिसर क्लब, बस्ताकोला में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस दौरान सतर्कतारोधी विषयों पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद, डिनोवली स्कूल,धनबाद, डी ए वी कोयला नगर तथा कार्मेल स्कूल, धनबाद में अंतर स्कूल स्लोगन लेखन, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बीसीसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच कोयला भवन में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता विषय पर कार्यशाला:

I. बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक-15.05.13 को एच आर डी में सतर्कता जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर श्री पी ई कच्छप, निदेशक(कार्मिक), श्री पी के सिन्हा, मुख्य

सतर्कता अधिकारी, बीसीसीएल, श्री डी के चन्द्राकर, महाप्रबंधक(सतर्कता) श्री एस दासगुप्ता,महाप्रबंधक(एच आर डी), कल्याण भवन मौजूद थे। इस कार्यक्रम/कार्यशाला में मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा क्षेत्र के महाप्रबंधक मौजूद थे।

II. इस कार्यशाला को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री टी के लाहिड़ी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पी के सिन्हा तथा निदेशक (कार्मिक) श्री पी ई कच्छप ने संबोधित किया। विशिष्ट वक्ताओं में श्रीमती विस्मिता तेज, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल ने "निर्णय लेने में सतर्कता का महत्व" संबंधी विषय पर व्याख्यान दिया, वहीं डॉ. प्रमोद पाठक, प्रोफेसर, आइ एस एम, धनबाद ने " सतर्कता कार्य करने के लिए मनो सामाजिक आयाम" के बारे में बताया। इस दौरान प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए भी एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया था, जिसमें श्री जे नायक, निदेशक(सीबीआइ) के सहायक महानिरीक्षक/विशेष पदाधिकारी ने पी एस यू में सतर्कता प्रबंधन में अपने अनुभवों को साझा किया।

III. बीसीसीएल के सतर्कता विभाग ने " सतर्कता जागरूकता " पर दिनांक- 23.5.13, 24.5.13 , 20.6.13 तथा 21.6.2013 को एच आर डी में चार एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। सतकर्ता विभाग से संकायों को बुलाया गया था एवं जो भागीदार थे, वे कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों/इकाईयों में पदस्थापित जूनियर एवं मध्यवर्गीय अधिकारी थे।

IV. बस्ताकोला क्षेत्र के ऑफिसर क्लब में दिनांक 29.10.13 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में श्री अमर मुदी, उप निदेशक,सीवीसी,नई दिल्ली मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर श्री मुदी ने प्रतिदिन के जीवन में सतर्कता का महत्व संबंधी विषय "सुशासन के उन्नयन में सतर्कता का सकारात्मक योगदान" (Promoting good governance-Positive Contribution of Vigilance) पर प्रकाश डाला। श्री प्रमोद पाठक ,प्रोफेसर, आइ एस एम, धनबाद ने “सुशासन में नीति-परक भूमिका एवं भ्रष्टाचार से संघर्ष” विषय पर व्याख्यान दिया। श्री पी पी सेनगुप्ता, पूर्व महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) ने बताया कि निविदा एवं उससे संबंधित प्रक्रियों को निपटान के दौरान विभिन्न विषयों को ध्यान में रखे जाएं।

V. दिनांक- 30.10.2013 को ब्लॉक-2 क्षेत्र में दूसरा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उदघाटन श्री अमर मुदी, उप निदेशक, सी वी सी,नई दिल्ली तथा श्री पी के सिंहा, मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में श्री अशोक सरकार, निदेशक(तकनीकी)परियोजना एवं योजना द्वारा किया गया। दिनांक 29.10.2013 को यानि एक दिन पूर्व संपन्न कार्यशाला में तीन विषय पर तीन सत्र थे।

VI. सत्र के समापन पर श्री पी के सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा श्री पी के मांझी, पुलिस अधीक्षक, सी बी आइ, धनबाद प्रतिभागियों से रूबरू हुए तथा विभिन्न मामलों/विषयों से संबंधित उनके सवालों /संदेहों का जवाब दिया।

VII. दिनांक 31.10.2013 को अपराह्न में श्री जे नायक, निदेशक(सीबीआइ) के सहायक महानिरीक्षक/विशेष पदाधिकारी ने बीसीसीएल के सतर्कता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अन्वेषणात्मक दक्षता को बढ़ाने तथा जटिल मामलों को सुलझाने के तरीके(टिप्स) बताये।

VIII. कंपनी के सतर्कता विभाग ने 20.02.2014को एच आर डी ,कल्याण भवन के " सिविल इंनियरिंग विभाग के अधिकारियों के लिए" सिविल कार्यों में सामान्य अनियमितताएं" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। उदघाटन संबंधी कार्यक्रम में श्री अमिताभ साहा, निदेशक(वित्त), श्री बी के पंडा, निदेशक (कार्मिक), श्री पी के

सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीसीसीएल, श्री चंद्रमौली चट्टोपध्याय,भूतपूर्व उप महाप्रबंधक (सिविल), कोल इंडिया लि., श्री डी के चन्द्राकर, महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री एम एन झा, महाप्रबंधक, एच आर डी, श्री आर एम प्रसाद, महाप्रबंधक (सिविल) तथा विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्यालय में पदस्थापित सिविल विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

IX. बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक- 21.02.2014 को एचआरडी, कल्याण भवन में सामग्री प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, विषय था-" प्रबंध व्यवस्था में होनेवाली सामान्य अनियमितताएं एवं इसके परिप्रेक्ष्य में सतर्कता"। उदघाटन समारोह में श्री अमिताभ साहा, निदेशक (वित्त), श्री अशोक सरकार, निदेशक (तक) परियोजना एवं योजना, श्री पी के सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीसीसीएल तथा श्री पी पी सेनगुप्ता, भूतपूर्व मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), सी आइ एल,श्री डी के चन्द्राकर, महाप्रबंधक(सतर्कता), श्री एम एन झा, महाप्रबंधक, (एच आर डी), श्री यू सी उप्रेती, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) तथा विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्यालय में पदस्थपित सामग्री प्रबंधन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

X. श्री आर मोहनदास, निदेशक (का.एवं औ.सं) , सी आइ एल ने सभी संवर्गों के लिए नियमित रूप से इस प्रकार के कार्यशाला का आयोजन करने की सलाह दी तथा उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभागों को कंपनी के नियमावली/दिशानिर्देशों के अनुसार काम करना चाहिए।

घ. पद्धति में सुधार

I. सभी प्रकार के सिविल कार्यों के मामले में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में निदेशक (तक)परियोजना एवं योजना द्वारा एक कार्यालय आदेश निर्गत किया गया। यदि प्राप्त की गई मुहरबंद निविदा की संख्या दो से कम है तो एकल निविदा खोले बिना निविदा की रसीद की अंतिम तिथि एक महीने के लिए बढ़ा दी जाय। निविदा बढ़ाने की सूचना सभी निविदादाताओं को भेज दी जाए जिन्होंने निविदा दस्तावेज खरीदे हैं तथा मूल निविदा आमंत्रण सूचना प्रावधान के अनुसार व्यापक प्रचार किए जाएं। यदि बढ़ायी गयी तिथि समाप्त (पूरा) हो जाने पर कोई नयी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो जो पहले एकल निविदा प्राप्त हुई है उसे खोला जाए एवं उसकी प्रक्रिया पूरे किए जाएं।

II. सतर्कता विभाग द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के आधार पर निदेशक (तक) परियोजना एवं योजना द्वारा वजन घर (वे ब्रिज) कार्य संबंधी निर्देश जारी किए गए। यह निर्णय लिया गया कि बीसीसीएल में सड़कों पर सभी वजन घरों (वे ब्रिज) को समय-समय पर मानक वजन वाले ट्रक चलाकर जांच की जाएं। यह भी निर्णय लिया गया कि वार्षिक रख-रखाव के लिए सड़कों के किनारे सभी वजन घरों को ठेका पर दिया जाएगा तथा मुख्यालय द्वारा इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। यदि वजन घर का काम किसी कारणवश ठप पड़ जाता है तो प्रति घंटा काम ठप पड़ने के आधार पर संविदा में दंड लगाने की आवश्यक शर्तों को वार्षिक रखरखाव के अंतर्गत शामिल किया जाए।

III. वजन घर (वे ब्रिज) के परिचालन एवं रख-रखाव के दिशा-निर्देश के संबंध में निदेशक (तक.) परियोजना एवं योजना द्वारा एक कार्यालय आदेश निर्गत किया गया। इसमें वजन घर के कम्प्यूटर कक्ष में लोगों का प्रवेश , इनपुट/आउटपुट डिवाइस का प्रयोग तथा रख-रखाव के लिए वर्ष में संविदा का सूत्रीकरण , यूजर आइडी की विभिन्न तरीके से जांच एवं उपाय, पासवर्ड, डिजिटाइजर (अंकरूपक) तथा वजन की जांच विवर्णित है। इसमें यह भी विवर्णित हैकि वजन घर के परिसर में अवरोधक लगे होने चाहिए तथा तौल करने संबंधी गतिविधियों के लिए सी सी टी वी कैमरा लगाए जाएं।

IV. निदेशक (तक.) परिचालन, बीसीसीएल द्वारा वैधिक माप-पद्धति विभाग (लीगल मैट्रोलॉजी डिपार्टमेंट) के निरीक्षक द्वारा सभी वजन घरों (काटा घर) को अनिवार्य रूप से सील (बंद) करने का आदेश जारी किया गया। इसमें यह भी विवार्णित है कि किसी भी प्रकार के सत्यापन/पुनर्सत्यापन की स्थिति में उसे काटा घर में हिसाब रखे जानेवाले लॉग बुक में दर्ज किए जाए।

V. महाप्रबंधक (समन्वय), बीसीसीएल द्वारा यह उल्लेख करते हुए परिपत्र जारी किया गया कि विभिन्न निदेशालय/विभाग द्वारा निर्गत किए जा रहे परिपत्र/दिशानिर्देश में सी एम डी सचिवालय से ली जाने वाली रनिंग क्रम संख्या का उल्लेख रहेगा। सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी विभाग से जारी होने वाले सभी परिपत्र/दिशानिर्देश में इस क्रम संख्या की प्रविष्टि की जाए।

VI उप महाप्रबंधक (सिविल), बीसीसीएल द्वारा निर्गत किए गए एक परिपत्र में कहा गया था कि डीएसआर 2012 को लागू करने के अनुक्रम में, दिनांक 1.9.2012 तक डी एस आर 2007 के आधार पर किसी सिविल कार्य के लिए कोई प्राक्कलन कार्य नहीं किया गया था। डी एस आर 2007 के आधार पर प्राक्कलित की गई निर्गत निविदाओं को रद्द कर दिया जाए और इन निविदाओं को पुन: जारी करने से पहले डीएसआर 2012 के आधार पर इस प्राक्कलन को पुन: तैयार किया जाए। यदि डी एस आर 2007 के आधार पर प्राक्कलित की गई भाग-II को खोल दिया गया है तो इसको सक्षम अनुमोदन हेतु इनको समुचित मूल्यांकित एवं संशोधित किया जाए।

VII. महाप्रबंधक (वि.एवं यां.) बीसीसीएल द्वारा, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग द्वारा संयंत्र एवं मशीन मरम्मति के लिए निविदा जारी करने के विषय में एक परिपत्र जारी किया गया। इसमें यह सलाह दी गई है कि निविदा मूल्य का ध्यान रखे बिना विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग से संबंधित उपकरण मरम्मति तथा अन्य कार्यों के लिए सभी निविदाओं को बीसीसीएल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाए।

VIII. निदेशक (तक.) परियोजना एवं योजना, बीसीसीएल द्वारा क्षेत्रीय/वाशरी स्तर पर क्षेत्रीय/वाशरी महाप्रबंधक के डीओपी (प्रदत्त शक्ति) के अंतर्गत आने वाली निविदा जारी करने के संबंध में एक कार्यालय आदेश जारी किया गया । वैसी निविदाएं जो क्षेत्रीय/वाशरी महाप्रबंधक के डी ओ पी से परे है, को संबंधित निदेशक/अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात मुख्यालय स्तर पर अपने विभागाध्यक्षों द्वारा जारी किया जाए। निविदा की कार्यवाही पूरी करने के पश्चात, क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा कार्य-निष्पादन कर दिया जाएगा।

IX. इंवेंटरी तथा स्क्रैप (रद्दी) प्रबंधन के संबंध में बीसीसीएल के निदेशक (तक.) परियोजना एवं योजना द्वारा एक कार्यालय आदेश निर्गत किया गया। क्षेत्र से वसूली (प्रापण) का काम तत्काल जरूरतों के लिए किया जाए न कि सूची तैयार करके । एक वर्ष से अधिक के लिए अचल सामग्रियों की सूची बनाकर उसे उक्त क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों में परिचालित करने हेतु मुख्यालय में भंडार विभाग को भेज दिया जाए। समय-समय पर भंडार की प्रत्यक्ष जांच किया जाए तथा उसकी सूचना महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) तथा महाप्रबंधक (वित्त) को सुपुर्द किया जाए। समय-समय पर सभी प्रकार के स्क्रैप के लिए सर्वे रिपोर्ट तैयार किया जाए।

X. सामग्री खरीद हेतु मांग (इंडेंट) शुरू करने से संबंधित निदेशक(तक) परियोजना एवं योजना, बीसीसीएल द्वारा एक कार्यालय आदेश जारी किया गया। मांग करने वाला यह प्रमाणित करेगा कि ओएमएमएस (O M M S) के माध्यम से सभी भंडारों में मांग की गई सामग्रियों की उपलब्धता की जांच कर ली गई है और संबंधित सामग्रियां बीसीसीएल के किसी भी भंडार (स्टोर) में उपलब्ध नहीं हैं। इस मामले में तकनीकी विभाग तथा सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा बगैर उपर्युक्त प्रमाणन के कोई भी मांग पर विचार नहीं किया जाएगा।

XI. बीसीसीएल के महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) द्वारा लोक उपक्रम विभाग में मध्यस्थों के स्थायी मशीनरी (यंत्र समूह) के जरिये सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का आपस में तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं सरकारी विभाग

के बीच व्यावसायिक विवाद के निपटान के संबंध में एक कार्यालय आदेश निर्गत किया गया है। मध्यस्थता खण्ड का क्रियान्वयन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा सरकारी विभाग में वर्तमान भविष्य के सभी कार्यादेश/ संविदाओं में किया जाए।

XII. बीसीसीएल के महाप्रबंधक (एच आर डी) द्वारा एक कार्यालय आदेश जारी किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध आरोप पत्र (चार्जशीट) लंबित है, को प्रशिक्षण के लिए बाहर न भेजा जाए।

XIII. महाप्रबंधक(का./औ.सं), बीसीसीएल द्वारा एक कार्यालय आदेश जारी किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वैसे जिन कर्मचारियों के विरूद्ध आरोप पत्र (चार्ज शीट) को अंतिम रूप देना बाकी है, को सेवानिवृत्ति से पहले पिछले दो महीने के दौरान चिकित्सा आधार पर आकस्मिक अवकाश तथा/अथवा अवकाश के अलावा कोई छुट्टी नहीं दी गई है।

XIV. बीसीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक (वाशरी) द्वारा वाशरी के उपोत्पाद के बिक्री से संबंधित एक कार्यालय आदेश जारी किया गया यह अधिसूचित किया गया कि भविष्य में ई-ऑक्सन के जरिये उपोत्पाद की बिक्री हेतु प्रस्ताव देते समय क्षेत्र के महाप्रबंधक तथा परियोजना अधिकारी निरपवाद रूप से एक अभ्युक्ति देंगे कि वाशरी में प्रस्तावित मात्रा में उपलब्ध उपोत्पाद उच्च कोटि का है। यह आदेश सतर्कता विभाग द्वारा जांच परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर निर्गत किया गया।

XV. बीसीसीएल के महाप्रबंधक (सिविल) द्वारा सिविल निविदा सूचनाओं की समान प्रकृति की परिभाषा के संबंध में एक कार्यालय आदेश जारी किया गया। टारफेल्ट सहित भवन (बिल्डिंग) के वाटरप्रूफिंग के लिए खण्ड को पूर्व में जारी किए गए समान प्रकृति के कार्य की परिभाषा में जोड़ दिया गया। IS702 के समुनुरूप छतों पर बिटुमिन फेल्ट के साथ वाटरप्रूफिंग उपचार के लिए विस्तृत विवरण को परिभाषा में जोड़ा गया है।

XVI. बीसीसीएल के निदेशक (तक.) परियोजना व योजना द्वारा कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों/परियोजनाओं तथा वाशरियों में विभिन्न कार्यों के लिए पाइपों की खरीद करने हेतु एक कार्यालय आदेश जारी किया गया। यह निर्णय लिया गया कि मरम्मत करने/बदलने के लिए सभी सामान्य पाइपलाइन के कार्य (जीआइ, एमएस तथा पीवीसी) सिर्फ विभाग द्वारा पाइपों के प्रावधान के तहत किए जाएंगे। अत: पाइप की खरीद हेतु इन्डेंट की प्रक्रिया संविदात्मक कार्यों के प्राक्कलन के साथ की जाएगी।

XVII. बीसीसीएल के निदेशक (तक.) परि. एवं यो. द्वारा क्षेत्र/वाशरी के महाप्रबंधकों के प्रदत्त शक्ति के अंतर्गत आने वाली निविदा जारी करने के संबंध में एक कार्यालय आदेश जारी किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि इस प्रकार के कार्य के लिए क्षेत्र/वाशरी स्तर पर निविदाएं जारी की जाएंगी। तथापि, निदेशक तथा उनके ऊपर के स्तर से निविदा के आवश्यक अनुमोदन के मामले में मुख्यालय स्तर के उनके विभागाध्यक्ष द्वारा निविदा जारी की जाएगी।

XVIII. बीसीसीएल के निदेशक (तक.)परि. एवं यो. द्वारा असैनिक अभियंत्रण सामग्री की जांच के लिए एक कार्यालय आदेश जारी किया गया। इससे संबंधित सभी लोगों को सलाह दी गई कि निर्माण सामग्री के नमूनों की जांच सिर्फ सरकारी प्रयोगशाला में किया जाए। सिर्फ विशिष्ट मामलों में जहां सरकारी प्रयोगशाला में जांच सुविधा उपलब्ध नहीं है, को निजी प्रयोगशाला में नमूनों को भेजा जाए ।

2. दण्डात्मक सतर्कता:

वित्तीय वर्ष 2013-14 (01.04.2013 से 31.03.2014) के दौरान, सतर्कता विभाग ने कुल 19 जांच के नियमित मामलों को दर्ज किया, जिसमें सत्यापित शिकायतों से उत्पन्न 07 मामले थे। 19 मामलों में 02 मामले अन्वेषणाधीन हैं,

21 अधिकरियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के बाद 05 मामले बंद कर दिये गये। इसमें 12 मामले की जांच पूरी हो गई है तथा 18 प्रतिष्ठानों (फर्मों) ब्लैक लिस्टेड करने की प्रक्रिया और 42 जिम्मेवार अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है

उपर्युक्त के अलावे वर्ष 2013-14 के दौरान (01.04.2013 से 31.03.2014) सीबीआइ ने कुल 05 (पांच) मामले दर्ज किया है जिसमें से 01(एक) मामले में रिश्वत की मांग करना तथा स्वीकार करने से संबंधित, 01 (एक) मामला आय से अधिक संपत्ति तथा सीबीआइ रिपोर्ट के आधार पर 02 (दो) अधिकारियों के विरूद्ध अभियोजन के लिए स्वीकृति का मामला था।

3. निगरानी जाँच :

वर्ष 2012 के दौरान एसपी, सीबीआइ के परामर्श से बीसीसीएल हेतु स्वीकार्य सूची तैयार की गई। इस अवधि के दौरान संदेहास्पद सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची भी तैयार की गई।

4. सतर्कता स्वीकृति (अनापत्ति)/ स्थितिः

बीसीसीएल के सतर्कता विभाग ने वर्ष 2013-14 (1.4.2013से 31.03.2014) के दौरान 2834 कार्मिकों(अधिकारी व कर्मचारी) से संबंधित सतर्कता स्टेटस रिपोर्ट निर्गत कर दी।

24. लेखापरीक्षा समितिः

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292 ए के अनुरूप बीसीसीएल के निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति का गठन वर्ष 2002 में किया गया। श्री पॉल जोसफ गैर-शासकीय अंशकालिक निदेशक लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष हैं।

लेखापरीक्षा समिति में निम्नलिखित सदस्य हैः-

i) श्री पॉल जोसफ, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष
ii) श्री एन. कुमार, निदेशक (तक.), कोल इंडिया लिमिटेड
iii) श्री एस. के. शाही, निदेशक, कोयला मंत्रालय,भारत सरकार
iv) श्री डी. सी. झा, निदेशक (तकनीकी), बीसीसीएल
v) श्री बी. रमेश कुमार, स्वतंत्र निदेशक
vi) डॉ. बी.बी. बीस्वाल, स्वतंत्र निदेशक
vii) श्री एस.बी. घोष दास्तीदार, स्वतंत्र निदेशक
viii) श्री पी.आर. मंडल, स्वतंत्र निदेशक

अंकेक्षण समिति के अंतर्गत विचारार्थ विषयों में इन अन्य विषयों के साथ-साथ संस्था के सभी वाणिज्यिक पहलू भी शामिल हैं :-

i) बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वित्तीय विवरण की समीक्षा।
ii) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की आवधिक समीक्षा।

iii) सरकारी अंकेक्षण तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा।

iv) अनुषंगी कंपनियों के मानक पैरामीटर शामिल करते हुए मानक पैरामीटरों की तुलना में परिचालनगत कार्य प्रदर्शन की समीक्षा।

v) अनुषंगी कंपनियों सहित परियोजना एवं अन्य पूंजी योजनाओं की समीक्षा।

vi) अनुषंगी कंपनियों सहित आंतरिक अंकेक्षण के निष्कर्ष/ टिप्पणियों की समीक्षा।

vii) अनुरूप एवं प्रभावी आंतरिक अंकेक्षण कार्य का विकास।

viii) बोर्ड द्वारा संदर्भित मामलों के साथ- साथ अन्य किसी भी मामले का विशेष अध्ययन/ अन्वेषण।

वर्ष 2013-14 के दौरान अंकेक्षण समिति की 10 बैठकें सम्पन्न हुई हैं।

25. नई वाशरियों का निर्माण व आधुनिकीकरण/नवीकरण :

- **बीसीसीएल, कोल इंडिया लि. की एक मात्र ऐसी अनुषंगी कंपनी है, जिसने निम्नलिखित तीन वाशरियों के लिए संबंधित बीओएम ऑपरेटर के साथ करार पर हस्ताक्षर किया हैः**

- **मधुबन एनएल डब्ल्यू वाशरी (5.0 मि.टन प्रति वर्ष)**
- **पाथरडीह एन एल डब्ल्यू वाशरी (5.0 मि.टन प्रति वर्ष)**
- **दहीबाड़ी एन एल डब्ल्यू वाशरी (1.6 मि.टन प्रति वर्ष)**

- **बीसीसीएल में निर्माण-परिचालन रख-रखाव अवधारणा (बीओएम) के आधार पर नई वाशरियों का निर्माणः**

- **बीओएम अवधारणा के आधार पर नई वाशरियों की सफलता की पृष्ठभूमि**

कोलकाता में माननीय कोयला मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 11-01-2007 को हुई बैठक में पिट हेड उपभोक्ताओं को छोड़कर बाकी उपभोक्ताओं को उन्नत गुणवत्ता वाला एवं निश्चित आकार के कोयले की आपूर्ति धुलाई के बाद ही करने का निर्णय लिया गया।

सीआईएल ने बीओएम अवधारणा/टर्नकी योजना के तहत अपनी विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में 20 वाशरियों की स्थापना करने का निर्णय किया था।

तदनुसार, बीसीसीएल बोर्ड ने अपनी 260 वीं बैठक में बीओएम अवधारणा के आधार पर छः वाशरियों की स्थापना के लिए वैचारिक सहमति प्रदान कर दी थी।
निमार्ण-परिचालन रख-रखाव (बीओएम) अवधारणा के आधार पर इन वाशरियों का निर्माण करना है।

नई वाशरियों के प्रस्तावित स्थान एवं कच्चा कोयला निवेश के रूप में इनकी क्षमता नीचे दी गई हैः

1.	मधुबन एन एल डब्ल्यू	5.0 मि.टन प्रतिवर्ष
2.	पाथरडीह एन एल डब्ल्यू	5.0 मि.टन प्रतिवर्ष
3.	दुग्धा एन एल डब्ल्यू	2.5 मि.टन प्रतिवर्ष
4.	दहीबाडी एन एल डब्ल्यू	1.6 मि.टन प्रतिवर्ष
5.	पाथरडीह एन एल डब्ल्यू	2.5 मि.टन प्रतिवर्ष
6.	भोजूडीह एन एल डब्ल्यू	2.0 मि.टन प्रतिवर्ष
		18.6 मिलियन टन

- **'बीओएम' अवधारणा के तहत सभी वाशरियों की स्थिति**

- **बीसीसीएल में (पूरा किये गए) 'बीओएम' अवधारणा के तहत प्रस्तावित एनएलडब्ल्यू वाशरियां**

1. 5.0 मि. टन प्रतिवर्ष क्षमता वाली मधुबन एनएलडब्ल्यू कोल वाशरी

संविदा-हस्ताक्षर की तिथि	:	**25.01.2012**
ईएमपी समाशोधन	:	**12.11.2012**

वर्ष 2013-14 की मुख्य उपलब्धियां

- जेएसपीसीबी, रांची से "स्थापना हेतु सहमति-पत्र" दिनांक 20.08.2013 को प्राप्त हो चुका है।
- भारत सरकार से श्रम कानून के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।
- प्रस्तावित स्थल के मिट्टी की जांच एवं सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- 90% से अधिक ड्राइंगों का अनुमोदन हो चुका है।
- 70% बाउंडरीवाल एवं 100% स्टोर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- साइलोस के निर्माण के लिए फाउंडेशन का काम शुरू हो चुका है।
- लगभग 80% उपकरणों के आदेश दिया जा चुका है।
- वाशरी के लिए 03 मैगनेटिक सेपरेटरों, 25 मोटरों, 03 स्क्रीनों, 10 साइक्लोन, 03 प्रेशर फिल्टरों की आपूर्ति हो चुकी है।
- दिनांक 31.03.2014 तक बीसीसीएल द्वारा ☐ 21,40,47,606.74/- की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

रैपिड लोडिंग प्रणाली की स्थापना

- धुला कोयला एवं धुला कोयला (पावर) के प्रेषण हेतु व्यवस्था करने के लिए के लिए दिनांक 21.05.2013 को निविदा खोला जा चुका है। बीसीसीएल के सीएमसी में रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए निविदा के तकनीकी भाग का मूल्यांकन हो चुका है।

रेलवे के आधारभूत संरचना का पुनरुद्धार/ मजबूतीकरण

- धुला कोयला एवं धुला कोयला (पावर) के प्रेषण हेतु रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए रेलवे के आधारभूत संरचना को विकसित करने का काम राइट्स (RITES) को सौप दिया गया है।
- राइट्स (RITES) द्वारा प्रस्तुत संभाव्यता अध्ययन को बीसीसीएल द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।
- राइट्स (RITES) ने इस विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अनुमोदन हेतु द.पू. रेलवे को प्रस्तुत कर दिया है।
- राइट्स (RITES) द्वारा प्रस्तुत ड्राफ्ट निविदा दस्तावेज बीसीसीएल में संवीक्षाधीन है।

  [संदर्भ: एमओयू मद सं. 2.3.1 (i)]
- जनवरी, 2014 में वाशरी निर्माण के प्रथम चरण का काम पूरा हो गया था।

2. <u>2.5 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की पाथरडीह एनएलडब्ल्यू कोल वाशरी</u>

ईएमपी समाशोधन	:	**25.01.2012**
संविदा-हस्ताक्षर की तिथि	:	**17.10.2012**

वर्ष 2013-14 की मुख्य उपलब्धियां

- जेएसपीसीबी, रांची से "स्थापना हेतु सहमति-पत्र" दिनांक 20.08.2013 को प्राप्त हो चुका है।
- भारत सरकार से श्रम कानून के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।
- प्रस्तावित स्थल के मिट्टी की जांच एवं सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- आधारभूत ड्राइंगों का अनुमोदन हो चुका है।
- 70% बाउंडरीवाल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- स्टोर, स्वच्छ पानी के लिए जलाशय एवं कैंटीन के बिल्डिंग का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।
- दिनांक 31.03.2014 तक बीसीसीएल द्वारा ₹ 4,76,35,411.0/- की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

रैपिड लोडिंग प्रणाली की स्थापना

- धुला कोयला एवं धुला कोयला (पावर) के प्रेषण की व्यवस्था करने के लिए सीएमपीडीआइ के क्षेत्र-।। में निविदा दस्तावेज तैयार किया जा रहा है।

रेलवे के आधारभूत संरचना का पुनरुद्धार/ मजबूतीकरण

- धुला कोयला, धुला कोयला (पावर) एवं कचरों के प्रेषण हेतु रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए रेलवे के आधारभूत संरचना को विकसित करने का काम राइट्स (RITES) को सौप दिया गया है।
- राइट्स (RITES) द्वारा कार्यस्थल का सर्वे कर लिया गया है।

[संदर्भ: एमओयू मद सं. 2.3.1 (i) (क)]

जनवरी, 2014 में वाशरी निर्माण के प्रथम चरण का काम पूरा हो गया था।

3. 1.6 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की दहीबाड़ी एनएलडब्ल्यू कोल वाशरी

ईएमपी समाशोधन	:	**06.02.2013**
संविदा-हस्ताक्षर की तिथि	:	**28.12.2013**

वर्ष 2013-14 की मुख्य उपलब्धियां

- भारत सरकार से श्रम कानून के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।
- कार्यस्थल का सर्वेक्षण हो चुका है तथा चाहरदिवारी का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

रेलवे के आधारभूत संरचना का पुनरुद्धार/ मजबूतीकरण

- धुला कोयला, धुला कोयला (पावर) एवं कचरों के प्रेषण हेतु रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए रेलवे के आधारभूत संरचना को विकसित करने का काम राइट्स (RITES) को सौप दिया गया है।
- राइट्स (RITES) द्वारा कार्यस्थल का सर्वे कर लिया गया है।
- **[संदर्भ: एमओयू मद सं. 2.3.1 (i) (v)]: दिनांक 28.12.2013 को मेसर्स एसीबी (इंडिया) लिमिटेड के साथ संविदा सम्मति पर हस्ताक्षर हो चुका है।**

➢ **बीसीसीएल में (पूरा किये जाने वाले) 'बीओएम' अवधारणा के तहत प्रस्तावित एनएलडब्ल्यू वाशरियां**

4. 2.5 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की दुग्दा एनएलडब्ल्यू कोल वाशरी

वर्ष 2013-14 की मुख्य उपलब्धियां

- दिनांक 06.01.2014 को बिड खोली गई थी।
- रेलवे के आधारभूत संरचना का पुनरुद्धार/ मजबूतीकरण
- धुला कोयला, धुला कोयला (पावर) एवं कचरों के प्रेषण हेतु रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए रेलवे के आधारभूत संरचना को विकसित करने का काम राइट्स (RITES) को सौप दिया गया है। राइट्स (RITES) द्वारा कार्यस्थल का सर्वे कर लिया गया है।

[संदर्भ: एमओयू कार्यप्रदर्शन. 2.3.1 (vi)]: दिनांक 15/24.06.2013 को नये सीरे से निविदा निर्गत कर दी गई है और आरएफक्यू भाग का निर्णय प्रक्रियाधीन है।

5. 2.5 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की पाथरडीह एनएलडब्ल्यू कोलवाशरी:

2013-14 की मुख्य उपलब्धियां

- दिनांक 15/24.06.2014 को नये सीरे से निविदा निर्गत कर दी गई है। कुछ तकनीकी कारणों से इसे निरस्त कर दिया गया था।
- दिनांक 24.01.2014 को बिड खोली गई थी।
- रेलवे के आधारभूत संरचना का पुनरुद्धार/ मजबूतीकरण
- धुला कोयला, धुला कोयला (पावर) एवं कचरों के प्रेषण हेतु रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए रेलवे के आधारभूत संरचना को विकसित करने का काम राइट्स (RITES) को सौप दिया गया है।
- राइट्स (RITES) द्वारा कार्यस्थल का सर्वे कर लिया गया है।

[संदर्भ: एमओयू कार्यप्रदर्शन. 2.3.1 (vii)]: दिनांक 09.08.2013 को नये सीरे से निविदा निर्गत कर दी गई है और (आरएफक्यू) का तकनीकी भाग का निर्णय प्रक्रियाधीन है।

6. 2.0 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की भोजूडीह एनएलडब्ल्यू कोलवाशरी

वर्ष 2012-13 की मुख्य उपलब्धियां

- दिनांक 31.08.2013 को निविदा निर्गत की गई थी, किंतु कुछ तकनीकी कारणों से इसे निरस्त कर दिया गया था।
- दिनांक **01.11.2013** को नये सिरे से निविदा निर्गत की गई है।
- दिनांक 28.02.2014 को बिड खोली गई थी।
- (आरएफक्यू) का तकनीकी भाग का निर्णय प्रक्रियाधीन है।

रेलवे के आधारभूत संरचना का पुनरुद्धार/ मजबूतीकरण:

दिनांक 26.02.2014 को धुला कोयला, धुला कोयला (पावर) एवं कचरों के प्रेषण हेतु रैपिड लोडिंग प्रणाली के लिए रेलवे के आधारभूत संरचना को विकसित करने का काम राइट्स (RITES) को सौप दिया गया है।

➢ **'टर्न-की' अवधारणा के तहत वाशरियों की स्थिति**

1. मुनीडीह में 2.5 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की कोकिंग कोल वाशरी

वर्ष 2013-14 के दौरान किये गए कार्य

सीएमपीडीआइ मुख्यालय रांची द्वारा खदानों से जुड़े स्रोत से कोयला का नमूना इकठ्ठा कर लिया गया है और उसे 18-09-2012 को सीएमपीडीआइ के प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। अब यह जांच के स्तर पर है।

2. कपुरिया में 2.5 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की कोकिंग कोल वाशरी

वर्ष 2013-14 के दौरान किये गए कार्य

स्थान के चयन का काम पूरा किया जाना है। कोयला का प्रातिनिधिक नमूना इकठ्ठा करने में कठिनाइयां हो रही हैं क्यांकि वाशरी के लिए कोयले के संभावित स्रोत हेतु चयन की गई खदान अप्रयुक्त है।

इसके अतिरिक्त, 5.5 एवं 5.8 मि0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की दो एनएलडब्ल्यू वाशरियों को सूत्रबद्ध किया जा रहा है। इन दो एनएलडब्ल्यू वाशरियों के स्थान एवं अनुबंध अध्ययन एवं निर्णयाधीन है।

26. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकीः

बीसीसीएल में पर्यावरण सुधार की दिशा में सतत एवं व्यापक रूप से प्रयास किये गए हैं। पर्यावरणीय गतिविधियों/ स्थितियों का एक सारांश निम्नलिखित है:

(क) बीसीसीएल के खदानों एवं वाशरियों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी

बीसीसीएल ने पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने के लिए कलस्टर (खदान समूह) की संकल्पना बनाई है, जिसमें कुल 103 खदानों (परित्यक्त एवं प्रस्तावित सहित) को मिलाकर 17 कलस्टर बनाया गया है। बीसीसीएल कोयला क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, इसके बाद, इआइए-इएमपी तैयार करने तथा पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने के लिए संपूर्ण कोयला उद्योग में इस कलस्टर संकल्पना को अपनाया गया है। दिसंबर, 2009 से पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने इस कलस्टर संकल्पना को अनुमोदित कर दिया है और पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने के लिए इनके सभी क्लस्टरों को इआइए-इएमपी तैयार करने की सलाह दी है।

खदानों की स्थिति: आज की तारीख तक

- बीसीसीएल ने 17 में से 15 क्लस्टरों (76.949 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अधिकतम क्षमता) के लिए मंजूरी प्राप्त कर लिया है।
- शेष 2 क्लस्टरों पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया में है।
  - ➢ पर्यावरणीय मंजूरी के लिए कलस्टर - XII (3.12 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अधिकतम क्षमता वाली प्रस्तावित कपुरिया खदान) का अंतिम इआइए/इएमपी विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC), पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पास विचाराधीन है।
  - ➢ विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC), पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा कलस्टर - XVII के टीओआर (5.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अधिकतम क्षमता वाली प्रस्तावित कल्याणेश्वरी ओसी) की अनुशंसा कर दी गई है, किंतु इसका औपचारित पत्र प्रतीक्षाधीन है।

- बीसीसीएल ने कलस्टर - IV के उत्पादन क्षमता को 3.12 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 9.55 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अधिकतम क्षमता तक करने के लिए आवेदन भी दिया है, जिसके लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा लाइन डाटा तैयार करने की छूट एवं लोक सुनवाई की छूट की अनुशंसा के साथ टीओआर (TOR) मंजूर कर लिया गया है। अंतिम इआइए/इएमपी सीएमपीडीआइ के क्षेत्र-।।, धनबाद में तैयार किया जा रहा है और इसे जल्द ही प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

बीसीसीएल की खादानों को पर्यावरण संबंधी मंजूरिया



आज की तारीख तक खदानों की स्थिति:

- कलस्टर संकल्पना के तहत 1.6, 2.08, 1.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अधिकतम क्षमता के लिए क्रमश: मूनीडीह, सुदामडीह वाशरी एवं प्रस्तावित दहीबाड़ी वाशरी की पर्यावरण संबंधि मंजूरी प्राप्त कर ली गई है।
- पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा दो प्रस्तावित कोल वाशरियों, यथा पाथरडीह एवं मधुबन एनएलडब्ल्यू कोल वाशरियों (प्रत्येक की क्षमता 5.0 मिलियन टन प्रतिवर्ष) के लिए पर्यावरण संबंधी अनुमोदन दे दी गई है। 0.63 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाली महुदा वाशरी एवं 3.65 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाली प्रस्तावित कल्याणेश्वरी वाशरी (कलस्टर—XV।। के तहत) के लिए टीओआर (ToR) अनुमोदित/ अनुशंसित हो चुका है।
- 2.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता के लिए प्रस्तावित दुग्धा वाशरी का फार्म-1 प्रस्तुत कर दिया गया है। प्रस्तावित पाथरडीह वाशरी का फार्म-1 सीएमपीडीआइ, क्षेत्र-।।, धनबाद में तैयार किया जा रहा है।

पर्यावरणीय अनुपालन:

बीसीसीएल ने पर्यावरणीय मंजूरियों से संबंधित सभी शर्तों के अनुपालन हेतु त्वरित कार्रवाई की है और इसकी रिपोर्ट नियमित रूप से नियामक प्राधिकारियों को प्रस्तुत कर रही है, जिसे मंजूरी पत्रों सहित बीसीसीएल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सीआइएमएफआर, धनबाद द्वारा पर्यावरणीय निगरानी डाटा तैयार किया जा रहा है।

निदेशक (तकनीकी) परिचालन की अध्यक्षता में खासकर पर्यावरणीय मंजूरी की शर्तों के अनुपालन तथा समग्र रूप से पर्यावरणीय प्रबंधन मॉनिटर करने के लिए एक पर्यावरणीय परामर्शी समिति का गठन किया गया है।

ख) पारिस्थितिकी पुनरूद्धार

बीसीसीएल एक बार पुन: अपने विकृत एवं उत्खनित भूमि पर पारिस्थितिकी पुनरूद्धार का काम करने के लिए कोल इंडिया कि अग्रणी कंपनी बन गयी है। पारिस्थितिकी पुनरूद्धार में त्रिस्तरीय वृक्षरोपण प्रक्रिया अपनायी जाती है, जिसमें सबसे नीचले स्तर पर देशी प्रजाति के घास, मध्यम स्तर पर छोटे पौधे एवं सबसे ऊपरी स्तर पर वृक्ष होते हैं। इसका उद्देश्य जैव-विविधता के साथ वन पारिस्थितिकी-तंत्र को प्राकृतिक रूप से स्थापित करना है।

बीसीसीएल ने जुलाई 2011 में अपने विकृत एवं उत्खनित भूमि पर पारिस्थितिकी पुनरूद्धार के लिए वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ), देहरादून के माध्यम से एक खांका तैयार किया था। इसके लिए, बीसीसीएल ने अपने 32 कर्मचारयों को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ), देहरादून में प्रशिक्षण दिलाया था।

वर्ष 2011 में वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ), देहरादून के माध्यम से 8 हे. के एक ओबी डंप पर एक आदर्श पारिस्थितिकी पुनरूद्धार की परियोजना शुरू की गई है, जो अगले 5 वर्षों तक चलेगी। ठीक उसी समय, विकृत पारिस्थितिकी प्रणाली की पर्यावरणीय प्रबंधन केंद्र (सीइएमडीइ), दिल्ली विश्वविद्यालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के प्रतिष्ठा केंद्र के परियोजना निदेशक प्रो. सी.आर.बाबू के कुशल नेतृत्व में दामोदा कोलियरी के लगभग 7 हे. ओ.बी. डंप पर एक अन्य प्रायोगित (पायलट) परियोजना शुरू की गई है। इन दोनों जगहों पर काफी बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिसकी प्रशंसा कई उच्चाधिकारियों, शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों द्वारा की गई है।

OB DUMP BEFORE ECOLOGICAL RESTORATION

OB DUMP AFTER ECOLOGICAL RESTORATION

उपर्युक्त परियोजनाओं की सफलता के बाद, बीसीसीएल ने वर्ष 2013-14 में लगभग 53.43 हे. भूमि की विभागीय स्तर पर पारिस्थितिकी पुररूद्धार करने के लिए अपने अतिरिक्त श्रम शक्ति की पहचान की है, जिसने काम करना शुरू कर दिया है और इसका प्रारंभिक कार्य समापन के कगार पर है। यह कार्य अगले पांच वर्षों तक चलेगा अर्थात वर्ष 2018-19 तक। दिनांक 12.03.2014 को संपन्न बीसीसीएल के निदेशकों की 305वीं बोर्ड बैठक में वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ), देहरादून को अगले पांच वर्षों तक तकनीकी सहायता उपलब्ध के लिए तकनीकी सलाहकार/ विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। जिसकी लागत ₹ 93.47286 लाख होगी। बीसीसीएल ने अगले 5 वर्षो में लगभग 226 हे. उत्खनित विकृत भूमि पर पारिस्थितिकी पुनरूद्धार करने की योजना बनायी है। बीसीसीएल की सभी 12 परिचालित क्षेत्रों में पारिस्थितिकी पुनरूद्धार हेतु एक समर्पित वानिकी दल को तैयार करने के उद्देश्य से, बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों से 135 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न क्षेत्रों के वीटीसी में प्रशिक्षित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, लोदना क्षेत्र में निकाले गए आग एवं पुनरूद्धारित खदान के ऊपर 'गोकुल धाम' नामक एक बहुसांस्कृतिक पार्क विकसित किया जा रहा है।

सीइएमडीइ (CEMDE) के दिशा निदेशन में, बीसीसीएल स्थानीय लोगों के साथ मिलकर झुंकुंदर में एक एकीकृत कृषि प्रणाली विकसित कर रहा है। प्रारंभिक कार्य कर लिया गया है। इनके अतिरिक्त, इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में औषधि-वाटिका भी विकसित करने का प्रस्ताव है। बीसीसीएल द्वारा ये गतिविधियां हरित क्षेत्र विकसित करने के लिए की जा रही हैं।

ग) वृक्षारोपण

वर्ष 2011-14 में, बीसीसीएल ने पारिस्थितिकी पुनरूद्धार का काम शुरू करने से पहले, राज्य के वन विभाग को विभिन्न क्षेत्रों में उत्खनन के उपरांत भरे गए 137.4 हे. भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य सौपा था, जो अब पूरा हो चुका है।

अनुमंडल वन विभाग, धनबाद द्वारा शहर के सड़कों के किनारे तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण (एवेन्यू प्लांटेशन)/ बाड़ वृक्षारोपण (गावियन प्लांटेशन) (9403 बांस का बाड़+425 ईंटें का बाड़) करने और और अगले तीन वर्षों तक इनके देखभाल करने के प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर लिया गया है।

घ) आइएसओ (ISO) प्रमाणन

अंतरराष्ट्रीय मानकों को सुनिश्चित करने तथा बेहतर कार्यप्रणाली अपनाने के लिए बीसीसीएल ने अपने खदानों एवं कर्मशालाओं के लिए आइएसओ (**ISO**) प्रमाणन प्राप्त किया है। आज की तिथि तक कंपनी ने 02 ओपेन कॉस्ट खदानों (मुराईडीह एवं ब्लॉक-।।), 01 भूमिगत खदान (मूनीडीह यूजी), 01 कर्मशाला(एक्सावेशन कर्मशाला, सिनिडीह) के लिए आइएसओ (**ISO**) 14001:2004 (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली) प्राप्त कर लिया है और एकेडब्ल्यूएमसी (AKWMC) की मिश्रित खदान के लिए अनुशंसा प्राप्त हो गई है किंतु औपचारिक प्रमाण-पत्र प्रतीक्षित है। इसके अतिरिक्त, इन ईकाइयों के लिए ISO 9001:2008 (गुण प्रबंधन प्रणाली) भी प्राप्त कर लिया गया है मूनीडीह एवं सिनिडीह कर्मशाला के लिए OHSAS 18001:2007 (ओएच (OH) एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) हो चुका है। वर्ष 2014 में, एचआरडी एवं केंद्रीय चिकित्सालय के अतिरिक्त 02 खदानों एवं 01 वाशरी के लिए आइएसओ (**ISO**) प्रमाणन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तावित है।

ड.) पर्यावरणीय जागरूकता

कंपनी के आस-पास रहने वाले लोगों तथा अन्य स्टेक होल्डरों के बीच पर्यावरण से संबंधित जागरूकता फैलाने के लिए और कंपनी की पर्यावरण अनुकूल छवि को बनाने के लिए, बीसीसीएल का पर्यावरण विभाग फेसबुक जैसे सोशल मिडिया पर मौजूद है और विभिन्न सेमिनारों एवं समारोहों में भाग लेता है। कर्मचारियों एवं उनके परिवारों तथा स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी के साथ विश्व पर्यावरण दिवस एवं वन महोत्सव का मनाया गया था। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, सीआइएल स्थापना दिवस के समारोह तथा अन्य उत्सवों के दौरान कंपनी के कार्यों को झांकियों एवं स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। कंपनी की उपलब्धियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनारों में भी प्रस्तुत किया गया था।

फरवरी, 2014 में बीसीसीएल के खदानों/ वाशरियों द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं सांविधिक अनुपालन पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें जेएसपीसीबी, रांची के सदस्य सचिव तथा सीपीसीबी के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2013-14 के दौरान कंपनी के श्रमशक्ति को शिक्षित करने के लिए मानव संसाधन विकास विभाग में कई सेमिनारों को आयोजित किया गया।

लोगों को सूचित करने के उद्देश्य से, सभी पर्यावरणीय मंजूरियों, पर्यावरणीय मंजूरियों (इसी) के अनुपालनों को बीसीसीएल के आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। इन सभी को क्षेत्रों एवं मुख्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित कर दिया गया है। बीसीसीएल के वेबसाइट पर, इसके विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों को उपलब्ध कराया गया है।

वर्ष 2012-13 के दौरान "सर्वोत्तम पर्यावरण प्रबंधन" के लिए सीआइएल के कॉरपोरेट प्रबंधन ने बीसीसीएल को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है।

च) एमओयू मापदंड: वर्ष 2013-14 के दौरान पर्यावरण से संबंधित निम्नलिखित गतिविधियों को पूरा किया गया।

i. **पारिस्थितिकी पुनरूद्धार (10 हे.) [2.3.1(viii)]** : इस वित्त वर्ष के दौरान इस गतिविधि को 10 हे. भूमि पर पूरा किया गया।

ii. **एकीकृत कृषि प्रणाली के लिए (2 हे.) [2.3.1 (ix)] भूमि की पहचान करना तथा इस विकृत भूमि को सुधार करने का काम एजेंसियों को सौपना :** सी.वी. क्षेत्र के झुकुंदर ओसीपी में एकीकृत कृषि प्रणाली के लिए 5.0 हे. उत्खनित विकृत भूमि की पहचान कर ली गई है। सीइएमडीइ, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के तकनीकी निदेशन में इसका काम प्रगति पर है। यह काम विभागीय स्तर पर किया गया है।

iii. **एमओयू का अनुमोदन (कलस्टर):** पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने वर्ष 2013- 14 के दौरान 06 कलस्टरों को अनुमोदित कर इनका पर्यावरणीय मंजूरी भी निर्गत कर दिया है।

iv. **बीसीसीएल में ऑनलाइन एयर मॉनिटरिंग (सतत) प्रणाली स्थापित करने के लिए व्यवहारिक अध्ययन:** पर्यावरण विभाग के अनुसार, बीसीसीएल ने व्यवहारिक अध्ययन कर लिया है।

छ) झरिया मास्टर प्लान:

भारत सरकार द्वारा 12 अगस्त, 2009 को झरिया कोलफिल्ड के लिए ₹ 7,112.11 करोड़ की अनुमानित निवेश के साथ बीसीसीएल के पट्टाधारित क्षेत्र में आग, भू-धसान एवं पुनर्वास की समस्या से निपटने के लिए बनाये गए मास्टर प्लान का अनुमोदन कर दिया गया है। दो वर्षों की पूर्व-कार्यान्वयन अवधि के बाद कार्यान्वयन अवधि को 10 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है।

बीसीसीएल द्वारा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन

- बीसीसीएल को अपने कर्मचारियों/ अधिकारियों के परिवारों के लिए ₹ 1068.45 करोड़ की लागत से 25,000 आवासों का निर्माण करना है। आने वाले 5-6 वर्षों में श्रमशक्ति के सेवा निवृत्ति/ कमी को देखते हुए, मास्टर प्लान के अनुसार बनाये जाने वाले 25,000 आवासों (फेज-I में वर्ष 2016 तक 12,462 एवं फेज-II में वर्ष 2021 तक 12,538 आवासों का निर्माण किया जाना है) की तुलना में, बीसीसीएल के आग/ भू-धसान से प्रभावित लोगों के लिए वर्तमान में, केवल 15,000 आवासों के निर्माण की आवश्यकता है।

- 1496 आवासों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है; 8,100 का निर्माण कार्य प्रगति पर है; 2,240 का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने वाला है (कुल 11836 आवास)। आज की तिथि तक 740 परिवारों को इन आवासों में स्थानांतरित कर दिया गया है।
- 3,164 आवासों के निर्माण हेतु भूमि चिह्नित कर ली गई है।
- लिहाजा बीसीसीएल, मास्टर प्लान के कार्यक्रम को तय समय पर अच्छी तरह से पूरा कर रहा है और कंपनी अपने कर्मचारियों/ परिवारों को अगले दो वर्षों (यथा, 2016 में फेज-I के अंत तक) में, मास्टर प्लान के निर्धारित समय पर सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वास कराने में सक्षम होगा।

जेआरडीए द्वारा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन

- जेआरडीए ने अभी तक 595 अग्नि प्रभावित स्थलों के 54159 परिवारों (2006 में किए गए सर्वे के अनुसार) में से 425 स्थलों के 54061 परिवारों का जनसांख्यिकी/ सामाजिक- आर्थिक सर्वेक्षण कर लिया है। यद्यपि, यह आंकडा बढ़ गया है और जेआरडीए द्वारा किये गए सामाजिक- आर्थिक सर्वेक्षण में भी यह स्पष्ट किया गया है। इन बढ़े हुए परिवारों का पुनर्वास करने के प्रावधान है।

- जेआरडीए को 2021 तक यानी अगले दस वर्षों में 54159 आवासों का निर्माण दो चरणों में करना है। अभी तक जेआरडीए ने केवल 10352 आवासों (फेस-I के 33333 आवासों में से) का निर्माण किया है। आज की तिथि तक जेआरडीए ने विभिन्न खतरनाक स्थानों से 1165 परिवारों को बेलगरिया के 2352 के आवासों में बसाया है।

- भूमि की गैर-उपलब्धता तथा पर्याप्त संख्या में आवासों के नहीं रहने के कारण, जेआरडीए को खतरनाक एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से बीसीसीएल के कर्मियों/ निजी लोगों को तत्काल पुनर्वास करने में कठिनाई आ रही है। वर्ष 2013 में जेआरडीए ने लिपानिया मौजा में 120.82 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है और जिला प्रधिकरण को इसका भुगतान भी कर दिया गया है, किंतु अभी तक जेआडीए द्वारा इस भूमि पर भौतिक कब्जा नहीं किया गया है। बीसीसीएल ने इसके निराकरण के रूप में, बीसीसीएल/ निजी लोगों को अस्थायी रूप से बसाने के लिए, शरणार्थी शिविरों के निर्माण हेतु गैर-अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में 41.225 एकड़ भूमि के लिए जेआरडीए को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है।

- बीसीसीएल ने पुनर्वास के उद्देश्य से जेआरडीए को 314.88 करोड़ रूपये का भुगतान किया है। जबकि उन्होंने आजतक 209 करोड़ का ही उपयोग किया है।

- वर्तमान समय में जेआडीए अंशकालिक अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है और पुनर्वास कायों को तीव्र एवं प्रभावकारी तरीके से लागू करने के लिए पूर्णकालिक अधिकारियों को नियोजित नहीं किया गया है। अत: यह बहुत जरूरी है कि जेआरडीए को इस संबंध में सशक्त एवं सक्षम बनाया जाय।

- बीसीसीएल ने बेलगरिया के बेरोजगार युवकों के कौशल विकास हेतु, आइटीआइ में प्रशिक्षण हेतु ₹ 2.5 लाख उपलब्ध कराया है। जेआरडीए ने अपने द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों में सीआइडीसी (CIDC) के प्रशिक्षित लोगों को नियोजित करने का आग्रह भी किया था। इसके लिए राज्य सरकार एवं सीआइडीसी के बीच एक सहमति ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर हुआ है।

अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से सड़क-मार्ग का परिवर्तनः

अल्पकालिक उपाय के रूप में गोधर से पुटकी के बीच एनएच- 32 के खतरनाक भाग के बदले में महुदा- तोपचांची सड़क का मरम्मत/ चौड़ीकरण करने के राइट्स (RITES) द्वारा विधिवत तैयार प्रस्ताव को सचिव, पथ निर्माण विभाग

(आरसीडी), झारखंड सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। दिनांक 18.02.2012 को बीसीसीएल ने जेआरडीए को ₹19.86 करोड़ उपलब्ध कराया है। पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) ने यह काम पूरा कर दिया है। बीसीसीएल ने एनएच- 32 के प्रभावित हिस्से से आग को निकालने के लिए, एनएच प्राधिकरण एवं जेआरडीए के साथ मिलकर काम किया है।

अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से रेल-मार्ग का परिवर्तनः

अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से रेल एवं सड़क मार्ग परिवर्तन करने हेतु सर्वे करने के लिए मास्टर प्लॉन में ₹ 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राइट्स (RITES) ने प्रभावित क्षेत्रों से रेल-मार्ग परिवर्तन संबंधि विस्तृत प्लॉन, जेआरडीए को प्रस्तुत कर दिया है। बीसीसीएल ने अपने विचारों को जेआरडीए को भेज दिया है। इस संबंध में पूर्व केंद्रीय रेलवे, हाजीपूर एवं दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता ने संक्षिप्त रिपोर्ट अपने मंतव्य के साथ रेलवे वोर्ड, नई दिल्ली को भेज दिया है। इस मामले पर अंतरमंत्री समूह द्वारा भी चर्चा की गयी है।

<u>अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से उपयोगी सेवा को हटाना ।</u>

झरिया कॉलफील्ड के डाइवर्सन से होने वाले ''उपयोगी सेवा'' से संबन्धित संभाव्यता रिपोर्ट दिनांक 30.03.2013 को मे. राइट्स (RITES) द्वारा प्रस्तुत कर दिया गया है। रिपोर्ट में उपयोगी सेवा जैसे जलापूर्ति, टेलीफोन लाइन के शिफ्टिंग के संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। बी. सी. सी. एल. ने में . राइट्स (RITES) से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। जिसे में. राइट्स (RITES) द्वारा अनुपालित किया जाना है।

अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में कमी:

झरिया कोलफील्ड में कोयला खनन की शुरूआत, तत्कालीन निजी मालिकों द्वारा 100 वर्ष पहले की गई थी। निजी मालिकों द्वारा कोयला खनन के लिए अवैज्ञानिक तरीके अपनाने के कारण, कोयला खदानों के अधिकांश क्षेत्रों में आग लग गई एवं भू-धंसान की शुरूआत हो गई, जिसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में गंभीर सामाजिक एवं पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न हो गई थी। वर्ष 1972-73 में, कोयला खदानों के राष्ट्रीकरण तथा बीसीसीएल द्वारा खदानों के अधिग्रहण के समय, खदानों में लगी आग की स्थिति बेहद गंभीर थी। उसके बाद, यह आग दिन-प्रतिदिन बढ़ते हुए 9 वर्ग किलोमीटर तक फैल गई, जैसा कि विश्व बैंक के दल द्वारा ऑंका गया है। बालू भराई, रसायनिक उपचार एवं ब्लैंकेटिंग आदि जैसे विभिन्न पद्धतियों पर ₹100 करोड़ से अधिक राशि खर्च करने के बाद भी इस आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

हालांकि, नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, इसरो, अंतरिक्ष विभाग, हैदराबाद द्वारा किए गए उपग्रही सर्वेक्षण के अनुसार, वर्ष 2008 से बीसीसीएल के वर्तमान कॉरपोरेट प्रबंधन द्वारा अपनाई गई नई रणनीतिक योजना से, पिछले पांच वर्षों में यह आग 9 वर्ग किलोमीटर से घटकर 2 वर्ग किलोमीटर हो गई है। यह कामयाबी केवल, बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अपनाई गई सफल "उत्खनन पद्धति यानी आग लगे कोयला को खोदकर बाहर निकालना" से प्राप्त हुई है। एनआरएससी (NRSC) द्वारा इस तथ्य को भी अपने रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, पिछले चार वर्षों में बीसीसीएल ने भी ₹4400 करोड़ का लाभ अर्जित कर राष्ट्रीय राजकोष में अपना योगदान दिया है। वर्ष 2013 में, झरिया कोलफील्ड के सतह पर लगी आग की रूपरेखा जानने के लिए, बीसीसीएल द्वारा नेशनल रिमाट सेंसिंग सेंटर, इसरो, अंतरिक्ष विभाग, हैदराबाद के माध्यम से, कोयला खदानों में लगी आग पर यह सर्वेक्षण/ अध्ययन कराया गया था। मार्च, 2014 में एनआरएससी द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि वर्तमान समय में

कोलफील्ड का अग्नि प्रभावित क्षेत्र, केवल 2 वर्ग किलोमीटर ही है, जिसमें ओबी डंप की आग एवं सक्रिय आग दोनों ही शामिल हैं, जिसमें से सक्रिय आग 0.9 वर्ग किलोमीटर है। एनआरएससी ने यह अनुमान अत्याधुनिक उपग्रह तकनीक के आधार पर लगाया है।

उपर्युक्त उपलब्धियों के अतिरिक्त, अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में कमी आने से झरिया कोलफील्ड से उत्सर्जित हो रहे ग्रीन हाउस गैस में भी कमी आई है, जिससे समग्र रूप से कार्बन फुट प्रिंट कम हुआ है। यह बीसीसीएल द्वारा किये जा रहे हरित अनुपालन को दर्शाता है।

इसके अलावे, एनआरएससी ने दिनांक 14-19 अप्रैल तक, भू-धंसान/ अस्थिर क्षेत्रों की जमीनी हकीकत जानने के लिए तथा जीपीआर सर्वे करने के लिए, एक अतिरिक्त फील्ड अध्ययन करने की योजना बनाई है, जो इस अध्ययन का दूसरा भाग होगा।

एनआरएससी द्वारा किया गया उपर्युक्त सर्वे, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय (MoEF) द्वारा विनिर्दिष्ट पर्यावरणीय शर्तों का भी अनुपालन करता है।

रूचि की अंतरराष्ट्रीय अभिव्यक्ति:

आग से निपटान हेतु नवीनतम तकनीक के प्रयोग पर, दिनांक 22.07.2013 को आयोजित एचपीसीसी (HPCC) की 8वीं बैठक में, विस्तृत चर्चा के बाद डीजीएमएस (DGMS) एवं सीएमपीडीआइएल (CMPDIL) के परामार्श से इओआइ (EOI) का गठन किया गया। दिनांक 18.01.2014 को बीसीसीएल की वेबसाइट पर इओआइ जारी कर दिया गया। दिनांक 14.02.2014 को हुई बैठक में किसी एजेंसी/ कंपनी ने प्री-इओआइ के लिए रिपोर्ट नहीं किया। बीसीसीएल, आग से निपटने के लिए विभिन्न अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीधे संपर्क कर रहा है। हालांकि यह इओआइ (EOI), दिनांक 28.04.2014 तक प्राप्त हो जाएगा तथा दिनांक 29.04.2014 तक खोल दिया जाएगा। यह पहल भी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय (MoEF) द्वारा विनिर्दिष्ट पर्यावरणीय शर्तों का अनुपालन करता है।

सततता विकास

एमओयू (MoU) मानदंडों के तहत सततता रिपोर्टिंग एवं प्रकटीकरण:

क. सीएसआर (CSR) एवं एसडी (SD) [2.4.3 (a)] पर वार्षिक रिपोर्ट का प्रकाशन: दिनांक 27.02.2014 को कंपनी के वेबसाइट पर सततता रिपोर्ट को अपलोड कर दिया गया था। इस रिपोर्ट का मूल्यांकन टाटा इंस्टीच्यूट ऑफ सोशल साइंस (TISS) द्वारा किया गया था।

ख. सूचना [2.4.3(b)] को अद्यतन करना: दिनांक 08.03.2014 को कंपनी की वेबसाइट पर एसडी रिपोर्ट को अपलोड कर दिया गया है।

2. **संरचना को लागू करने** [2.4.6] **की प्रभावकारिता**

क. द्वि-स्तरीय संगठनात्मक संरचना [2.4.6 (क)] का अस्तित्व: द्वि-स्तरीय संगठनात्मक ढांचे यानी, नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में बोर्ड स्तर एसडी समिति एवं उप समिति, कंपनी के विभिन्न एसडी गतिविधियों पर नजर रखने और समीक्षा करने के लिए अस्तित्व में है।

ख. बोर्ड स्तरीय एसडी समिति की आवृत्ति: दिनांक 27 जुलाई, 2013, 20 सितंबर, 2013, 5 दिसंबर, 2013 एवं 4 फरवरी, 2014 को क्रमश: चार बैठकें आयोजित की गई।

ग. नोडल स्तरीय समिति की बैठकें: वर्ष 2013 में, दिनांक 4 जुलाई, 2 सितंबर एवं 12 नवंबर को और वर्ष 2014 में, 27 जनवरी एवं 24 फरवरी को क्रमश: पांच बैठकें आयोजित की गई।

घ. समिति द्वारा लिए गए निर्णय. : इस बोर्ड स्तर की उपसमिति में एसडी गतिविधियों से संबंधित विभिन्न निर्णय लिया और समीक्षा की गई है, जिसकी संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नलिखित है:

- ❖ सामाजिक सशक्तिकरण के लिए डीएवी स्कूलों के आधारभूत संरचना का उपयोग करते हुए, बीपीएल एवं दलित परिवारों के जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने हेतु उनको मुफ्त किताबें एवं लेखन सामग्री, तथा भोजन एवं अन्य शैक्षिक सहायता प्रदान करना।
- ❖ समाज के कमजोर वर्गों के युवाओं एवं महिला सदस्यों की पहचान करना और उनके कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए डीएवी स्कूल तथा एनआईआईटी (NIIT) एव एप्टेक (Aptec) जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाना।
- ❖ अध्यक्ष महोदय ने बीपीएल एवं दलित परिवारों के जरूरतमंद बच्चों की संख्या एवं उनकी स्थिति जानकारी मांगी है, जिनकों बीसीसीएल द्वारा मुफ्त शिक्षा देने के साथ-साथ मुफ्त किताबें एवं लेखन सामग्री, तथा भोजन एवं अन्य शैक्षिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। मांगी गई यह सूचना पिछले पांच वर्षों की हो, जिसमें विभिन्न स्कूलों के उक्त छात्रों की संख्या, वर्षवार एवं क्षेत्रवार के आधार पर शामिल होनी चाहिए।
- ❖ 31 दिसंबर, 2013 को महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास हेतु एटीडीसी (ATDC) कार्यक्रम के लिए भूमि को चिह्नित करने का काम पूरा कर लिया गया है।
- ❖ बीसीसीएल के चिकित्सा सेवा प्रमुख डा. एस.सी. गुप्ता ने इस सभा को बताया कि '**बीसीसीएल स्कूल ऑफ नर्सिंग ऐंड पारामेडिकल टेक्नॉलाजी'** को स्थापित करने के प्रस्ताव को, दिनांक 18.11.2013 को बीसीसीएल के प्रकार्य निदेशकों (FDs) द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। इसमें 147 छात्रों के लिए छ: (6) पाठ्यक्रमों को शुरू किया जाएगा। इस संबंध में, दिनांक 28 फरवरी, 2014 तक तकनीकी शिक्षा परिषद, झारखंड से अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा। इस बीच अन्य औपचारिकताएं एवं आधारभूत संरचना तैयार कर ली जाएगी। अध्यक्ष महोदय ने छात्रों के दाखिले के लिए बीसीसीएल द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया, ताकि परियोजना प्रभावित लोगों (PAPs) को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके और यह पाठ्यक्रम कोई व्यावसायिक रूप न ले सके।
- ❖ सभा इस बात पर सहमत थी कि प्रस्तावित 'स्वालंबी योजना' को लागू करने के लिए, परिधीय गांवों की उन समितियों को सोसाइटी पंजीकरण कानून के तहत पंजीकृत किया जाय, इनके तहत यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि ग्रामिणों के बीच स्वरोजगार का सृजन किया जा सके। प्रथम चरण में, गरेरिया एवं मुकुंदा के गांवों की समितियों को पंजीकृत किया जाय। सीएमडी महोदय ने इस काम में तेजी लाने की सहाल दी। उन्होंने ग्रामिणों के साथ हुई बैठकों की असंपादित सीडी (CDs) तैयार करने का निदेश दिया, ताकि आगे होने वाली एसडी बैठकों में ग्रामिणों के विचारों एवं प्रतिक्रियाओं को विडियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने यह भी निदेश दिया कि इस सभा के विचारों को भी विडियों के माध्यम से ग्रमिणों के बीच प्रदर्शित किया जाय। इस तरह से होने वाले द्विपक्षीय वार्तालाप से, आपसी रिस्तों को सुधारने में मदद मिलेगी, जिससे कंपनी एवं स्टेकहोल्डरों के बीच की नकारात्मकता कम होगी।

27. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण :

कंपनी अधिनियम,1956 के अनुच्छेद 217(2एए) के अनुसार निदेशकगण घोषणा करते हैं कि :

i) वार्षिक लेखा तैयार करने में लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है।

ii) इस प्रकार की जिन लेखा नीतियों का चयन किया गया है एवं संगतपूर्ण ढंग से लागू किया गया है और जो निर्णय लिए गए हैं तथा प्राकलन बनाएं गए हैं वे उचित और न्यायसंगत हैं और जो वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की परिस्थितियों एवं उस अवधि में कंपनी की लाभ-हानि से संबंधित सही और स्पष्ट विचार प्रस्तुत करते हैं।

